नई दिल्ली
शुक्रवार, 19 अप्रैल, 2024
चैत्र मास शुक्ल पक्ष, एकादशी वर्ष : 28, अंक : 08
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 37
न्यून. 23

# हरिभूमि
दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

**दुर्गम इलाकों में खच्चरों से पहुंच रहे कर्मचारी**


डोडा। आज लोकसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान है। ईवीएम व अन्य चुनावी सामग्री के साथ अधिकारी-कर्मचारी खच्चरों पर सवार हो दुर्गम इलाके के लिए रवाना हुए हैं।

**संयुक्त राष्ट्र में रुचिरा कंबोज ने कहा**

# भारत जीडीपी रैंकिंग में 2014 के 10वें स्थान से 2024 में 5वें स्थान पर पहुंचा


*भारत स्वच्छ और अधिक ऊर्जा कुशल नीतियों और निवेशों को आगे बढ़ाने के प्रति सचेत*

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थाई प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने संयुक्त राष्ट्र महासभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों में एफडीआई ने देश को वैश्विक जीडीपी रैंकिंग में 2014 में 10वें स्थान से 2024 में 5वें स्थान पर पहुंचा दिया है।

भारत स्वच्छ और अधिक ऊर्जा कुशल नीतियों और निवेशों को आगे बढ़ाने के प्रति सचेत है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत उन नीतियों और निवेशों को आगे बढ़ाने की आवश्यकता के प्रति भी सचेत है जो स्वच्छ और अधिक ऊर्जा कुशल हैं। भारत ने 2022 में ▸▸ शेष पेज 5 पर

भारत ने 2022 में 5.8 बिलियन के परिव्यय के साथ पीएलआई योजना की घोषणा की




**एक जिम्मेदार राष्ट्र के रूप में पर्यावरणीय दायित्व के प्रति प्रतिबद्ध**

उन्होंने कहा एक जिम्मेदार राष्ट्र के रूप में, हम अपने पर्यावरणीय दायित्व के प्रति प्रतिबद्ध हैं और उन्हें बहुत गंभीरता से लेते हैं। इस संबंध में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर आधिकारिक हैंडल पर एक पोस्ट कर यूएनजीए में रुचिरा कंबोज के संबोधन का एक वीडियो भी शेयर किया गया है। इस पोस्ट में लिखा गया है कि संयुक्त राष्ट्र महासभा में, हमने स्थाई परिवहन, सुरक्षित और सस्टेनेबल लास्ट माइल डिलीवरी सुनिश्चित करने में भारत की प्रगति पर प्रकाश डाला। हमारी प्रतिबद्धता पहुंच को बढ़ाती है और हमें हरित भविष्य की ओर प्रेरित करती है।

## *2047 तक भारतीय अर्थव्यवस्था होगी 34.7 लाख करोड़ डॉलर की*

उद्योग संगठन पीएचडी चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (पीएचडीसीसीआई) ने वर्ष 2047 तक भारतीय अर्थव्यवस्था को विकसित भारत की ओर ले जाने के लिए आज 10 प्रमुख कारकों की घोषणा की जिनमें व्यापार करने में आसानी, पूंजी, बिजली, लॉजिस्टिक्स, भूमि की लागत जैसी व्यापार करने की लागत को कम करना शामिल है।पीएचडीसीसीआई ने '2047 तक विकसित भारत' का रूपरेखा पेश करते हुए कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था लगातार वैश्विक प्रतिकूलताओं के बावजूद कोविड महामारी के बाद मजबूती से आगे बढ रही है। उसने कहा कि वर्ष 2047 तक प्रति व्यक्ति आय 21000 डॉलर के साथ भारतीय अर्थव्यवस्था 34.7 लाख करोड़ डॉलर की हो जाएगी। संगठन के अध्यक्ष संजीव अग्रवाल ने कहाकि हमने 10 प्रमुख कारको की पहचान की है जो अर्थव्यवस्था को 2047 तक विकसित भारत की ओर ले जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि फैक्ट्री स्तर पर व्यापार करने में आसानी को बढ़ावा देना। पूंजी की लागत, कच्चे माल की लागत, भूमि की लागत और भूमि ▸▸ शेष पेज 5 पर

**2047 तक विकसित भारत की ओर ले जाते दिख रहे संकेत**




inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

**ईवीएम पर फैसला सुरक्षित :** करीब 5 घंटे तक चली सुनवाई में चुनाव आयोग का सुप्रीम कोर्ट में स्पष्ट जवाब

# ईवीएम न हैक हो सकती है और न ही इससे कोई छेड़छाड़ संभव

वीवीपैट को फिर से डिजाइन करने की कोई जरूरत नहीं

चुनाव आयोग ने अपने बयान में सुप्रीम कोर्ट में कहा कि अगर ईवीएम की जगह मैन्युअल गिनती की जाती है तो इसमें मानवीय भूल की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है। मौजूदा सिस्टम में मानवीय भागीदारी न्यूनतम हो गई है।

केरल के कासरगोड में मतदान के अभ्यास के दौरान 'इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन' (ईवीएम) में एक अतिरिक्त वोट दिखने के आरोप झूठे

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव 2024 के तहत पहले चरण की वोटिंग से ठीक पहले सुप्रीम कोर्ट में ईवीएम मशीन की प्रामाणिकता को लेकर सुनवाई जारी है। गुरुवार को भारतीय चुनाव आयोग ने देश के सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष यह स्पष्ट कर दिया कि ईवीएम एक स्वतंत्र मशीन है। इससे हैक या छेड़छाड़ नहीं किया जा सकता।

वीवीपैट को फिर से डिजाइन करने की कोई जरूरत नहीं है। गुरुवार को 5 घंटे तक चली सुनवाई के बाद शीर्ष कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया है। चुनाव आयोग ने अपने स्टेटमेंट में सुप्रीम कोर्ट में कहा कि अगर ईवीएम की जगह मैन्युअल गिनती की जाती है तो इसमें मानवीय भूल की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है। मौजूदा सिस्टम में मानवीय भागीदारी न्यूनतम हो गई है। निर्वाचन आयोग ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि केरल के कासरगोड में मतदान के अभ्यास के दौरान 'इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन' (ईवीएम) ▸▸ शेष पेज 5 पर

**भारत की ईवीएम स्टैंडअलोन मशीन**


ईवीएम के साथ वीवीपैट का इस्तेमाल करके डाले गए वोटों के पूरे सत्यापन के अनुरोध से जुड़ी याचिकाओं पर हियरिंग के दौरान यह भी पता चला कि यूनाइटेड किंगडम (यूरोप में) और अमेरिका में बंद की जा चुकी ईवीएम में और भारत में इस्तेमाल की जा रही इन वोटिंग मशीनों में क्या अंतर है? दरअसल, चुनाव आयोग के वकील यूरोप के देशों और अमेरिका में हटाई गई ईवीएम और भारतीय ईवीएम की तुलना कर रहे थे। विदेशी मशीनें नेटवर्क से जुड़ी होती थीं और उनके प्रभावित होने का अंदेशा था, जबकि भारत की ईवीएम स्टैंडअलोन मशीन है। वह किसी नेटवर्क से जुड़ी नहीं होती। विदेशों में ईवीएम निजी कंपनी बनाती थीं पर हिंदुस्तान में इसे पब्लिक सेक्टर कंपनी बनाती है। बाहर वाली ईवीएम में वोट की पुष्टि का सिस्टम नहीं था लेकिन भारत में वीवीपैट के जरिए इसकी पुष्टि हो जाती है।

**बोले जज:** ईसी को हर बात पर सफाई की जरूरत नहीं

जस्टिस संजीव खन्ना ने प्रशांत भूषण से कहा- आप इस तरह हर चीज पर अविश्वास नहीं जता सकते। आपकी बातों को हमने विस्तार से सुना। चुनाव आयोग के प्रयासों को भी जाना। आपको भी इसकी सराहना करनी चाहिए। ईवीएम-वीवीपैट मिलान पांच फीसदी होगा, 40 होगा, 50 होगा या कुछ और...चुनाव आयोग को हर बात पर आपको सफाई देने की जरूरत नहीं है। वे लोग काम कर रहे हैं। चुनाव आयोग के वकील मनिंदर सिंह की ओर से बताया गया कि चुनाव आयोग संवैधानिक संस्था है। वह दायित्व निभा रही है। ईवीएम से मतदान की मौजूदा व्यवस्था में कोई छेड़छाड़ संभव नहीं है। बैलेट पेपर से मतदान की मांग को सुन कर सुप्रीम कोर्ट पहले खारिज कर चुका है। इसे दोबारा उठाने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए।

***हम केरल मामले की अदालत में विस्तृत रिपोर्ट जमा करेंगे***

*वरिष्ठ उप निर्वाचन आयुक्त नीतेश कुमार व्यास ने न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की बेंच से कहा कि ये खबरें गलत हैं। हमने जिलाधिकारी से आरोपों की पड़ताल की है और यह बात सामने आई है कि ये गलत हैं। हम अदालत में विस्तृत रिपोर्ट जमा करेंगे। व्यास ने पीठ को ईवीएम की कार्यशैली के बारे में बताने के लिए अदालत में उपस्थित थे। अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने इस मुद्दे को उठाया था। याचिकाकर्ता एनजीओ 'एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स' की ओर से भूषण ने अदालत से कहा कि इस तरह की खबरें हैं कि ईवीएम 'मॉक पोल' की कवायद के दौरान एक अतिरिक्त वोट दर्शा रही थीं।*

**महा-रणः मतदान सुबह 7 बजे शुरू होगा और शाम 6 बजे खत्म होगा**

## आज 16.63 करोड़ वोटर करेंगे 1625 उम्मीदवारों के 'भाग्य का फैसला'

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने पहले चरण की वोटिंग से पहले वोटरों से मतदान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की



20-29 वर्ष आयु वर्ग के 3.51 करोड़ युवा मतदाता

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने पहले चरण की वोटिंग से पहले वोटरों से मतदान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की है। राजीव कुमार लोकतंत्र में मतदान के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि चुनाव भारत के लोकतंत्र की सबसे खूबसूरत अभिव्यक्ति हैं।

भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने मतदान के अनुभव को शांतिपूर्ण, आरामदायक और सुखद बनाने के लिए बहुत मेहनत की है। मतदान 19 अप्रैल शुक्रवार को ▸▸ शेष पेज 5 पर

**मतदान और सुरक्षा कर्मियों के लिए...**

**41 हेलीकॉप्टर, 84 विशेष ट्रेनें और लगभग 1 लाख वाहन तैनात**

मतदान और सुरक्षा कर्मियों को लाने-ले जाने के लिए 41 हेलीकॉप्टर, 84 विशेष ट्रेनें और लगभग 1 लाख वाहन तैनात किए गए हैं। मतदान प्रक्रिया को सुरक्षित करने के लिए मतदान केंद्रों पर पर्याप्त रूप से केंद्रीय बलों की तैनाती की गई है। 50 फीसदी से अधिक मतदान केंद्रों पर वेबकास्टिंग की जाएगी। सभी मतदान केंद्रों पर माइक्रो ▸▸ शेष पेज 5 पर

**चौथे चरण की अधिसूचना जारी**

**13 मई को 96 संसदीय सीटों के लिए होगा मतदान**

देश में आम चुनाव के चौथे चरण के लिए गजट अधिसूचना जारी कर दी गई है। चौथे चरण में 10 राज्यों आंध्र प्रदेश, बिहार, झारखंड, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल और जम्मू-कश्मीर की 96 लोकसभा सीटों के लिए मतदान होगा। चौथे चरण का मतदान 13 मई को सुबह 7:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक कराया जाएगा। इनमें आंध्र प्रदेश की 25, बिहार की पांच, झारखंड की चार, मध्य प्रदेश की आठ, महाराष्ट्र की 11, ओडिशा की चार, तेलंगाना की 17, उत्तर प्रदेश की 13, पश्चिम ▸▸ शेष पेज 5 पर

**खबर संक्षेप**

### मोदी के हाथों में पहुंची अनूठी कॉफी टेबल बुक

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आह्वान किया कि श्रीराम जन्मभूमि के मंदिर के लिए सदियों के बलिदान की कहानी पूरे विश्व के भारतवंशियों तक पहुंचनी चाहिए। पीएम ने यहां भारत प्रकाशन लि. के प्रबंध निदेशक अरुण गोयल एवं पांचजन्य के संपादक हितेश शंकर के हाथों एक कॉफी टेबल बुक 'सबके राम' के रूप में प्रकाशित जन्मभूमि की गाथा को ग्रहण करने के बाद उक्त उद्गार व्यक्त किए। इस पुस्तक को पढ़ने के साथ हिंदी और अंग्रेजी में सुना भी जा सकता है।



### ईरान के कब्जे वाले जहाज से लौटी भारतीय महिला

**कोचीन।** ईरान ने ओमान की खाड़ी से जब्त किए गए शिप से छोड़ी गई महिला भारतीय डेक कैडेट एन टेसा जोसेफ को भारत लौट आई है। गुरुवार को एन टेसा जोसेफ केरल के कोचीन एयरपोर्ट उतरीं। उनका यहां रीजनल पासपोर्ट अधिकारी ने स्वागत किया। जोसेफ की वतन वापसी पर विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने खुशी जताई है। उन्होंने एक्स पर लिखा, शानदार काम इंडियन एम्बेसी, खुशी है कि एन टेसा जोसेफ घर पहुंच गई हैं।



### इस साल 80 नक्सली ढेर 125 गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** छत्तीसगढ़ में इस साल अब तक 80 नक्सली मारे गए हैं और 125 से अधिक गिरफ्तार किए गए हैं, जबकि 150 ने आत्मसमर्पण किया है। अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। केंद्रीय गृह मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, 2004-14 की तुलना में 2014-23 में देश में वामपंथी उग्रवाद से संबंधित हिंसा में 52 प्रतिशत की गिरावट आई है और इस अवधि में मौतों की संख्या 69 प्रतिशत कम होकर 6,035 से 1,868 हो गई है।



**दो डिप्टी सीएम के विवादित बयानों पर बखेड़ा**

## पवार बोले-'टकाटक वोट' तो पैसा भी डीके ने कहा- मैं 'डील' करने आया

दोनों की तरफ से अभी तक कोई खंडन या सफाई नहीं


अजित पवार


डीके शिवकुमार

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

महाराष्ट्र व कर्नाटक के डिप्टी सीएम क्रमशः अजित पवार और डीके शिवकुमार ने विवादित बयान दिया है। पवार ने एक सभा में कहा कि जो फंड लगेगा मैं दूंगा, लेकिन वोट के समय बटन टका टका दबाना। अजित पवार के बयान पर बवाल मच गया है। इस बयान को लेकर शरद पवार गुट और उद्धव ठाकरे गुट ने कड़ी आपत्ति जताई है। उनके खिलाफ आचार संहिता उल्लंघन की शिकायत की गई है।

अजित ने मेडिकल फील्ड और व्यापारियों से फंड के बदले वोट की बात कही थी। पत्नी सुनेत्रा पवार के लिए चुनाव प्रचार के दौरान उनकी जुबान फिसल गई, जो उनके लिए परेशानी का सबब बन सकती है। उनका एक वीडियो सामने आया है, जिसमें वह मराठी में बोल रहे हैं। अजित की पत्नी सुनेत्रा बारामती से एनसीपी उम्मीदवार हैं। अजित पवार के गुट का एसीपी एनडीए गठबंधन का हिस्सा है।

वीडियो में अजित कहते हैं कि मैं कहना चाहूंगा..जो फंड लगेगा वो मैं दूंगा उसके लिए मैं सहयोग करूंगा, लेकिन जिस तरह में फंड दूंगा उस तरह वोट के समय मशीन में चिन्ह पर बटन दबाना टका-टका-टका-टका.. क्योंकि इससे फंड देना अच्छा लगता है.. नहीं तो बुरा लगता है। अजित पवार ने यह बयान पुणे के इंदापुर में मेडिकल फील्ड और व्यापारियों के एक समूह के बीच चुनाव प्रचार के दौरान दिया।

**डीके 'बिजनेस डील' पर फंसे**

कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार एक चुनावी सभा में विवादित बयान देकर फंस गए। उन्होंने सीधे-सीधे वोटरों से कहा कि वे बिजनेस डील के लिए आए हैं। वोट देंगे तो डील करुंगा। उनका वीडियो भाजपा के आईटी सेल ने एक्स पर पोस्ट किया है और चुनाव आयोग को भी शिकायत के साथ भेजा है।

**केंद्र सरकार लेने जा रही ये बड़ा फैसला**

## अब किराने की दुकान पर भी मिल सकेंगी 'सर्दी-जुकाम' की दवाएं



केंद्र सरकार कुछ दवाओं को ओटीसी की कैटेगरी में डालने की तैयारी कर रही है। इसके बाद इन दवाओं को बिना प्रिस्क्रिप्शन के भी बेचा जा सकेगा

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

केंद्र सरकार जल्द ही एक बड़ा फैसला लेने जा रही है। सर्दी, जुकाम और बुखार में इस्तेमाल होने वाली दवाओं को किराना की दुकानों पर भी बिक्री के लिए मुहैया कराने की तैयारी की जा रही है।

केंद्र सरकार ओटीसी यानी ओवर द काउंटर दवाओं की लिए एक नीति लाने की तैयारी कर रही है। इसके लिए एक समिति बनाई गई जो इस पर विचार कर रही है। ओवर द काउंटर उन दवाओं को कहा जाता है जिन्हें बिना डॉक्टर के प्रिस्क्रिप्शन के बेचा जा सके। अमेरिका, ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों में यह नीति पहले से ही लागू है। अब इसे ▸▸ शेष पेज 5 पर

**भारत में बेचे जाने वाले बेबी फूड में चीनी मिलाने को लेकर जांच के घेरे में नेस्ले**

## नेस्ले कंपनी के बेबी फूड के सैंपलों की होगी 'जांच'

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

दुनिया की सबसे बड़ी उपभोक्ता उत्पाद कंपनी नेस्ले भारत में बेचे जाने वाले बेबी फूड में चीनी मिलाने को लेकर अब जांच के घेरे में आ गई है। ज्यूरिख स्थित पब्लिक आई एंड इंटरनेशनल बेबी फूड एक्शन नेटवर्क की रिपोर्ट में नेस्ले इंडिया पर बच्चों के दूध और सेरेलक में चीनी मिलाने की बात सामने आई है। इस रिपोर्ट के आधार पर जांच की बात कही गई है, लेकिन इसकी आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। वहीं दूसरी ओर जो लोग प्रोसेस्ड फूड के नाम पर अपने नवजात को हेल्दी फूड खिला रहे हैं, उनके लिए यह चिंता की वजह हो सकता है। हालांकि, नेस्ले ने इस पर सफाई देते हुए कहा है कि वो भारत में सभी नियमों का पालन कर रही है। ▸▸ शेष पेज 5 पर




**भारत के अलावा अफ्रीका और दक्षिण अमेरिका के देशों में भी यह मामले**

आधिकारिक सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि नेस्ले से जुड़ी हालिया रिपोर्ट का संज्ञान लिया गया है। कंज्यूमर प्रोटेक्शन एक्ट के तहत नेस्ले कंपनी के बेबी फूड के सैंपल की जांच की जाएगी। दरअसल, एक रिपोर्ट में इस बात का खुलासा हुआ कि नेस्ले कई देशों में बच्चों के दूध और सेरेलक प्रोडक्ट्स में ▸▸ शेष पेज 5 पर

**सात साल के संघर्ष के बाद पृथ्वीपुर, जिला निवाड़ी की रितु यादव को मिली यूपीएससी में सफलता**

## गांव छोड़ा तो पिता चल बसे, बड़ी बहनों ने 'पार्ट टाइम जॉब' करके पढ़ाया, खुद भी मैंने ट्यूशन पढ़ाए, जिद थी और जिद के आगे जीत थी




मेरे परिवार ने मुझे हताश नहीं होने दिया और मुझे आगे मेहनत करते रहने के लिए मोटिवेट किया

मधुरिमा राजपाल ▸▸ भोपाल

एक छोटे से गांव, पृथ्वीपुर, जिला निवाड़ी की रितु यादव (28), यूपीएससी में 470 रैंक। एक ऐसी कहानी की प्रतीक जो मेहनत, आत्मविश्वास और परिश्रम का उत्तम उदाहरण। रितु ने जीवन के हर एक कदम पर मुश्किलों का सामना किया और आखिरकार सात साल के कठिन संघर्ष के बाद आईपीएस के रुप में अपना मुकाम हासिल किया। 'हरिभूमि' से बातचीत में रितु ने कहा कि हमारे गांव में पढ़ाई ▸▸ शेष पेज 5 पर

अलग खबर




**एक बहन आर्मी में मेजर और दूसरी एमएनसी में**

रितु ने बताया कि आज मेरी दोनों बहनें भी अच्छे स्थानों पर हैं एक बहन एमएनसी में कार्यरत हैऔर दूसरी आर्मी में मैजर है। भाई भी प्राइवेट संस्थान में उच्च स्थान पर है। उन्होंने कहा कि देखने में यह मेरी सफलता लगती है लेकिन मेरी इस सफलता ▸▸ शेष पेज 5 पर

***पहले दो प्रयास मुझे सिलेबस को समझने में लगे***

*रितु कहती हैं कि मैं कॉमर्स बैकग्राउंड से हूं, ऐसे में मैंने बीएसएसएस से अपना ग्रेजुएशन किया, लेकिन मेरी इच्छा सिविल सर्विसेस में जाने की थी, फिर मैं सिविल सर्विसेस की प्रिपरेशन करने लगी। पहले दो अटैम्प मुझे सिलेबस को समझने में लगा, क्योंकि मैंने कोई कोचिंग नहीं ली थी। इसके बाद प्रिलिम्स में मैथ्स के पोरशन की वजह से दो बार सिलेक्शन नहीं हुआ, ऐसे में मेरे* ▸▸ शेष पेज 5 पर

# अदालत ने बृजभूषण सिंह के खिलाफ आरोप तय करने पर आदेश किया स्थगित

## मामले पर अगली सुनवाई के लिए 26 अप्रैल की तारीख तय

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली की एक अदालत भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ छह महिला पहलवानों द्वारा दर्ज कराए गए यौन उत्पीड़न के मामले में उनके खिलाफ आरोप तय करने को लेकर 26 अप्रैल को अपना फैसला सुना सकती है।

अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट (एसीएमएम) प्रियंका राजपूत ने मामले पर सुनवाई स्थगित कर दी है। सिंह ने मामले में जांच का अनुरोध करते हुए अदालत में एक याचिका दायर की है। अदालत को आज इस मामले में आदेश पारित करना था। सिंह ने अपनी याचिका में आरोपों पर जवाब देने के लिए वक्त दिए जाने तथा और जांच करने का अनुरोध करते हुए कहा कि वे उस घटना की तारीख पर भारत में नहीं थे जिसे लेकर एक शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि उस दिन उसका डब्ल्यूएफआई के कार्यालय में यौन उत्पीड़न किया गया था। सिंह के वकील ने दावा किया कि दिल्ली पुलिस ने शिकायतकर्ता के साथ आए कोच के कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर) पर भरोसा किया था और कहा था कि वे सात सितंबर 2022 को डब्ल्यूएफआई गए थे जहां लड़की का कथित तौर पर यौन उत्पीड़न किया गया। वकील ने दावा किया कि हालांकि, पुलिस ने सीडीआर को रिकॉर्ड में नहीं रखा। उन्होंने यह भी दावा किया कि सिंह इस कथित अपराध के दिन देश में नहीं थे। उन्होंने दलील दी कि मैं (सिंह) दिल्ली पुलिस को मामले की जांच करने का निर्देश देने का अनुरोध कर रहा हूं। जिस तारीख को कथित अपराध हुआ, वह स्पष्ट नहीं है। अगर जिस अपराध का आरोप लगाया है, उस वक्त मैं वहां मौजूद ही नहीं था तो मेरे अन्यत्र होने की दलील दी जाएगी। लोक अभियोजक ने याचिका का विरोध करते हुए कहा कि यह बचाव पक्ष द्वारा मुकदमे में विलंब करने का हथकंडा है। न्यायाधीश ने आदेश सुरक्षित रख लिया और मामले पर अगली सुनवाई के लिए 26 अप्रैल की तारीख तय की। दिल्ली पुलिस ने छह बार के सांसद सिंह के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 354 (किसी महिला का शील भंग करने के इरादे से उस पर हमला या आपराधिक बल प्रयोग), 354ए (यौन उत्पीड़न), 354डी (पीछा करना) और 506 (आपराधिक धमकी) के तहत 15 जून को मामले में आरोपपत्र दाखिल किया था। पुलिस ने इस मामले में डब्ल्यूएफआई के निलंबित सहायक सचिव विनोद तोमर पर भी आरोप लगाए थे।



## हाईकोर्ट ने हत्या के दो दोषियों को दो दशक से अधिक समय बाद बरी किया

**एजेंसी. नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने करीब 27 साल पहले कथित हत्या के एक मामले में दो लोगों को सुनाई गई उम्रकैद की सजा को रद्द कर दिया और उन्हें सभी आरोपों से बरी कर दिया। अदालत ने कहा कि उन्हें केवल इस आधार पर दोषी नहीं ठहराया जा सकता कि वे आखिरी बार उस शख्स के साथ देखे गए थे जिसकी हत्या कर दी गई थी। न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैत की अध्यक्षता वाली पीठ ने अक्टूबर 2001 के निचली अदालत के फैसले के खिलाफ अपीलों पर फैसला सुनाते हुए कहा कि चूंकि वे मृतक के साथ काम करते थे, इसलिए उनका साथ होना असामान्य नहीं हो सकता और गवाहों के बयान में विश्वास नहीं झलकता। पीठ में न्यायमूर्ति मनोज जैन भी शामिल थे। उन्होंने कहा कि चूंकि आरोपी और मृतक एक साथ काम कर रहे थे, इसलिए 'अंतिम बार देखा गया' के सिद्धांत को अभियोजन के मामले को संपूर्णता में ध्यान में रखते हुए और पूर्ववर्ती और बाद की परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए लागू किया जाना चाहिए। अदालत ने 16 अप्रैल के अपने फैसले में कहा कि हमारी राय है कि आरोपियों को केवल इस आधार पर दोषी ठहराना सही नहीं होगा कि वह आखिरी बार साथ में दिखे थे और यह बात भी संदेह से परे साबित नहीं हुई है। मृतक का शव जुलाई 1997 में रेलवे की पटरी पर मिला था और कुछ दिन बाद अपीलकर्ताओं की गिरफ्तारी हुई। अभियोजन पक्ष ने आरोप लगाया कि व्यक्ति की हत्या इसलिए कर दी गई क्योंकि उसे एक अपीलकर्ता के एक महिला के साथ 'अवैध संबंध' के बारे में पता चल गया था। हाईकोर्ट ने 2003 और 2004 में दोनों अपीलकर्ताओं की उम्रकैद की सजा निलंबित कर दी थी। दोनों प्रवासी मजदूर थे जो निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन के पास झुग्गियों में रहते थे।



### खबर संक्षेप

### ग्रेटर नोएडा में 100 करोड़ का मादक पदार्थ जब्त, चार नाइजीरियाई दबोचे



**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में किराये के एक मकान से 25 किलोग्राम मादक पदार्थ 'मेथिलीन डाइऑक्सीफेनथाइलामाइन' (एमडीएमए) बरामद किये जाने के बाद चार नाइजीरियाई नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि जब्त किए गए एमडीएमए की कीमत काला बाजार में 100 करोड़ रुपये से ज्यादा है। इसे एक्टेसी या मॉली के नाम से भी जाना जाता है। उन्होंने बताया कि ग्रेटर नोएडा में किराये के एक मकाने में अत्याधुनिक उपकरणों की मदद से एमडीएमए का उत्पादन करते हुए पकड़े जाने के बाद बुधवार रात को चार नाइजीरियाई नागरिकों को हिरासत में ले लिया गया। ग्रेटर नोएडा में 2023 से इस तरह का यह तीसरा मामला है, जब विदेशी नागरिकों को उनके किराये के मकानों में मादक पदार्थों का उत्पादन करते हुए पकड़ा गया है।

### सोशल मीडिया के जरिये दोस्ती कर छात्रा के साथ बलात्कार की कोशिश

**नई दिल्ली/नोएडा।** नोएडा में सोशल मीडिया के जरिए दोस्ती कर एक छात्रा के साथ कथित रूप से बलात्कार की कोशिश करने के सिलसिले में पुलिस ने मामला दर्ज किया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। नॉलेज पार्क थाने के प्रभारी विपिन कुमार ने बताया कि बीती रात को एक एक छात्रा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि सालभर पहले सोशल मीडिया के माध्यम से उसकी अलीगढ़ के मोहम्मद अमानुल्लाह फारुकी से दोस्ती हुई थी तथा फारूकी ने बहला-फुसलाकर उससे उसके निर्वस्त्र फोटो और वीडियो मांग लिये। थाना प्रभारी के मुताबिक आरोपी ने बाद में उसे ब्लैकमेल करते हुए मिलने के लिए एक होटल में बुलाया जहां उसने उसके साथ शारीरिक संबंध बनाने की कोशिश की। लेकिन छात्रा किसी तरह यहां से बच निकली।

## वक्फ बोर्ड केस में 9 घंटे तक पूछताछ की

# आप विधायक अमानतुल्ला को ईडी ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक अमानतुल्ला खान को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार की रात गिरफ्तार कर लिया। इससे पहले अमानतुल्ला से 9 घंटे पूछताछ हुई। अमानतुल्ला खान पर आरोप है कि दिल्ली वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष के रूप में उन्होंने 32 लोगों को अवैध रूप से भर्ती किया। इसके साथ ही उन्होंने अवैध रूप से दिल्ली वक्फ बोर्ड की कई संपत्तियों को किराए पर दिया। आप विधायक पर ये भी आरोप है कि उन्होंने दिल्ली वक्फ बोर्ड के फंड का गलत इस्तेमाल किया। दिल्ली वक्फ बोर्ड के तत्कालीन सीईओ ने इस तरह की अवैध भर्ती को लेकर बयान दिया था। जांच के दौरान अमानतुल्ला के करीबियों के ठिकानों से कैश बरामद हुआ था। अमानतुल्ला के करीबियों के घर पर रेड के दौरान एक डायरी भी मिली थी, जिसमें अमानतुल्ला का देश-विदेश में करोड़ों रुपए के लेन-देन का जिक्र भी था।दिल्ली वफ्फ बोर्ड मामले से जुड़े भ्रष्टाचार मामले में ईडी ने 12 नवंबर को 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तार आरोपियों के नाम जिशान हैदर, जावेद इमाम, दाऊद नसीर हैं। ये सभी आप विधायक अमानतुल्ला खान के करीबी बताए गए थे। इस मामले में एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने सितंबर 2022 में अमानतुल्ला से पूछताछ की थी। इसी आधार पर एसीबी ने चार जगहों पर छापेमारी की थी और करीब 24 लाख रुपए कैश बरामद किए गए। इसके अलावा दो अवैध और बिना लाइसेंस की पिस्टल मिली थीं। कारतूस और गोला-बारूद भी बरामद किया था। बाद में अमानतुल्ला को गिरफ्तार किया गया था। बाद में उन्हें उन्हें 28 दिसंबर 2022 को जमानत पर रिहा कर दिया गया। गिरफ्तारी के बाद अमानतउल्ला ने वीडियो जारी किया। उन्होंने कहा, "मैं ओखला के लोगों से कहना चाहता हूं कि तकरीबन डेढ़-दो साल से केंद्र सरकार की सारी एजेंसियां मेरी पीछे पड़ी हुई हैं, बहुत परेशान किया है। उनकी कोशिश रही है कि मैं किसी भी तरह से इस्तीफा दे दूं, अरविंद केजरीवाल को छोड़ दूं और उनके खिलाफ गवाही दे दूं, लेकिन मैंने ऐसा नहीं किया। तो आज इन्होंने मुझे गिरफ्तार कर लिया।' अपने 2.20 मिनट के वीडियो में अमानतउल्ला ने आगे कहा कि आपसे (जनता) से वादा करता हूं कि ओखला के लिए पहले की तरह काम करता रहूंगा। मैं जेल में रहकर अरविंद केजरीवाल से मिलूंगा और सारे काम को पूरा कराऊंगा। खान ने आगे कहा है कि एजेंसी मुझे जेल में कितना भी रखे, कितना भी टॉर्चर करे, न तो मैं झुकूंगा और न छोड़कर जाऊंगा। मेरे खून में गद्दारी नहीं है। मैं अरविंद केजरीवाल के साथ कल भी था और आज भी हूं। दिल्ली वक्फ बोर्ड पर अमानतउल्लाह ने कहा कि मैंने वक्फ बोर्ड में रहते हुए काम किए। पहले कोई रेवेन्यू भी नहीं देने आता था। आज इन लोगों ने (बीजेपी) ने सब बर्बाद कर दिया।




# हवाई अड्डे पर 1.21 करोड़ रुपये के सोने की तस्करी में दो गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सीमा शुल्क अधिकारियों ने 1.21 करोड़ रुपये मूल्य का सोना तस्करी करने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। एक आधिकारिक बयान में बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी गयी। बयान के मुताबिक, जेद्दा से आये आरोपियों को अलग-अलग मामलों में गिरफ्तार किया गया। बयान में बताया गया कि मंगलवार को यहां पहुंचने पर एक व्यक्ति को पकड़ा गया था। सीमा शुल्क विभाग ने बयान में बताया कि यात्री और उसके सामान की तलाशी के दौरान रबर जैसी चीज में लिपटे पीले रंग के रासायनिक पेस्ट वाले तीन अंडाकार कैप्सूल बरामद किए गए, जिनमें सोना होने का संदेह था। यात्री ने अपने निजी अंग में इन्हें छुपाया हुआ था। बयान के मुताबिक, कैप्सूल को बाहर निकालने के बाद यात्री के पास से एक असमान आकार की सोने की ईंट बरामद की गई, जिसका वजन 917.3 ग्राम था। इस ईंट का मूल्य 59.81 लाख रुपये है। बयान में बताया गया कि दूसरे मामले में सोमवार को जेद्दा से आये एक अन्य यात्री को रोका गया। एक अन्य बयान के मुताबिक, व्यक्ति पर विदेशी मूल का सोना होने का संदेह था, जिस कारण उसे सीमा शुल्क अधिकारियों ने रोक लिया। बयान के मुताबिक, "यात्री और उसके सामान की तलाशी के दौरान उसके शरीर से तीन अंडाकार आकार के कैप्सूल बरामद किए गए, जिनमें रासायनिक पेस्ट के रूप में सोना होने का संदेह था। बरामद किये गये सोने का वजन लगभग 981.34 ग्राम है। बयान में बताया गया कि दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया और लगभग 1.89 किलोग्राम वजन का सोना जब्त कर लिया गया, जिसका मूल्य लगभग 1.21 करोड़ रुपये है।



### शाहीन बागः फर्नीचर के गोदाम में लगी आग

**नई दिल्ली।** दक्षिण पूर्वी दिल्ली के शाहीन बाग इलाके में फर्नीचर के एक गोदाम में आग लग गई। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के अधिकारियों ने बताया कि बुधवार रात को गोदाम में आग लगी थी। हालांकि, इसमें किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। डीएफएस के अधिकारी ने बताया कि बुधवार रात 10:30 बजे गोदाम में आग लगने के बारे में सूचना मिली थी, जिसके बाद दमकल की 17 गाड़ियों को घटनास्थल भेजा गया। दो घंटे के भीतर आग पर काबू पा लिया गया। उन्होंने बताया कि गोदाम एक खुले इलाके में था, लेकिन आग लगने से फर्नीचर और कई टेंट जलकर खाक हो गए हैं।

### समयपुर बादली और जहांगीरपुरी के बीच मेट्रो की आवाजाही चार महीने तक एक ही लाइन पर होगी

**नई दिल्ली।** दिल्ली मेट्रो रेल निगम के चरण चार के तहत बन रही मजेंटा लाइन के निर्माण कार्य के चलते येलो लाइन पर मेट्रो परिचालन में कुछ चुनिंदा स्टेशनों के बीच परिचालन में बदलाव किया है। डीएमआरसी के अनुसार मजेंटा लाइन के निर्माण कार्य की वजह से येलो लाइन पर समयपुर बादली और जहांगीरपुरी मेट्रो स्टेशनों के बीच ट्रेनों की आवाजाही में परिवर्तन किया गया है। डीएमआरसी ने जानकारी देते हुए बताया कि गुरुवार 18 अप्रैल 2024 से येलो लाइन अंतर्गत समयपुर बादली और जहांगीरपुरी मेट्रो स्टेशनों के बीच रात 10 बजे से अगली सुबह राजस्व सेवाओं की शुरुआत के दौरान प्रातः 7 बजे तक एकल लाइन पर ही परिचालन किया जाएगा। यह नियंत्रित बदलाव आज से अगले 4 महीने तक ऐसे ही लागू रहेगा।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

(धारा 82 सीआरपीसी)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त आरोपी **सतीश**, पुत्र राम शरण शर्मा, निवासी जे–2/24, बुद्ध विहार, फेज–1, दिल्ली, ने **एफआईआर क्रमांक 336/2016, धारा 279/338 आईपीसी और 146/196 एमवी एक्ट, पुलिस थाना विजय विहार, दिल्ली**, के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सतीश**, मिल नहीं रहा और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है की उक्त अभियुक्त **सतीश**, फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है की उक्त अभियुक्त **सतीश**, केस **एफआईआर क्रमांक 336/2016, धारा 279/338 आईपीसी और 146/196 एमवी एक्ट, पुलिस थाना विजय विहार, दिल्ली**, से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **20.05.2024** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
**नवदीप गुप्ता,**
महानगर दण्डाधिकारी,
कोर्ट नं. 109,
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

**DP/4544/RD/2024**
**(Court Matter)**

# अर्धनग्न महिला के बस में यात्रा करने का वीडियो हो रहा वायरल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली मेट्रो के बाद अब क्लस्टर बस में एक महिला द्वारा अर्धनग्न (बिकनी) पहन के सफर करने के वायरल वीडियो ने सोशल मीडिया पर गर्मागर्म बहस छेड़ रखी है। मामला कब का और किसी रूट का है इसकी पुष्टि अभी नहीं की जा सकती। इस मामले पर डीटीसी की तरफ से सफाई भी दी गई है। ताजा वायरल वीडियो के एक हिस्से में दिखाया गया है कि एक महिला अर्धनग्न हालत में सड़क के बीच खड़ी होकर वहां से गुजरने वाली क्लस्टर बस को रोकने के लिए धमकी दे रही है। जबकि दूसरी वायरल वीडियो में दिखाई दे रहा है कि वही अर्धनग्न महिला बस में चढ़ती है, जिसको देखते ही अगली सीट पर बैठा संवाहक अपनी सीट छोड़कर चालक की तरफ जाता दिखाई दे रहा है। जबकि पास खड़ी एक अधेड़ महिला उस अर्धनग्न महिला को देखकर वहां से हट कर दूसरी तरफ चली जाती है। सोशल मीडिया में इस घटना को डीटीसी की बस लिखा जा रहा है। वहीं इस वायरल वीडियो पर दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) के एक आला अधिकारी ने बताया कि वायरल वीडियो क्लिप में दिखाई दे रही बस डीटीसी की नहीं बल्कि क्लस्टर बस की है। उन्होंने इस वायरल वीडियो की जांच की बात कही जिससे कि पता चल सके कि क्या यह वीडियो असली है या फिर किसी ने एडिट किया अथवा फेक है। वहीं दूसरी तरफ तेजी से वायरल हो रही बस में अर्धनग्न महिला के वीडियो पर सोशल मीडिया में अजग गजब कॉमेंट पढ़ने को मिल रहे है। कोई इसे बोलने पहने की आजादी बता रहा है तो कोई उसे शर्मसार करने वाली घटना बता रहा है। जबकि कुछ लोगों का कहना है कि यह गंदी और घटिया मानसिकता का नमूना है। इसके अलावा कुछ ऐसे भी लोग है जो इस पर व्यंग्य कस रहे है।

## गर्मियों की शुरुआत से पानी को लेकर हाहाकार

# जल बोर्ड पर उठाए गए सवालों का जवाब क्यों नहीं देती केजरीवाल सरकारः बिधूड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली विधानसभा में नेता विपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने आम आदमी पार्टी सरकार से पूछा है कि रोजाना उपराज्यपाल पर ऊलजलूल आरोप लगाने वाले आप नेता अब दिल्ली जल बोर्ड पर उठाए गए सवालों पर खामोश क्यों हैं? गर्मियों की शुरुआत में ही दिल्ली में पानी की सप्लाई न होने से हाहाकार मचा हुआ है। पानी के लिए हो रहे झगड़ों में हत्याएं तक हो रही हैं। पिछले दस सालों में दिल्ली सरकार पानी की सप्लाई बढ़ाने के लिए कोई कदम नहीं उठा सकी। 600 करोड़ के फायदे में चल रहा जल बोर्ड 73 हजार करोड़ के कर्ज के बोझ तले दबा हुआ है। बिधूड़ी ने कहा है कि उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना ने दो दिन पहले जल बोर्ड के मामले में मंत्री आतिशी के पत्र के जवाब में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नाम जो खुली चिट्ठी लिखी है, 48 घंटे बीतने के बाद भी आम आदमी पार्टी के नेताओं की तरफ से कोई जवाब क्यों नहीं दिया जा रहा। उपराज्यपाल ने जो सवाल उठाए हैं, उनका कोई जवाब आप सरकार के पास नहीं है। बिधूड़ी ने कहा कि सत्ता में आते ही मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने घोषणा की थी कि दिल्ली में जल बोर्ड के पानी की बर्बादी रोकी जाएगी और इसके लिए मीटर लगाए जाएंगे। 2015 में दिल्ली जल बोर्ड का 45 फीसदी पानी बर्बाद हो जाता था और उसका कोई हिसाब ही नहीं था। आज यह आंकड़ा 58 फीसदी तक पहुंच गया है। इस बीच आप सरकार ने पानी तो नहीं बचाया लेकिन फ्लो मीटर के नाम पर 250 करोड़ रुपए खर्च कर डाले जो पानी में बह गए। इसमें करोड़ों के घपले की जांच चल रही है।



### 20 लाख की आबादी को नहीं मिल रहा पीने का पानी

बिधूड़ी ने कहा कि 2015 में दिल्ली में पानी की सप्लाई 906 एमजीडी थी जो अब इकोनॉमिक सर्वे 2023-24 के अनुसार 946 एमजीडी है यानी 9 साल में दिल्ली में सिर्फ 4 फीसदी पानी की सप्लाई बढ़ी और जनसंख्या में 15 फीसदी का इजाफा हो गया। राजधानी की 80 फीसदी से ज्यादा जनता पानी की समस्या से जूझ रही है। दिल्ली की 20 लाख की आबादी को पीने का पानी नसीब ही नहीं है। कहीं एकाध घंटे के लिए पानी आ रहा है तो कहीं ऐसा पानी आ रहा है जो पीने के काबिल नहीं है।

## हाईकोर्ट का चिकित्सा सेवाओं में सुधार के लिए समिति के सुझावों को लागू करने का निर्देश

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली हाईकोर्ट ने मुख्य सचिव और प्रधान स्वास्थ्य सचिव को राष्ट्रीय राजधानी में चिकित्सा सेवाओं में सुधार के लिए छह-सदस्यीय विशेषज्ञ समिति द्वारा अनुशंसित 'तत्काल उपायों' को 30 दिन के भीतर लागू करने का निर्देश दिया है। अदालत ने कहा कि चूंकि डॉ. एस. के. सरीन समिति की तत्काल सिफारिशें मानव जीवन को बचाने में काफी मददगार होंगी और किसी भी तरह से 'राजनीतिक प्रकृति की नहीं' हैं, इसलिए लोकसभा चुनाव के लिए आदर्श आचार संहिता बाधा नहीं बनेगी। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत पी. एस. अरोड़ा की पीठ ने मंगलवार को 17 पन्नों के आदेश में कहा कि मुख्य सचिव और प्रधान स्वास्थ्य सचिव एक रोडमैप भी बताएंगे कि वे विशेषज्ञ समिति द्वारा बताई गई समय सीमा के भीतर मध्यवर्ती और दीर्घकालिक उपायों को कैसे लागू करना चाहते हैं। अदालत ने प्रधान स्वास्थ्य सचिव को चार सप्ताह के भीतर कार्रवाई-सह-स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने को कहा। हाईकोर्ट के 13 फरवरी के आदेश के अनुपालन में अदालत द्वारा गठित डॉ. सरीन समिति ने अपनी अंतरिम रिपोर्ट और सिफारिशें प्रस्तुत कीं। अदालत का आदेश सरकारी अस्पतालों में गहन चिकित्सा कक्ष (आईसीयू) में बिस्तर और वेंटिलेटर की कथित कमी को लेकर 2017 में संज्ञान ली गई एक जनहित याचिका पर आया। समिति ने रिक्त पद, महत्वपूर्ण संकाय की कमी, बुनियादी ढांचे, चिकित्सा या सर्जिकल सामग्रियों, आपातकालीन ऑपरेशन थिएटर, ट्रॉमा सेवाएं और रेफरल प्रणाली समेत चिकित्सा प्रणाली में कुछ कमियों की ओर इशारा किया। रिपोर्ट में कहा गया है कि समिति ने हाईकोर्ट के पूर्व के आदेश पर गौर किया और सराहना की कि इस मामले में उठाई गई प्रमुख चिंताएं दिल्ली के नागरिकों के लिए आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं के संबंध में हैं। समिति ने सिफारिश की है कि तत्काल उपाय 30 दिन के भीतर, अल्पकालिक उपाय 31 से 90 दिन में, मध्यवर्ती उपाय 91 से 365 दिन में और दीर्घकालिक उपाय एक से दो साल में लागू किए जाएं। अदालत ने समिति को चार सप्ताह के भीतर एक पूरक रिपोर्ट दाखिल करने की स्वतंत्रता दी और रजिस्ट्री से आदेश की एक प्रति निर्वाचन आयोग को जानकारी के लिए भेजने को कहा। अदालत ने इस मामले को 24 मई को आगे की सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया है।

**मिलेनियम डिप्लोमैट्स प्राइवेट लिमिटेड**

डिप्लोमैट्स गोल्फ लिंक, सेक्टर–110, गुरूग्राम, हरियाणा।
लाइसेंस संख्याः 100/2019 / हरेरा नंबरः 33/2021, दिनांक 10.08.2021

**सूचना**

अफॉर्डेबल हाउसिंग प्रोजेक्ट सेक्टर–110, गुरूग्राम हरियाणा के सभी सफल आवेदकों को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित सफल आवेदकों/ आवंटियों ने अपने आंवटित फ्लैट की आवंटन राशि का भुगतान नियम विधि तक नहीं किया है, जिसकी सूचना उन्हें स्पीड पोस्ट व ईमेल के माध्यम से दी जा चुकी है। अतः निम्नलिखित आवेदकों/ आवंटियों को इस समाचार पत्र के माध्यम से पुनः अनुरोध किया जाता है कि अपनी आवंटन राशि/किस्त राशि का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से अगले 15 दिन के अंदर कर दें। अन्यथा उनका आवंटन रद्द माना जायेगा व जो फ्लैट इनको आवंटित थे उनको रद्द कर पुनः आवंटन की प्रक्रिया के लिए नियमानुसार (हरियाणा अफॉर्डेबल हाउसिंग पॉलिसी 2013) अपेक्षित कार्यवाही की जाएगी।

| S. No. | Customer Name | App. No. | Unit Address | Agreement Date |
|---|---|---|---|---|
| 01 | Mr. Sanjeet Tanwar | 22407 | T-1-1604 | Not Executed |
| 02 | Mr. Vipin Rampal | 23200 | T-10-904 | 20-06-2022 |
| 03 | Ms. Gagan Deep Kaur | 22790 | T-10-2002 | Not Executed |
| 04 | Mr. Om Sharan Gupta | 21864 | T-2-207 | Not Executed |
| 05 | Mrs. Geeta Reddy | 18429 | T-3-207 | Not Executed |
| 06 | Mrs. Kanchan | 42977 | T-4-1606 | Not Executed |
| 07 | Mrs. Preeti Sharma | 69243 | T-4-908 | Not Executed |
| 08 | Mrs. Anshu | 21720 | T-5-306 | Not Executed |
| 09 | Mrs. Anju Kundu | 21689 | T-5-605 | Not Executed |
| 10 | Mr. Ravi Parkash Mundra | 18414 | T-5-1102 | Not Executed |
| 11 | Mr. Ashwani Kumar | 42771 | T-5-106 | Not Executed |
| 12 | Mr. Raj Kumar | 42834 | T-5-406 | Not Executed |
| 13 | Mrs. Priya Kataria | 18644 | T-6-202 | Not Executed |
| 14 | Mrs. Hadia Fatima | 22557 | T-6-505 | Not Executed |
| 15 | Mr. Syed Mohammad Yahya | 22570 | T-6-1105 | Not Executed |
| 16 | Mr. Deepak | 42354 | T-6-1002 | Not Executed |
| 17 | Mr. Vardaan | 22394 | T-7-001 | Not Executed |
| 18 | Mr. Sandeep Rana | 40055 | T-7-806 | Not Executed |
| 19 | Mrs. Preeti Chhabra | 18630 | T-8-106 | Not Executed |
| 20 | Mrs. Geetika Dhawan | 23027 | T-9-1706 | Not Executed |
| 21 | Mr. Aniket Singh | 18637 | T-9-2005 | Not Executed |

कॉर्पोरेट ऑफिसः 258, दूसरा तल, जेएमडी मेगापोलिस, सेक्टर–48, सोहना रोड़, गुरूग्राम, हरियाणा – 122018
फोनः 0124–4037506, ईमेलः crm@millenniumdiplomats.com

दिल्ली नगर निगम की 26 अप्रैल को होने वाली सदन बैठक में होगा महापौर और उपमहापौर का चुनाव

# आप और भाजपा ने महापौर और उपमहापौर पद पर चुनाव के लिए प्रत्याशियों का किया नामांकन

दिल्ली नगर निगम मुख्यालय सिविक सेंटर स्थित निगम सचिव कार्यालय में गुरूवार को आम आदमी पार्टी और भारतीय जनता पार्टी ने महापौर और उपमहापौर पद पर चुनाव के लिए अपने अपने प्रत्याशियों का नामांकन किया। आम आदमी पार्टी की तरफ से महेश खिंची को महापौर तो रविंद भारद्वाज को उपमहापौर पद उतारा है तो वहीं, दूसरी तरफ भाजपा ने महापौर पद के लिए कृष्ण लाल और उपमहापौर पद पर नीता बिष्ट ने नामांकन किया है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली नगर निगम में महापौर और उपमहापौर पद के चुनाव के लिए आम आदमी पार्टी की ओर से गुरुवार को दिल्ली नगर निगम सचिव कार्यालय में नामांकन दाखिल कर दिया है। 'आप' की ओर से महेश खिची ने महापौर और रविंद्र भारद्वाज ने उपमहापौर पद के लिए पर्चा दाखिल किया। दिल्ली नगर निगम की 26 अप्रैल 2024 को होने वाली सदन बैठक में महापौर और उपमहापौर का चुनाव होगा।

'आप' की वरिष्ठ नेता आतिशी ने दोनों प्रत्याशियों को बधाई देते हुए कहा कि ये दोनों ही प्रत्याशी जमीनी स्तर के नेता हैं। आम आदमी पार्टी जमीन पर काम करने वाले अपने कार्यकर्ताओं को न सिर्फ पहचानती है, बल्कि उनको आगे बढ़ने का मौका भी देती है। महेश खिची और रविंद्र भारद्वाज इसके ताजा उदाहरण हैं। महापौर और उपमहापौर चुनाव में भाजपा द्वारा गड़बड़ी करने की संभावनाओं पर वरिष्ठ नेता सौरभ भारद्वाज ने कहा कि कुछ माह पहले ही चंडीगढ़ महापौर चुनाव में भाजपा वोटों की बेइमानी करते हुए रंगेहाथ पकड़ी गई थी। हमें पूरी उम्मीद है कि भाजपा अब एमसीडी के महापौर और उपमहापौर चुनाव में वैसी बेइमानी करने की हिम्मत नहीं करेगी। आतिशी ने कहा कि एमसीडी में महापौर और उपमहापौर का चुनाव इंडी गठबंधन मिलकर लड़ेगी। कांग्रेस के पार्षद आम आदमी पार्टी के महापौर और उपमहापौर प्रत्याशी को समर्थन देंगे।

नामाकंन पत्र दाखिल करने के बाद महेश खिची ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का धन्यवाद करते हुए कहा कि पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने मेरे जैसे एक छोटे से कार्यकर्ता पर इतना बड़ा विश्वास जताया है। मैं अन्ना आंदोलन के बाद राजनीति में आया और आम आदमी पार्टी में एक बूथ कार्यकर्ता था। उसके बाद पार्टी ने मुझे वार्ड अध्यक्ष बनाया और अब मुझे दिल्ली नगर निगम के महापौर पद का उम्मीदवार बनाया है। दिल्ली की जनता की भलाई के काम पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ करेंगे। अगर हम सच्ची मेहनत और लगन से काम करते हैं तो हर चुनौती का सामना कर पाएंगे। हम दिल्ली को आगे बढ़ाने के लिए पूरी ईमानदारी से काम करेंगे। उन्होंने कहा कि इस बार एमसीडी की स्थाई कमेटी का चुनाव हो जाएगा।

### उपमहापौर पद के चुनाव में आप में बगावत

सीएम केजरीवाल के जेल में जाने के बाद आप में भी बगावत दिख रही है। निगम प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार निगम में उपमहापौर पद के लिए आप की तरफ से तीन नामांकन दाखिल हुए हैं। पहला नाम रविंद्र भारद्वाज आप नेताओं द्वारा घोषित है। जिसके बाद बाकी दो नाम जिसमें वार्ड संख्या 119 मंगलापुरी से नरेंद्र कुमार (आप), और वार्ड संख्या 192 त्रिलोकपुरी से विजय कुमार (आप) शामिल हैं। महापौर और उपमहापौर पदों के लिए चुनाव दिल्ली नगर निगम की 26 अप्रैल 2024 को होने वाली सदन बैठक में होंगे।

## हम दोनों पदों पर दर्ज करेंगे जीत : राजा इकबाल



**नई दिल्ली।** भाजपा ने अपने दोनों जमीनी स्तर पर कार्य करने वाले पार्षद व कार्यकर्ताओं को प्रत्याशी बनाया है और हम दोनों पदों पर जीत दर्ज करेंगे। दिल्ली नगर निगम में नेता विपक्ष राजा इकबाल सिंह ने अपने दोनों भाजपा पार्षदों का महापौर और उपमहापौर पद पर नामांकन दाखिल कराने के बाद उक्त दावा किया है। उन्होंने बताया कि गुरूवार को वरिष्ठ भाजपा पार्षदों की उपस्थिति में निगम सचिव कार्यालय में महापौर पद के लिए भाजपा पार्षद कृष्ण लाल और उप महापौर पद पर नीता बिष्ट ने नामांकन किया। राजा इकबाल सिंह ने बताया कि आप सरकार के निगम में दो वर्ष हो गए हैं जिससे विकास की गति रूक गई है। आप ने जानबूझकर दिल्ली का विकास रोकने के लिए स्थायी समिति और वार्ड समितियों के अलावा तदर्थ और विशेष समितियों का गठन नहीं किया। जिसकी वजह से आप पार्षदों में भी नाराजगी है। वहीं, दिल्ली की जनता भी विकास रुकने से आप पार्टी से नाराज है। राजा इकबाल सिंह ने बताया कि कृष्ण लाल शकरपुर वार्ड से भाजपा पार्षद हैं। जबकि उप महापौर पद पर प्रत्याशी नीता बिष्ट सादतपुर वार्ड से पार्षद है। दोनों पार्षदों के तौर पर कार्य प्रशंसनीय है। महापौर पद के प्रत्याशी कृष्ण लाल ने बताया कि हमारी पहली प्राथमिकता दिल्ली के विकास को रफ्तार देने का काम करना होगा। यह कार्य स्थायी समिति के गठन के बिना नहीं हो सकता है। महापौर बनने के एक माह के भीतर स्थायी समिति का गठन कराएंगे। साथ ही वार्ड कमेटियों का गठन कराएंगे। उन्होंने कहा कि आवारा पशुओं व आवारा कुत्तों से होने वाली घटनाओं पर लगाम के लिए एक टास्क फोर्स भी गठित करेंगे।

## ईडी ने जेल में केजरीवाल के भोजन को लेकर बोला झूठ, जान लेने का षडयंत्र : आतिशी

**नई दिल्ली।** दिल्ली की कैबिनेट मंत्री आतिशी ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जेल में मिल रहे घर के भोजन को रोककर उनकी जान लेने का 'बड़ा षडयंत्र' रचा जा रहा है। केजरीवाल को दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन के मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गिरफ्तार किया है। ईडी ने एक अदालत में दावा किया है कि आम आदमी पार्टी (आप) के प्रमुख 'टाइप 2' मधुमेह से पीड़ित होने के बावजूद हर दिन आम और मिठाई जैसे उच्च शर्करा वाले खाद्य पदार्थ खा रहे हैं ताकि मेडिकल आधार पर ज़मानत मिल सके। केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और ईडी मामलों की विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा के समक्ष ईडी ने यह दावा किया। न्यायाधीश ने तिहाड़ जेल अधिकारियों को मामले में रिपोर्ट दायर करने का निर्देश दिया जिसमें केजरीवाल का भोजन का चार्ट भी शामिल हो। इसके कुछ घंटे बाद आतिशी ने आरोप लगाया। एक संवाददाता सम्मेलन में आतिशी ने ईडी पर मुख्यमंत्री के भोजन के बारे में झूठ बोलने का आरोप लगाया।

उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) केजरीवाल के स्वास्थ्य को बिगाड़ने के लिए अनुषांगिक संगठन ईडी के जरिए कोशिश कर रही है। आतिशी ने आरोप लगाया कि वे केजरीवाल को जेल में मिल रहे घर के भोजन को रोकने की कोशिश कर रहे हैं। ईडी ने अदालत में झूठ बोला और कहा कि केजरीवाल मीठी चाय पी रहे हैं और मिठाई खा रहे हैं। यह पूरी तरह से झूठ है। मंत्री ने कहा कि केजरीवाल वैकल्पिक शर्करा से बनी चीज़े ले रहे हैं।

## आप सरकार के नियंत्रण में तिहाड़, फिर सीएम का जीवन खतरे में कैसे : सचदेवा

**नई दिल्ली।** दिल्ली में एक ऐसी सरकार है जो खुद तिहाड़ जेल प्रशासन को नियंत्रित करती है फिर भी यह दिखाने की कोशिश करती है कि सीएम अरविंद केजरीवाल का जीवन जेल में सुरक्षित नहीं है। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने आप नेता व मंत्री आतिशी के बयान को लेकर यह बातें कहीं। उन्होंने कहा कि मैं आतिशी को चुनौती देता हूं कि एक मेडिकल प्रिसक्रिप्शन पेश करें जिसमें एक डॉक्टर ने सीएम अरविंद केजरीवाल को तैलीय पूड़ी, मसालेदार भोजन, मिठाई, केला और आम खाने की सलाह दी है। सचदेवा ने कहा है कि आम आदमी पार्टी की राजनीति अपने सबसे निचले स्तर पर पहुंच गई है और मंत्री आतिशी की प्रेसवार्ता इसका प्रमाण है। आतिशी ने यह कहने की कोशिश की है कि जेल में बंद सीएम अरविंद केजरीवाल को जान से मारने के लिए उनके घर का खाना बंद करने की कोशिश की जा रही है। भारतीय जेलों में हजारों मधुमेह रोगी हैं और उन सभी को आदर्श भोजन और दवाएं यहां तक कि इंसुलिन भी दी जाती है।

## बसपा दिल्ली की सातों सीटों पर लड़ेगी चुनाव, जल्द होगी लिस्ट जारी

**नई दिल्ली।** आने वाले लोकसभा चुनावों को लेकर अब बहुजन समाज पार्टी (बसपा) भी कूदने वाली है। जल्द ही बसपा अपने उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर सकती है। प्रदेश बसपा संगठन के सूत्रों की मानें तो प्रदेश की तरफ से संभावित उम्मीदवारों को लेकर नाम भेजे गए है। अब उस पर अंतिम मुहर बसपा सुप्रीमो मायावती लगाएगी जिसके बाद सातों नामों की घोषणा कर दी जाएगी। इस बारे में दिल्ली स्टेट बसपा के सूत्रों का कहना है कि पार्टी पूरे देश की तरह दिल्ली में भी अपने दम पर ही चुनाव लड़ेगी। सूत्रों की माने तो प्रदेश संगठन की तरफ से पार्टी सुप्रीमो को सभी सातों सीटों पर 3-4 प्रस्तावित उम्मीदवारों के नाम की सूची भेजी गई है। अब केंद्रीय चुनाव समिति की ओर से जल्द इनमें से उम्मीदवारों के नाम फाइनल किए जाएंगे और अंत में पार्टी सुप्रीमो मायावती की मंजूरी मिलने के बाद नामों का ऐलान कर दिया जाएगा। बता दें कि बसपा ने गत लोकसभा चुनाव 2019 में सिर्फ 1.08 फीसदी वोट ही मिल पाया था और सभी उम्मीदवारों की जमानत भी जब्त हो गई थी। बावजूद इसके बसपा के उतरने से कांग्रेस व आम आदमी पार्टी के गठबंधन को नुकसान होने की संभावना बढ़ जाएगी।

## देश का भविष्य प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हाथों में ही सुरक्षित : लक्ष्मी

नई दिल्ली। दिल्ली भाजपा युवा मोर्चा ने गुरूवार को दिल्ली प्रदेश कार्यालय में बुलेट रानी मां राज लक्ष्मी का स्वागत किया जो देश भर में माई वोट फॉर मोदी संकल्प के साथ तमिलनाडु से बुलेट से अपनी यात्रा को शुरु कर 15 राज्यों में कुल 21 हजार किलोमीटर की दूरी तय कर 65वें दिन गुरूवार को दिल्ली पहुंची। यहां बुलेट रानी मां राज लक्ष्मी ने बताया कि 'वोट फॉर मोदी वोट फॉर नेशन' के साथ हमने जो यात्रा शुरु की थी उसकी समाप्ति है और जिस प्रकार से दिल्ली भाजपा ने स्वागत किया है उस से 21 हजार किलोमीटर की यात्रा की थकान खत्म हो गई है। उन्होंने कहा कि देश का भविष्य प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हाथों में ही सुरक्षित है इसलिए हमने देश के सभी लोगों से आग्रह है कि एक अखंड भारत के लिए अबकी बार 400 पार के नारे को सच करके दिखाना है। उन्होंने सभी मतदाताओं से अपील की है कि आप घर से बाहर निकलें और देश के उज्जवल भविष्य के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को वोट करें क्योंकि आपका एक वोट आपके भविष्य को तय करेगा। युवा मोर्चा प्रभारी विक्रम बिधूड़ी, अध्यक्ष सागर त्यागी, महिला मोर्चा अध्यक्षा ऋचा पांडेय मिश्रा, युवा मोर्चा महामंत्री अरुण दराल, गौरव जोरसिया एवं पुनीत शर्मा, महिला मोर्चा महामंत्री सरिता तोमर एवं वैशाली पोद्दार सहित अन्य पदाधिकारी ने प्रदेश कार्यालय में बुलेट रानी का भव्य स्वागत किया। इस मौके पर सागर त्यागी ने कहा कि महिलाएं कुछ भी कर सकती हैं और इसका सबसे बड़ा उदाहरण हैं बुलेट रानी मां राज लक्ष्मी जो 65 दिनों की अपनी यात्रा गुरूवार को दिल्ली में समाप्त कर रही हैं।





**Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office:** Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) - 122050, India; **Website:** www.honda2wheelersindia.com; **Customer Care:** customercare@honda2wheelersindia.com

तस्वीर में दिखाया गया उत्पाद बाज़ार में उपलब्ध वास्तविक उत्पाद से भिन्न हो सकता है। उत्पाद में दिखाई गई एक्सेसरीज़ सामान्य उपकरण का हिस्सा नहीं हैं।

**Honda Exclusive Authorized Dealerships: DELHI: SOUTH DELHI:** Malwa Honda (Lajpat Nagar) - 011-29840621/22, 9266802219; (Adchini) - 011-43073681, 8527996772/73; (Khanpur) - 011-29963627/28, 9266802221; (Saheen Bagh Jamia) - 011-26950016/17, 9266802220; (Dakshinpuri) - 9266802215; (Sangam Vihar) - 9311227401, 9311227402; Pragnya Honda (Okhla) - 011-40581600, 9818856993; (Pul Pehladpur Badarpur) - 011-26366952, 9650028777; (Jaitpur) - 9818556993; Absolute Honda (Mahipalpur, NH-8) - 07947216270, 011-40470000, 9871600730, 9811625338, 9152462887; (RK Puram Sector 1) - 9871600734, 9871500735, 9069145268; Uday Honda (Adchini) - 9212355514, 9212355515; (Aya Nagar) - 9266135550; **WEST DELHI:** Excel Honda (Raja Garden) - 9811096676, 01145528400 / 8500; (West Patel Nagar) - 9667530598; Shuban Sai Honda (Najafgarh) - 011-69651212, 9212385581/82; (Vikaspuri) - 8447527677, 8506999938/39, 8130988396; (Kakrola Mod) - 9212385537, 9212389007, 8506999936/37; (Vikas Nagar) - 9818826775; Dhingra Honda - (Peeragarhi) - 011-41400000, 9871200045, 9717455880; (Uttam Nagar) - 9717455884/85, 9717394588; (Nangloi) - 9871400045, 9717455883; (Kirari) - 9870200152; Excel Honda (Moti Nagar) - 011-47025801/02, 9999903295; (Mayapuri) - 011-49093930, 9811025879; (Raja Garden) - 011- 45528400/500, 9811096676; (West Patel Nagar) - 9667530598; V.D. Honda (Mahavir Enclave) - 9650415522, 7042294777, 7042294776, 9212670292, 7291998261; (Dabri) - 9212670291; (Bijwasan) - 9599442118, 7290068240; (Rajapuri) 9212670215, 9910364903, 7290068239; (Kapashera) 7290068238, 9910014183; **CENTRAL DELHI:** J.B. Honda (Jhande Walan) - 01143724442, 955500730; (Shastri Nagar) - 8882719494, 9999786767; (Naraina) - 9310059001; **EAST DELHI:** Rajindra Honda (Shahdara) - 9310457400, 9310008240; (Dilshad Garden) - 011-22131205/06, 9818372386; (Bhajanpura) - 7042024650; (Ill Pusta) - 9560734814; Johripur (Shiv Vihar Metro Station) - 7840080191; Swarup Honda (Vikas Marg) - 011-41015710/11/12, 9810806600, 9810268204; (Mayur Vihar Ph-III) - 9717099729; (Pandav Nagar) - 9717099723; Celebrate Honda (Jagatpuri) - 011-45644444, 9821398522; (Jheel) - 9821398526, 8448131114; (Khichripur) - 9871481114; **NORTH DELHI:** Globus Honda (Azadpur) - 011-45561871, 8826993152, 8826993150; (Rani Bagh) - 8130093649, 8826993157; (Pitampura) - 8130093651, 8826993162; (Zakira) - 8130093650; (Burari) - 8130093648, 8826993156; (Jahangirpuri) - 8130093655; Rohini Honda (Sector 3) - 8882201000; (Rithala) - 8527479000; (Budh Vihar) - 8527724000; Santoshi Honda (Narela) - 8467085731/2/7, 8882493100/2; **BALLABGARH:** Kabir Honda - 9312655454; **GAUNCHI BALLABGARH:** Kabir Honda - 9599396896; **FARIDABAD:** Pick Up Honda - 9873875500; Regent Honda - 0129-4006142, 9899913146; Faridabad Honda - 9953547023, 8130515558; **GREATER FARIDABAD:** Pick up Honda - 9873820000; **GURUGRAM:** Big Swing Honda - 9212168811, 9355990083, 9773548811; Ganpati Honda - 0124-4630500, 9910894235; Yume Honda - 0124-4577444, 9818250011, 9560380444; Malwa Gurugram Honda - 8595521151, 9311980996; **KHANDSA ROAD GURUGRAM:** Malwa Gurugram Honda - 9289223507, 9289223502; **BADSHAHPUR GURUGRAM:** 9773548811; **PALAM VIHAR GURUGRAM:** Ganpati Honda - 9910894234; **GURUGRAM RAILWAY ROAD:** Ganpati Honda - 0124-4423500, 9910894233; Yume Honda - 0124-4566999, 9650186777; **SEC- 52 GURUGRAM:** Yume Honda - 8130364222, 9266668820; **MANESAR:** Ganpati Honda - 9910894239; **PATAUDI:** Yume Honda - 8222840011; **GAUTAM BUDDHA NAGAR:** Parkash Honda - 0120-4796600, 9999806883; Pioneer One Honda - 4313333, 8130788666; Pioneer One Honda (Sec-58) - 8130968666; Pioneer One Honda (Noida City Center) - 0120-2480666, 8178506905; Parkash Honda (Bhangel) - 9971713314; P.S. Honda (Dadri) - 9811669969; Bhagat Honda (Jewar) - 9711716890; National Honda (Chapraula) - 9899828711; The Rainbow Honda (Shyam Nagar Mandi) - 8178274694; **GHAZIABAD:** JKM Leela Honda - 9999767614, 9311322400; Hindon Honda - 9910110017, 9910030484; Sangam Honda (Sahibabad) - 9311051166, 9911591166; Om Honda (Loni) - 9312254126; Hindon Honda (Modinagar) - 08449790925; Chauhan Honda (Muradnagar) - 9897088340; Sangam Honda (Khoda Colony) - 9540651166; **GREATER NOIDA:** Parkash Honda - 9971992604; Shanti Honda (Kulesra) - 8510000845; Khanna Honda (Surajpur) - 9810203519, 9717207234; **HODAL:** Mukund Honda - 8814003484; **PALWAL:** Parashar Honda - 7056573100, 7056574100; **SOHNA:** Sohna Honda - 9812872333, 9813156539; **BULANDSHAHR:** Shri Masha Honda - 281455, 09568519999; Shri Masha Honda (Sikandrabad) - 8477004028; Sri Ganga Honda (Anoopshahr) - 9719524751; KLA Honda (Khurja) - 9837098515, 9720088882; Agarwal Honda (Dibai) - 9412563721; Veer Honda (Shikarpur) - 7536810266; Shri Bhagirathi Honda (Jahagirabad) - 9927544326; Al Uzair Honda (Gulaothi) - 9997729105; **BAHADURGARH:** Shri Balaji Honda - 9896297567, 7404533495; **JHAJJAR:** Shree Shyam Honda - 9466511837, 8607200651; **ROHTAK:** Lohchab Honda - 8684888803, 8684888804; Shri Krishna Honda - 8930303243, 9896655630; **KALANAUR:** Kamakshi Honda - 9034655187; **SAMPLA:** Rama Honda - 8684840808, 8684840505; **GOHANA:** Shirin Honda - 8222999406, 8222999408; **SONEPAT:** Triumph Honda - 0130-2237002, 9254015907; **CHOTU RAM CHOWK(SONEPAT):** Triumph Honda - 9254015901; **GANNAUR:** Triumph Honda - 9254015908; **KHARKHODA:** Ashirwad Honda - 9017190979; **KUNDLI:** Triumph Honda - 9254015904; **BAHALGARH:** Triumph Honda - 9034015921.

**For Bulk/Institutional enquiries, please write us at: institutionalsales@honda2wheelersindia.com**

## खबर संक्षेप

### कई घरों में नहीं पहुंच रहा गंगाजल

**गाजियाबाद।** गंगाजल लाइन की मरम्मत का काम खत्म कर जल निगम ने आपूर्ति शुरू कर दी।



इंदिरापुरम के कई घरों में सुबह एक से दो घंटे तक पानी नहीं पहुंचा। सिद्धार्थ विहार स्थित 240 एमएलडी का गंगाजल प्लांट 13 अप्रैल को बंद कर नोएडा को पानी भेजने वाली मेन फीडर लाइन की मरम्मत की जा रही थी। वहीं न्याय खंड दो व तीन, अभयखंड एक व दो और ज्ञानखंड के कई घरों में पानी नहीं पहुंचा।

### कार की टक्कर से राजमिस्त्री की मौत

**गुरुग्राम।** फर्रुखनगर एरिया में तेज रफ्तार कार की टक्कर से साइकिल पर जा रहे राजमिस्त्री की मौत हो गई। जबकि एक राजमिस्त्री घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए अस्पताल भर्ती कराया गया है। पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरु कर दी है।



सुनील ने कहा कि वह करीब 8.30 बजे वह अपने साथी बिहार के सारण निवासी तूफान के साथ साइकिल से अपने कमरे की ओर जा रहा था।

### व्यापार की कानूनी जानकारी पर परिचर्चा

**फरीदाबाद।** समिति द्वारा व्यापारियों के लिए ऑनलाइन सेमिनार करवाया गया। जिसमें विभिन्न प्रकार के रजिस्ट्रेशन और लीगल कंप्लाइसिस पर विस्तृत चर्चा की गई इस कार्यक्रम का उद्देश्य व्यापारियों को व्यापार में आने वाली रोजमर्रा की कानूनी जानकारी से अवगत कराना और उसको सरल तरीके से निभा सकने के लिए तैयार करना है।



### स्कूल संचालकों से मांगा जा रहा है फॉर्म 6ए

**फरीदाबाद।** शिक्षा निदेशक पंचकूला ने एक और अनुस्मारक पत्र भेजकर 30 अप्रैल तक फार्म 6 जमा करने का निवेदन स्कूल संचालकों से की है। हरियाणा अभिभावक एकता मंच ने कहा कि हरियाणा सरकार के गजट के अनुसार एक फरवरी तक सभी स्कूल संचालकों को फार्म 6 भरकर ऑनलाइन शिक्षा निदेशक के पास व जिला शिक्षा अधिकारी के पास जमा करानी चाहिए लेकिन किसी भी स्कूल ने ऐसा नहीं किया। अब 12 अप्रैल को पत्र निकालकर 30 अप्रैल तक फार्म 6 जमा कराने की रिक्वेस्ट स्कूल संचालकों से की है।

### बिजली निगम के कर्मचारी स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित

**फरीदाबाद।** सरकार के आदेशों के बावजूद बिजली निगमों में कार्यरत हजारों ठेका कर्मचारी चिरायु योजना में स्वास्थ्य सेवाओं के लाभ से वंचित हैं। जिसको लेकर बिजली कर्मचारियों में सरकार के खिलाफ भारी आक्रोश है। ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशनज वर्कर यूनियन ने निगम मेनेजमेंट को चेतावनी दी है कि अगर शीघ्र हरियाणा कौशल रोजगार निगम के तहत लगे हजारों कर्मचारियों को चिरायु योजना के तहत मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान नहीं की तो यूनियन आंदोलन करने पर मजदूर होगी।

### 6 पेटी अवैध देशी शराब सहित आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** अपराध शाखा सेक्टर-बॉर्डर प्रभारी जितेंद्र की टीम ने अवैध शराब की तस्करी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है।पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम इलियास है जो बिहार के छपरा का रहने वाला है और फिलहाल फरीदाबाद के नंगला गुजरान में रह रहा था। क्राइम ब्रांच की टीम ने आरोपी को अवैध शराब बेचते हुए मुजेसर एरिया से काबू किया था।



---

## लोकसभा चुनाव के मद्देनजर नियम 6 जून तक लागू रहेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

जिलाधीश विक्रम सिंह ने कहा कि सीआरपीसी की धारा 144 के तहत निहित शक्तियों का प्रयोग करते हुए राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों द्वारा 18 अप्रैल से 6 जून तक की अवधि के लिए जिला की सीमा के भीतर किया जारी किया गया है। यह आदेश 6 जून 2024 तक प्रभावी रहेगा। जिलाधीश ने बताया कि आगामी लोकसभा आम चुनाव-2024 के मद्देनजर भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आदर्श आचार संहिता लागू कर दी गई है।

इसी के मद्देनजर कई विध्वंसक ताकतें, कार्यकर्ता अपने भयावह मंसूबों के साथ सक्रिय होंगे। जो जिला के भीतर शांति को अस्थिर करने का प्रयास करेंगे और अनधिकृत रैलियों, धरनों के आयोजन की योजना बनाकर और अन्य आंदोलन के तरीकों का सहारा लेकर आदर्श आचार संहिता के दिशा निर्देशों-निर्देशों का उल्लंघन करने का प्रयास करेंगे। ऐसे समूह बाधा उत्पन्न करके परेशान करेंगे।

# पूजा स्थलों का उपयोग चुनाव प्रचार के मंच के रूप में करने पर प्रत्याशी के खिलाफ होगी कड़ी कारवाई

जिलाधीश ने कहा कि जिले में शांति को अस्थिर करने का प्रयास और अनधिकृत रैलियों, धरनों के आयोजन की योजना या अन्य आंदोलन के तरीकों का सहारा लेकर आदर्श आचार संहिता के निर्देशों का उल्लंघन करने का असामाजिक तत्व प्रयास

जिलाधीश ने चुनाव प्रचार के दौरान दैवीय निंदा का कोई सुझाव नहीं देने को कहा




### जाति, धर्म व भाषा के आधार पर वोट मांगने से परहेज करें उम्मीदवार

जिलाधीश विक्रम सिंह ने कहा की कानूनी रूप से सार्वजनिक शांति और अमन-चैन को न भंग करना व दंगों और झगड़े के कारणों पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है। जिससे आगामी लोकसभा चुनावों में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो। इसके लिए भारत के चुनाव आयोग द्वारा जारी आदर्श आचार संहिता के दिशा-निर्देशों के उल्लंघन के लिए राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों और सभी व्यक्तियों द्वारा इन नियमों और शर्तों का पालन किया जाएगा। गौरतलब है कि लोकसभा चुनाव से पहले, चुनाव आयोग ने पार्टियों और उनके नेताओं से जाति, धर्म और भाषा के आधार पर वोट मांगने से परहेज करने और भक्त-देवता के रिश्ते का अपमान नहीं करने या दैवीय निंदा का कोई सुझाव नहीं देने को कहा। आयोग ने पार्टियों को अपनी सलाह में कहा कि मंदिरों, मस्जिदों, चर्चों, गुरुद्वारों या किसी अन्य पूजा स्थल का इस्तेमाल चुनाव प्रचार या चुनाव प्रचार के लिए नहीं किया जाना चाहिए, उन्होंने अपने उम्मीदवारों और स्टार प्रचारकों को चेतावनी देते हुए कहा कि उन्हें केवल 'नैतिक निंदा' के बजाय कड़ी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा।

---

### कांग्रेस ने गरीब का किया इस्तेमाल, कांग्रेस राज में गरीब और गरीब होता गया

# मोदी सरकार की कल्याण योजनाओं के कारण 25 करोड़ लोग आए गरीबी से बाहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

हरियाणा के मुख्यमंत्री एवं प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी ने पृथला में कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि कांग्रेस ने सत्ता के लिए हमेशा गरीबों का इस्तेमाल किया है।

**55-60 सालों के राज में कांग्रेस को कभी भी गरीब की परवाह नहीं थी**

**मोदी सरकार की ओर से किए गए विकास को देखकर बौखला गई है कांग्रेस**

हरियाणा के मुख्यमंत्री एवं प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी ने पृथला में कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि कांग्रेस ने सत्ता के लिए हमेशा गरीबों का इस्तेमाल किया है। कांग्रेस को गरीब की परवाह न पहले थी और न ही अब है। कांग्रेस ने तो गरीब को और गरीब करने का ही काम किया है। उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी ने 1970 में गरीबी हटाने का वादा किया, राहुल ने पिछली बार राजस्थान में गरीबी हटाने का झूठ बोला और और फिर गरीबी हटाने का झूठ बोल रहे हैं। 55-60 सालों के राज में कांग्रेस को कभी भी गरीब की परवाह नहीं थी, कांग्रेस ने सत्ता के लिए हमेशा गरीब का इस्तेमाल किया।

सैनी ने कहा कि पीएम मोदी को गरीब के हित की चिंता है, इसलिए वह गरीब के चेहरों पर मुस्कान लाने का कार्य कर रहे हैं। पिछले 10 वर्षों में 25 करोड़ लोगों को मजबूत कर गरीबी रेखा से बाहर किया है। फरीदाबाद की पृथला विधानसभा में भाजपा उम्मीदवार केन्द्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर के समर्थन में विजय संकल्प रैली को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि पिछले 10 सालों में हरियाणा का ऐसा कोई कोना नहीं है, जहां विकास नहीं हुआ हो। उन्होंने कहा कि ऐसा कोई जिला भी नहीं बचा जिसमें 4 लेन रोड लोगों के रास्तों को सुगम न बनाती हो। उन्होंने कहा कि पहले दिल्ली से पृथला आने में चार-चार घंटे लग जाते थे, आज मात्र 20 मिनट में मैं खुद पृथला पहुंच गया, यह कमाल अगर हुआ है तो नरेंद्र मोदी और डबल इंजन की सरकार में हुआ है।



#### एम्स व द्वारका एक्सप्रेस की 2 बड़ी सौगातें

नायब सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी पिछले दिनों 2 बार हरियाणा आए और उन्होंने एम्स और द्वारका एक्सप्रेस की 2 बड़ी सौगातें हरियाणा को दी। उन्होंने कहा कि श्री मोदी ने पिछले साल ही फरीदाबाद में माता आनंदमयी हॉस्पिटल का उद्घाटन भी किया था ताकि लोगों को उचित स्वास्थ्य सुविधा मिल सके और समय पर इलाज हो सके।

#### मोदी एक्सपर्ट ड्राइवर, जनता सुरक्षित

फरीदाबाद लोक सभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार तथा केंद्र सरकार में राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि जब से देश की बागडोर मोदी के हाथ में सौंपी है और मुझे संसद में भेजा है इन 10 सालों में देश में इतना विकास किया है कि देश और फरीदाबाद का नक्शा बदल गया है। 10 साल पहले फरीदाबाद में सडकों की हालत खराब थी। 2014 के बाद मोदी, मनोहरलाल और नायब सिंह के आशीर्वाद से हमने नए-नए हाईवे बनाने का काम किया। मथुरा रोड को दिल्ली बॉर्डर से पलवल होडल तक जाम मुक्त करने का काम डबल इंजन की सरकार ने किया, पलवल में पुल बनवाया।

#### सरकार ने पृथला का किया विकास

पृथला के विधायक नयन पाल रावत ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में कोई भी क्षेत्र ऐसा नहीं है जो विकास से अछूता रहा हो। एक तरफ देशभक्तों की पार्टी भारतीय जनता पार्टी और एक तरफ भ्रष्टाचार करने वाली कांग्रेस पार्टी है। उन्होंने कहा कि देश की तरक्की के लिए प्रधानमंत्री मोदी जरूरी है। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि कृष्णपाल गुर्जर को इस बार 10 लाख से अधिक वोटों से जीताकर मोदी के पास भेजना है।

---

### मानको से कम मिले गार्ड, लिफ्ट ऑपरेटर

## जीडीए उपाध्यक्ष ने किया आवासीय टॉवर व कोयल एन्क्लेव का औचक निरीक्षण, जांच के दिए आदेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अतुल वत्स ने गुरुवार को इंद्रप्रस्थ समाजवादी आवासीय योजना के टॉवर, कोयल एन्कलेव में प्राधिकरण के जीएच-9,10,11 एवं 12 टॉवर्स का स्थलीय निरीक्षण किया ।

निरीक्षण में यह पाया गया कि अनुरक्षण के लिए अनुबंधित फर्म द्वारा जितनी मानव सम्पदा को लगाया जाना चाहिए, वह कार्यरत नही है। किसी भी टॉवर पर सुरक्षा के लिए गनमैन) नहीं पाया गया ।इसके अलावा अर्ध कुशल गार्ड, जिसकी संख्या 6 होनी चाहिए, केवल 2 कार्यरत पाए गए। मौके पर अन्य सुविधाएं देने के लिए निर्धारित मानव सम्पदा जैसे प्लम्बर, लिफ्ट ऑपरेटर, सफाई कर्मचारी आदि भी अनुपस्थित मिले। इंद्रप्रस्थ योजना में निरीक्षण पर पाया गया कि योजना के परिक्षेत्र में अनावश्यक निर्माण सामग्री डाली गई है। सफाई की समुचित व्यवस्था नही है। वहाँ उपस्थित कतिपय निवासीगण ने यह भी अवगत कराया गया कि पानी की टंकियों की साफ-सफ़ाई काफी समय से नहीं हुई है। टॉवर में सुरक्षा कर्मी उपस्थित था परंतु प्राधिकरण में किस कर्मचारी/ अधिकारी द्वारा इसके पूर्व में निरीक्षण किए गए हैं। ऐसा कोई साक्ष्य उपलब्ध नहीं था। सीसीटीवी कैमरे की भी व्यवस्था नहीं मिली। उपाध्यक्ष ने लापरवाह कर्मचारियों के विरुद्ध कार्यवाही के निर्देश दिए हैं।

---

### घर के पास ही मिले थे आरोपी

## स्कूल की शिक्षिका को झांसे में लेकर लाखों की ज्वैलरी ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम




न्यू कॉलोनी एरिया में स्कूल टीचर को झांसे में लेकर लाखों की ज्वैलरी ठगने का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी है। सीमा रानी ने कहा कि वह कृष्णा कॉलोनी स्थित एक स्कूल में टीचर है। जब वह स्कूल जा रही थी, तो एक व्यक्ति उसके पास आया और कहा कि उनके साहब बुला रहे हैं। सीमा रानी उसके साथ गली के मोड स्थित पार्क के निकट पहुंची तो वहां खड़े व्यक्ति ने उससे कहा कि बुधवार को यहां बड़ा हादसा हो गया था। जिसमें एक महिला को चाकू मारकर उससे ज्वैलरी छीन ली थी। उन्होंने कहा कि वह अपनी ज्वैलरी उतारकर स्कूल जाए अन्यथा उस पर पांच हजार रुपए का जुर्माना किया जाएगा। उस व्यक्ति ने सीमा को एक लिफाफा लाकर दिया और उसमें ज्वैलरी रखने के लिए कहा।

### शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया

## गुरुग्राम में ताबड़तोड़ फाइरिंग खांडसा में दो युवक की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

सेक्टर-37 एरिया के खांडसा में वीरवार की दोपहर हुई ताबड़तोड़ फायरिंग में दो युवकों की मौत हो गई। हमले में एक बदमाश ने अपने घर से बाहर निकल रहे युवक पर फायरिंग की दी। इस दौरान युवक ने बचाव करते हुए फायरिंग करने वाले आरोपी पर हमला कर दिया और उस पर लाठी डंडों से वार किया। लेकिन आरोपी उसकी हत्या करने में कामयाब हो गया। डंडों की पिटाई से घायल हुए आरोपी ने भी अस्पताल में दम तोड़ दिया। सूचना मिलते ही थाना पुलिस सहित



अपराध शाखा और सीन ऑफ क्राइम टीम मौके पर पहुंची और दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मौके पर जांच करते हुए सीसीटीवी कैमरे की फुटेज को कब्जे में ले लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### आग बिल्डिंग के बाहर डेकोरेटिव समान में लगी

## होटल में लगी भीषण आग, अंदर फंसे लोगों को सुरक्षित निकाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

वसुंधरा-16 स्थित एक होटल व बैंकट हाल में भीषण आग लग गई। जिसको बुझाने के लिए अग्नि शमन दल की गाड़ियों को कई घंटे की मशक्कत करनी पड़ी। इस दौरान इलाके में धुआं ही धुंआ हो गया और अफरा तफरी मची रही। अग्नि शमन दल ने आग में फंसे एक युवक व युवती को सुरक्षित बाहर निकाल लिया।

जिला अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने बताया कि फ़ायर स्टेशन वैशाली में आग की सूचना मिली। सूचना मिलते ही फायर स्टेशन वैशाली से अग्निशमन अधिकारी सहित 4 फायर टैंडर मय यूनिट घटनास्थल के लिए रवाना हुए। घटनास्थल पर जाकर देखा तो आग बिल्डिंग के बाहरी पार्ट में लगे डेकोरेटिव समान में लगी थी। फ़ायर यूनिट ने शीघ्रता से होज लाइन फैलाकर फ़ायर फ़ाइटिंग करना शुरू कर दिया। साथ ही फायर यूनिट ने होटल के अंदर फंसे नाजिम (30 वर्ष) व आयशा (28 वर्ष) को सुरक्षित निकाल लिया।



#### खिड़कियों से धुंए को बाहर निकाला

आग को देखते हुए फायर स्टेशन कोतवाली से अग्निशमन अधिकारी सहित 2 फायर टैंडर, फायर स्टेशन साहिबाबाद से अग्निशमन अधिकारी सहित 1 फायर टैण्डर घटनास्थल पर आए। 3 फ़ायरमैनो ने बीए सैट पहनकर होटल के अंदर घुसकर रेस्क्यू एवं सर्चिंग की। कड़ी मक्कत के बाद आग पर काबू पाया। धुआं अधिक होने के कारण खिड़कियों से धुंए को बाहर निकाला गया।

---

### यूएसए डॉलर की करेंसी के 25 नोट बरामद

## महिला समेत विदेशी मूल के पांच टप्पेबाज गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

कौशाम्बी पुलिस ने चेकिंग के दौरान टप्पेबाजी करने वाले विदेशी मूल के पांच नागरिकों को गिरफ्तार किया है। जिनमे एक महिला भी शामिल है।

उनके कब्जे से 5 कागज की गड्डी, यूएसए डॉलर की करेन्सी के कुल 25 नोट कीमत 4605 , 5 फर्जी आधार कार्ड, 3 फर्जी पैन कार्ड, 17 सिम कार्ड व 15 मोबाइल फोन बरामद किए हैं।

डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष पाटिल ने बताया कि थाना कौशाम्बी पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान आनंद विहार बॉर्डर के पास खण्डर बिल्डिंग के सामने से साबिर उर्फ शब्बीर अब्दुल रहीम, अमन, नवीन शेख उर्फ नवीन मिर्धा निवासी भौवापुर कौशाम्बी को गिरफ्तार किया गया है। इसके अलावा एक अभियुक्ता रुकसाना को भी गिरफ्तार किया गया है। जो इन्हीं के साथ रहती थी। ये सभी बांग्लादेश के मूल के निवासी हैं। कब्जे से मिली एक मोटरसाइकिल को भी सीज किया है।



### सीसीटीवी कैमरे व मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने आरोपी को पकड़ा

नेता ने एक आरोपी को ब्याज पर दिए थे डेढ़ लाख रुपए

## सूदखोरी से परेशान भाइयों ने मारी थी रालोद नेता को गोली, दो भाइयों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

राष्ट्रीय लोकदल के नेता को गोली मारने के मामले में दो सगे भाइयों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने बताया कि आरएलडी नेता ने एक आरोपी को डेढ़ लाख रुपए ब्याज पर दिया था। उसने काफी रुपए वापस कर दिए थे।

लेकिन अब वह पांच लाख रुपए का तकादा करता था और आए दिन उसके साथ बदसलूकी करता था। उससे परेशान होकर उसने अपने भाई के साथ मिलकर घटना को अंजाम दिया था। डीसीपी नगर कुंवर ज्ञानजंय सिंह ने बताया कि 16 अप्रैल को रजापुर निवासी व रालोद नेता लोकेश चौधरी को कुछ लोगों ने गोली मारकर घायल कर दिया था। इस मामले में लोकेश के भाई अनिल कुमार ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट के आधार पर त्वरित विधिक कार्यवाही प्रारम्भ की गई । घटना का तत्काल संज्ञान लेते सगे भाइयों हुए घटना के अनावरण के लिए टीमों का गठन किया गया। सभी टीमों के अथक प्रयास, सीसीटीवी कैमरे व मुखबिर की सूचना के आधार पर राशिद संजयनगर थाना मधुबन बापूधाम व उसके भाई साहिब को राजनगर कट से गिरफ्तार किया गया ।



#### सार्वजनिक स्थल पैसा मांगने पर आया गुस्सा

राशिद ने बताया कि मैने लोकेश से काफी दिन पहले डेढ लाख रुपए उधार लिए थे, जिनमे से काफी रुपए वापस कर चुका हूं। फिर भी वह 4 -5 लाख रुपए बताता और आए दिन मुझे जहां भी मिलता है बदतमीजी करते हुए अपने पैसे मांगता है। इसी बात पर मुझे गुस्सा आ गया। उसके बाद हम दोनो भाईयों ने लोकेश को गोली मारने की योजना बनाई ।

**खबर संक्षेप**

### यूपी के 7 जिलों में कल सार्वजनिक छुट्टी

**लखनऊ।** यूपी के 7 जिलों में 19 अप्रैल को डीएम ने सार्वजनिक छुट्टी की घोषणा की है। डीएम ने छुट्टी का आदेश भी जारी कर दिया है। जिसके मुताबिक 19 अप्रैल को स्कूल, दुकान व प्रतिष्ठा समेत फैक्ट्रियां भी बंद रहेंगी। इसके अलावा सरकारी दफ्तरों में भी अवकाश की घोषणा की गई है। दरअसल 19 अप्रैल शुक्रवार को यूपी की आठ लोकसभा सीटें सहारनपुर, बिजनौर, कैराना, मुजफ्फरनगर, नगीना, मुरादाबाद, रामपुर और पीलीभीत लोकसभा सीट शामिल हैं। इसके अलावा बरेली जिले में भी डीएम ने छुट्टी की घोषणा की है।




### 10 हजार एमबीबीएस सीटों वाला राज्य होगा यूपी

**लखनऊ।** यूपी जल्द ही 10 हजार से अधिक एमबीबीएस सीट वाले राज्यों में शामिल हो जाएगा। इसके लिए प्रदेश के 12 स्वशासी और सात निजी मेडिकल कॉलेजों ने आवेदन किया है। अभी प्रदेश में एमबीबीएस की 9263 सीटें हैं। प्रदेश में हर जिले में एक मेडिकल कॉलेज खोला जा रहा है। इसके तहत 45 जिलों में मेडिकल कॉलेज खुल गए हैं। 16 जिलों में पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मॉडल पर मेडिकल कॉलेज बन रहे हैं, जबकि 14 जिले में स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय बनकर तैयार हैं।



### नीतीश ने कराई राजद के बुलो की जदयू में एंट्री

**पटना।** बिहार में राजद से इस्तीफा देने वाले पूर्व सांसद बुलो मंडल ने जेडीयू ज्वाइन कर ली है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने उन्हें जेडीयू की सदस्यता दिलाई है। भागलपुर से सांसद रह चुके बुलो मंडल इसी सीट से फिर चुनाव लड़ना चाहते थे, मंडल के जेडीयू में आ जाने के बाद भागलपुर में पार्टी की स्थिति मजबूत हो जाएगी। जेडीयू ने अजय मंडल को यहां से उम्मीदवार बनाया है। अब देखना होगा कि नीतीश कुमार बुलो मंडल को कहां एडजस्ट करते हैं। किन सीट शेयरिंग में भागलपुर सीट कांग्रेस को मिलने के बाद वो पार्टी से नाराज चल रहे थे।



## मर्सिडीज कार में सवार चार लोग घायल हो गए

# बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे पर 190 की रफ्तार से दौड़ाई मर्सिडीज 20 फुट खाई में गिरी कार, 4 गंभीर रूप से हो गए घायल

हमीरपुर जिले में नदना गांव के पास एक तेज रफ्तार मर्सिडीज कार बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे से 20 फीट नीचे खाई में जा गिरी। इस दौरान मर्सिडीज कार में सवार चार लोग घायल हो गए। मौके पर पहुंची यूपीडा व 108 एंबुलेंस ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया।

एजेंसी ▶▶ हमीरपुर

उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले में नदना गांव के पास एक तेज रफ्तार मर्सिडीज कार बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे से 20 फीट नीचे खाई में जा गिरी। इस दौरान मर्सिडीज कार में सवार चार लोग घायल हो गए। मौके पर पहुंची यूपीडा व 108 एंबुलेंस ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर चित्रकूट से होते हुए दिल्ली जा रहे वहीं के निवासी 32 वर्षीय मंजीत पुत्र ओमप्रकाश सिंह, 32 वर्षीय चौधरी अब्दुल मुनाफ पुत्र फारुख, 28 वर्षीय सुमित पुत्र अशोक और गुरुग्राम निवासी 36 वर्षीय नरेश पुत्र जिले सिंह मर्सिडीज कार से जा रहे थे।

चित्रकूट से होते हुए दिल्ली जा रहे थे मंजीत, चौधरी अब्दुल मुनाफ, सुमित व नरेश



**सड़क में जर्क की वजह से कार अनियंत्रित हुई**

कार चला रहे मंजीत ने मोबाइल फोन पर बातचीत में बताया कि एक्सप्रेसवे की सड़क में जर्क की वजह से कार अनियंत्रित हुई। कार नई खरीदी थी। अभी रजिस्ट्रेशन भी नहीं हुआ है। मंजीत व उनके तीनों साथियों की हालत ठीक है, इस वजह से सभी दिल्ली आ गए हैं। सभी दिल्ली विश्वविद्यालय के छात्र हैं। उन्होंने अपना पता बताने से मना कर दिया।

**अधिक ऊंचाई से गिरने से कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त**

तभी राठ कोतवाली के नदना गांव के पास स्थित बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे चालक सुमित को नींद आ गई। कार की स्पीड 190 थी। इस दौरान मर्सिडीज बेकाबू हो गई और इसके बाद कार उछल कर 20 फुट नीचे खाई में गिर गई। वहीं कार की रफ्तार अधिक होने के कारण वह फेंसिंग को छुए बगैर खंती में जा गिरी। अधिक ऊंचाई से गिरने के कारण वह पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। वहीं कार के एयरबैग खुलने से युवकों की जान बच गई। इनमें दो के अधिक चोट आई है। हादसे की सूचना पर पहुंचे 108 एंबुलेंस कर्मियों ने कार में सवार लोगों को खिड़कियों के कांच तोड़ बमुश्किल बाहर निकाला। उन्होंने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए।

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मेरठ के सिसौली में कहा

# भारत में 80 करोड़ जनता मुफ्त राशन पा रही और पाकिस्तान में लोग भूखे मर रहे

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 2014 से पहले भारत में कोई विकास का कार्य नहीं होता था। भारत में 80 करोड़ लोगो को फ्री में राशन दिया जा रहा है, पाकिस्तान में लोग भूखे मर रहे हैं।

एजेंसी ▶▶ मेरठ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को मेरठ में वोटरों खासकर राजपूतों को साधने पहुंचे। उन्होंने मेरठ जिले की किठौर विधानसभा क्षेत्र के ठाकुर बहुल गांव सिसौली में जनसभा की। इस दौरान उन्होंने पाकिस्तान का नाम लिया।

योगी ने कहा कि 1947 में पाकिस्तान जब अलग हुआ, तब उनकी संख्या कम थी, लेकिन क्षेत्रफल पाकिस्तान का ज्यादा था। आज भारत में 80 करोड़ लोगों को निशुल्क अन्न मिल रहा है और पाकिस्तान के 22 करोड़ लोग भूखे मर रहे हैं।

**खास बातें**

- सीएम योगी के मेरठ जिले में यह तीसरा दौरा है
- शहीद अनिल तोमर को नमन किया
- श्री राम का किरदार निभाने वाले भाजपा प्रत्याशी अरुण गोविल को भी नहीं पता था कि रामलला इस बार अपना जन्मोत्सव मनाएंगे



**राजपूतों को सीएम योगी ने साधने का किया प्रयास**

पश्चिम यूपी में राजपूत समाज की पंचायतों में लगातार भाजपा के विरोध की आवाज उठ रही है। सिसौली में भी राजपूत समाज की पंचायत में भाजपा के विरोध का प्रस्ताव पास किया गया था। योगी आदित्यनाथ अब इस गांव में पहुंचे। माना जा रहा है कि योगी की यह राजपूतों को साधने की कोशिश थी। इस चुनाव के दौरान सीएम के मेरठ जिले में यह तीसरा दौरा है। इससे पहले वे प्रधानमंत्री की रैली में आए थे। फिर सरधना में ठाकुर चौबीसी में रैली करने पहुंचे थे। अब ठाकुर बहुल क्षेत्र सिसौली में आए। सिसौली की जनसभा में योगी आदित्यनाथ ने बाबा औघड़नाथ, क्रांतिकारियों की धरा और शहीद अनिल तोमर को नमन किया। कहा कि 1857 में धन सिंह कोतवाल ने स्वतंत्रता की अलख जगाई। रामायण में श्री राम का किरदार निभाने वाले अरुण गोविल (भाजपा प्रत्याशी) को भी नहीं पता था कि रामलला इस बार अपना जन्मोत्सव मनाएंगे। बुधवार को अयोध्या में 15 लाख से ज्यादा लोग आए। सवाल किया कि क्या कांग्रेस और सपा के लोग ये कर पाते, इसलिए अरुण गोविल को मेरठ लाए हैं। मेरठ से दिल्ली तक एक्सप्रेसवे, रैपिड रेल, एक जिला एक उत्पाद के अंतर्गत मेरठ का खेल उद्योग दुनिया ने नाम कमा रहा है। 60 करोड़ गरीबों को 5 लाख का स्वास्थ्य बीमा कवर दिया है। 12 करोड़ किसानों को पीएम निधि, 12 करोड़ घरों में शौचालय दिए हैं। ये सभी कार्य प्रधानमंत्री के नेतत्व में हुए हैं। कश्मीर में 370 क्या सपा बसपा कांग्रेस खत्म कर पाते। अयोध्या में राम मंदिर का सपना बसपा सपा कर पाते है। पहले यहां दंगे होते थे। यहां बेटी और व्यापारी दोनों सुरक्षित हैं।

**भाजपा देती है महिलाओं को सुरक्षा, नौजवानों को रोजगार**

भाजपा आस्था का भी सम्मान करती है, महिलाओं को सुरक्षा देती है, नौजवानों को रोजगार भी देती है। देश में विकास कार्य करती है। देश को विकसित बनाने के लिए आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश चाहिए, आत्मनिर्भर मेरठ चाहिए। मेरठ की बेटी पारुल चौधरी ने चीन में मेडल जीता हमने उनको सीधे डीएसपी बनाया। अरुण गोविल मेरठ के सांसद होंगे तो फ्री मे विज्ञापन करके मेरठ का नाम आगे बढ़ाएंगे।

## हरियाणा में मंत्रियों को बांटे विभाग

# गृह विभाग सीएम देखेंगे दलाल नए वित्तमंत्री बने

इस्तीफा दे चुके रणजीत चौटाला को भी विभाग दिया

एक महीने बाद मंत्रियों के विभागों की सूची हुई जारी



**चंडीगढ़।** प्रदेश की भाजपा सरकार ने नए सीएम नायब सैनी और मंत्रिमंडल के शपथग्रहण के सवा महीने बाद मुख्यमंत्री समेत 14 मंत्रियों को विभागों का बंटवारा कर दिया है। गृह विभाग सीएम नायब सैनी ने अपने पास रखा है। जेपी दलाल को राज्य का नया वित्तमंत्री बनाया गया है। स्वास्थ्य विभाग डॉ. कमल गुप्ता देखेंगे। पहले गृह विभाग और स्वास्थ्य विभाग अनिल विज के पास थे। हालांकि इस बार वे मंत्री नहीं बने। सबसे ज्यादा 14 विभाग सीएम नायब सैनी के पास हैं। नवगठित सरकार के मंत्रियों के विभागों को लेकर अधिसूचना जारी कर दी गई है। विधायक पद से इस्तीफा दे चुके मंत्री रंजीत सिंह चौटाला का नाम भी सूची में शमिल है। गुरुवार को मुख्य सचिव टी.वी.एस.एन. प्रसाद ने अधिसूचना जारी करके सभी मंत्रियों को विभाग अलॉट कर दिए हैं।

**अब मिलेगा स्थाई स्टाफ, सरकारी वेबसाइटों पर एंट्री**

**इन्हें ये विभाग**

- **सीएम नायब सैनी** : गृह, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन, आबारी एवं कराधान, युवा अधिकारिता तथा उद्यमिता, सूचना एवं लोकसंपर्क, विदेशी सहकारिता, न्याय प्रशासन, खान एवं भू-विज्ञान, सामान्य प्रशासन, सीआईडी, कार्मिक एवं प्रशिक्षण, राजभवन, कानून एवं विधायी मामले।
- **कंवर पाल गुर्जर**: कृषि तथा किसान कल्याण, पशुपालन एवं डेयरी, मत्स्य पालन, संसदीय मामले, सत्कार, विरासत एवं पर्यटन।
- **मूलचंद शर्मा**: उद्योग एवं वाणिज्य, श्रम, खाद्य, नागरिक आपूर्ति, उपभोक्ता, निर्वाचन
- **रणजीत सिंह चौटाला**: ऊर्जा, जेल
- **जयप्रकाश दलाल**: वित्त, योजना, नगर तथा ग्राम आयोजन एवं शहरी संपदा, अभिलेखागार
- **डॉ.बनवारी लाल** : जन स्वास्थ्य, लोक निर्माण, वास्तुकला
- **डॉ.कमल गुप्ता**: स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान, आयुष, सिविल विमानन
- **सीमा त्रिखा**: विद्यालय शिक्षा, उच्चतर शिक्षा
- **महीपाल ढांडा**: विकास एवं पंचायत, सहकारिता
- **असीम गोयल** : परिवहन, महिला एवं बाल विकास
- **डॉ.अभय यादव** : सिंचाई एवं जल संसाधन, सैनिक तथा अद्र्ध सैनिक कल्याण।
- **सुभाष सुधा**: शहरी स्थानीय निकाय, सर्वस्व आवास।
- **बिसंबर सिंह**: सामाजिक न्याय तथा अधिकारिता, अनुसूचित, जातियां एवं पिछड़े वर्ग कल्याण व अंत्योदय,मुद्रण एवं लेखन
- **संजय सिंह**: पर्यावरण, वन व वन्यजीव, खेल।

## पेज एक का शेष

### भारत जीडीपी रैंकिंग ...

5.8 बिलियन के परिव्यय के साथ पीएलआई योजना की घोषणा की है। उन्होंने बताया 2022 में भारत सरकार ने ईवी निर्माताओं, घटक निर्माताओं और इलेक्ट्रिक बस निर्माण सहित उन्नत रसायन कोशिकाओं को प्रोत्साहित करने के लिए 5.8 बिलियन के परिव्यय के साथ एक पीएलआई योजना की घोषणा की।

### 2047 तक भारतीय ...

की उपलब्धता, श्रम की लागत और कुशल श्रम की उपलब्धता तथा अनुपालन की लागत सहित व्यवसाय करने की लागत को कम करना पहला और बुनियादी प्रमुख क्षेत्र है जिस पर सरकार का ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है। सेमीकंडक्टर उद्योग के विकास पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। इससे विश्व स्तर पर एक अग्रणी निर्माता के रूप में भारत की प्रमुखता बढ़ेगी। स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र को निरंतर सहायता देना भी महत्वपूर्ण है। कृषि और खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के लिए सुधार प्राथमिकता के आधार पर होने चाहिए क्योंकि इससे भारत को विकसित भारत बनने में मदद मिलेगी। अग्रवाल ने कहा कि इसके साथ ही विभिन्न सरकारी पदों पर भी भर्ती किये जाने की जरूरत है जिनमें न्यायपालिका, पुलिस, चिकित्सा और सैन्य तथा अर्ध-सैन्य बल एवं शिक्षा क्षेत्र आदि सहित राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर रिक्त पदों को भरना शामिल है। उन्होंने कहा कि भारत कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), इंटरनेट पहुंच बढ़ाने, विश्व स्तरीय लॉजिस्टिक तकनीकों को अपनाने सहित आधुनिक तकनीकों को अपना रहा है। वर्ष 2047 तक सरकारी एआई रेडीनेस इंडेक्स में भारत का स्थान शीर्ष 5 देशों में होगा जबकि निर्यात का आकार 10 लाख करोड़ डॉलर होगा और ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स में शीर्ष पांच देशों में शामिल होगा।

### ईवीएम न हैक हो...

में एक अतिरिक्त वोट दिखने के आरोप झूठे हैं। शीर्ष अदालत उन याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी, जिनमें ईवीएम के माध्यम से डाले गए वोट का 'वोटर वेरिफियेबिल पेपर ऑडिट ट्रेल' (वीवीपैट) से पूरी तरह सत्यापन करने का अनुरोध किया गया था।

### आज 16.63 करोड़...

21 राज्यों/ केंद्रशासित प्रदेशों के 102 संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों (सामान्य- 73; एसटी-11; एससी-18) और 92 विधानसभा क्षेत्रों के लिए होगा। अरुणाचल और सिक्किम में राज्य विधानसभा चुनाव भी साथ हो रहे हैं। इसमें सभी चरणों के मुकाबले संसदीय क्षेत्रों की संख्या सबसे अधिक है। मतदान सुबह 7 बजे शुरू होगा और शाम 6 बजे खत्म होगा। पहले चरण के चुनाव में चुनाव आयोग के मुताबिक 18 लाख से अधिक मतदान अधिकारी 16.63 करोड़ से अधिक मतदाताओं का स्वागत करेंगे। इसके लिए 1.87 लाख मतदान केंद्र बनाए गए हैं। मतदाताओं में 8.4 करोड़ पुरुष, 8.23 करोड़ महिला और 11,371 थर्ड जेंडर के मतदाता शामिल हैं। 35.67 लाख पहली बार वोट देने वाले मतदाता वोट डालने वाले हैं। 20-29 वर्ष आयु वर्ग के 3.51 करोड़ युवा मतदाता हैं।

### 41 हेलीकॉप्टर...

पर्यवेक्षकों की तैनाती के साथ ही 361 पर्यवेक्षक तैनात किए गए हैं। जिनमें 127 सामान्य पर्यवेक्षक, 67 पुलिस पर्यवेक्षक, 167 फाइनेंसियल पर्यवेक्षक तैनात किए गए हैं। इसके साथ ही 85 साल से अधिक उम्र के 14.14 लाख से अधिक वोटर पंजीकृत हैं और 13.89 लाख दिव्यांग वोटर हैं। 85 वर्ष से अधिक आयु के दिव्यांग मतदाताओं और मतदान केंद्रों पर आने का निर्णय लेने वालों को पिक एंड ड्रॉप सुविधा दी गई है। पीडब्ल्यूडी मतदाता ईसीआई सक्षम एप के माध्यम से व्हीलचेयर ब्रेल सुविधाएं भी बुक कर सकते हैं। 102 संसदीय क्षेत्रों में स्थानीय थीम के साथ मॉडल मतदान केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं। 5000 से अधिक मतदान केंद्रों का प्रबंधन पूरी तरह से सुरक्षा कर्मचारियों सहित महिलाओं द्वारा किया जाएगा और 1000 से अधिक मतदान केंद्रों का प्रबंधन विकलांग व्यक्तियों (पीडब्ल्यूडी) द्वारा किया जाएगा।

### 13 मई को 96...

बंगाल की आठ और जम्मू-कश्मीर की एक सीट शामिल है। ज्ञात हो, 19 अप्रैल को लोकसभा की 102 सीटों पर मतदान होना है। इन सीटों पर चुनाव प्रचार का शोर थम चुका है। चुनाव कार्यक्रम के अनुसार, लोकसभा चुनाव सात चरण में होंगे।दूसरे चरण के तहत 26 अप्रैल को 89, तीसरे चरण के तहत 7 मई को 94, चौथे चरण के तहत 13 मई को 96, पांचवें चरण के तहत 20 मई को 49, छठे चरण के तहत 25 मई को 57 और सातवें चरण के तहत 1 जून को लोकसभा की 57 सीटों पर मतदान होगा। नतीजों की घोषणा 4 जून को होगी।

### अब किराने की दुकान...

भारत में लागू कराने की तैयार की जा रही है। इस समिति इस दिशा में काम कर रही है। इस समिति को अब तक इस संबंध में कई सुझाव भी मिले हैं। हालांकि आधिकारिक तौर पर अभी कुछ नहीं कहा गया है। सरकार इस नीति को ग्राणीण इलाकों को ध्यान में रखते हुए लाने की तैयारी कर रही है। दरअसल ग्रामीण इलाकों में डॉक्टरों की कमी है। इसके अलावा ग्रामीण इलाकों में मेडिकल स्टोर भी कम उपलब्ध होते हैं। ऐसे में कई बार लोगों को जरूरी दवाएं भी नहीं मिल पाती है। इसी साल फरवरी में स्वास्थ्य सेवाओं के महानिदेशक अतुल गोयल की तरफ से एक्सपर्ट्स की एक कमेटी गठित की गई थी। इस समिति को भारत की ओटीसी ड्रग नीति तैयार करने का काम सौंपा गया था। समिति की ओर से एक ड्राफ्ट जमा भी कर दिया गया है। इसमें ऐसी दवाओं की लिस्ट भी सौंपी गई है जिन्हें ओवर द काउंटर बेचा जा सके। अभी तक भारत में इस तरह का कोई नियम नहीं है।

### नेस्ले कंपनी के...

**भारत में बिकने वाले सभी 15 सेरेलक बेबी प्रोडक्ट्स में 3 ग्राम चीनी:** ज्यूरिख स्थित पब्लिक आई एंड इंटरनेशनल बेबी फूड एक्शन नेटवर्क ने अपनी रिपोर्ट में इस बात का खुलासा किया है कि भारत में बिकने वाले सभी 15 सेरेलक बेबी प्रोडक्ट्स में 3 ग्राम चीनी पाई गई, लेकिन अफ्रीका के इथियोपिया और एशिया के थाईलैंड जैसे देशों में चीनी 4 से 6 ग्राम तक पाई गई है। जर्मनी और ब्रिटेन जैसे विकसित देशों में बेचे जाने वाले इन्हीं प्रोडक्ट्स में चीनी नहीं होती है। इससे पता चला है कि नेस्ले गरीब देशों में बेचे जाने वाले शिशु दूध में चीनी की अधिक मात्रा मिलाता है, लेकिन यूरोप या ब्रिटेन के अपने मुख्य बाजारों में नहीं।

### भारत के अलावा अफ्रीका और ...

चीनी और शहद का इस्तेमाल करता है। चीनी का इस्तेमाल करना अंतरराष्ट्रीय दिशा-निर्देशों का उल्लंघन है। जबकि यही उत्पाद ब्रिटेन, जर्मनी, स्विट्जरलैंड और अन्य विकसित देशों में बगैर चीनी के बेचे जा रहे हैं। इस तरह के मामले भारत के अलावा अफ्रीका और दक्षिण अमेरिका के देशों में देखने को मिले हैं। हालांकि, नेस्ले ने इस पर सफाई देते हुए कहा है कि वो भारत में सभी नियमों का पालन कर रही है।

### गांव छोड़ा तो पिता चल...

की उचित सुविधा नहीं थी। इसलिए, हम साल 2004 में भोपाल आ गए और इसके अगले ही वर्ष पिता की हार्ट अटैक से मृत्यु ने हमारे परिवार को तोड़ कर रख दिया। तीन बहनें और एक छोटा भाई। सभी की जिम्मेदारी मां के ऊपर। ऐसे में मेरी बड़ी बहनों ने पढ़ाई के साथ साथ पार्ट टाइम जॉब करके मुझे पढ़ाया। रितु कहती हैं कि इन हालातों में मैंने भी ट्यूशन पढ़ाकर अपनी पढ़ाई का खर्चा उठाया।

### एक बहन आर्मी में...

में मेरे परिवार का अतुलनीय योगदान है, उनकी हिम्मत के बिना मैं इस मंजिल को नहीं पा सकती थी।

### पहले दो प्रयास मुझे...

परिवार ने मुझे हताश नहीं होने दिया और मुझे आगे मेहनत करते रहने के लिए मोटिवेट किया। रितु ने कहा कि इस बीच कोविड के दौरान मैंने ऑनलाइन क्लासेस लीं और फिर मुझे सिलेबस भी समझ में आया ऐसे में मैंने मैंस रिटर्न के लिए खुद को तैयार कर लिया था, लेकिन प्रिलिम्स निकालना चुनौतिपूर्ण था, ऐसे में मेरा पूरा फोकस प्रिलिम्स पर था, और इस बार के एग्जाम में मेरा प्रिलिम्स निकल गया, मुझे पता था कि मैंस के लिए मैंने खुद को प्रिपेयर कर लिया है और मेरा मैंस भी निकला, फिर इंटरव्यू के लिए मैंने कई सीनियर्स के ऑनलाइन इंटरव्यू देखे और दिल्ली जाकर मॉक टेस्ट भी दिए और ईश्वर की कृपा रही कि मेरा इंटरव्यू भी निकला और आखिरकार मुझे वो मंजिल मिल ही गई जिसका इंतजार मुझे और मेरे परिवार को वर्षों से था।

## स्वामी जानकी शरण महाराज के

# जीवन पर आधारित पुस्तक झुनकी चरित का विमोचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अयोध्या

मां सरयू तट पर विराजमान सियाराम कला के संस्थापक द्वाराचार्य जगतगुरु श्रीअनंत विभूषित स्वामी जानकी शरण महाराज की जीवन परिचय श्री झुनकी चरित पुस्तक का विमोचन लक्ष्मण किलाधीश मैथिलीरमण शरण, श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष मणिरामदास छावनी के महंत नृत्य गोपाल दास महाराज के शिष्य उत्तराधिकारी महंत कमलनयन दास, रंग महल के महंत राम शरण दास, तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट महासचिव चंपत राय, अयोध्या के सांसद लल्लू सिंह ने सियाराम किला



पीठाधीश्वर महंत करुणानिधान शरण महाराज के संयोजन में किया गया। मुख्य अतिथि महंत कमल नयन दास महाराज ने कहा कि मुझे महाराजश्री का आशीर्वाद प्राप्त हुआ महाराजजी परम संत हैं। महाराजजी की पुस्तक सभी को प्रेरणा राष्ट्र निर्माण में अपनी अहम भूमिका निभाएगी।

## हेमंत सोरेन की पार्टी को लगा एक और झटका

# अंतु तिर्की को कोर्ट ने ईडी रिमांड पर भेजा

एजेंसी ▶▶ रांची

करीब ढाई महीने से जेल में बंद झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पार्टी की मुश्किलें थमने का नाम नहीं ले रही हैं। दरअसल, झामुमो नेता अंतु तिर्की को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार देर रात गिरफ्तार कर लिया था। उन्हें गुरुवार को कोर्ट में पेश किया गया। ईडी ने सात दिन की रिमांड की मांग की। कोर्ट ने तिर्की को पांच दिन की ईडी रिमांड पर भेज दिया है। कथित जमीन घोटाले में वह झामुमो के दूसरे नेता हैं।



**अगले 5 दिनों तक अंतु से होगी पूछताछ**

झामुमो नेता अंतु तिर्की, जमीन कारोबारी बिपिन सिंह, इरशाद और प्रियरंजन सहाय को ईडी की विशेष अदालत में पेश किया गया। केंद्रीय जांच एजेंसी ने मंगलवार देर रात चारों को कथित जमीन घोटाले में गिरफ्तार किया था। ईडी ने चारों से पूछताछ के लिए सात दिन की रिमांड की मांग की थी। ऐसे में आज कोर्ट ने सभी को पांच दिन के लिए ईडी गिरफ्त में भेज दिया है। अगले पांच दिनों तक ईडी इनसे पूछताछ करेगी।

haribhoomi.com
हरिभूमि बालभूमि
नई दिल्ली, शुक्रवार
19 अप्रैल 2024
06
छत्तीसगढ़, दिल्ली, हरियाणा और मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित



विशेष: विश्व पेंगुइन दिवस, 25 अप्रैल

# कुशल तैराक और गोताखोर पक्षी पेंगुइन


बच्चों के लिए पेंगुइन बहुत ही अनूठा पक्षी है। यह उड़ नहीं सकता लेकिन पानी में बहुत ही कुशलता से तैरना और गोता लगाना जानता है। इसकी चाल और अजीबो-गरीब आवाज हर किसी को लुभाती है। पेंगुइन की और कौन-सी बातें हैं, जो इस पक्षी को अनूठा बनाती हैं, जानो।

जंतु जगत

शिखर चंद जैन

पेंगुइन की गिनती दुनिया के सुंदर और अनूठे पक्षियों में होती है। इसके पंख नहीं, फ्लिपर्स होते हैं, जो कुछ-कुछ हमारे हाथों जैसे काम करते हैं। ये फ्लिपर्स कैटवॉक करने में इनकी मदद करते हैं, साथ ही शरीर का संतुलन बनाए रखते हैं। बच्चों, जानो पेंगुइन से जुड़ी और भी बातें-

**होती हैं कई प्रजातियां:** पेंगुइन की कई प्रजातियां होती हैं। हाल ही में अंटार्कटिका में एक बेहद दुर्लभ किस्म का सफेद पेंगुइन देखा गया। इस पेंगुइन को शुरू-शुरू में जीव वैज्ञानिकों ने जब देखा था तो इसे एक अजीब बत्तख का नाम दिया था। कुछ ने इन्हें मैगेलेनिक पेंगुइन का नाम दिया था।



**शानदार तैराक** : पेंगुइन पक्षी उड़ते नहीं बल्कि चलते और तैरते हैं। ये बर्फ पर पेट के बल फिसलते हुए अठखेलियां भी करते हैं। पेंगुइन पानी में तैरने से पहले हवा में ऊंची छलांग लगाते हैं। कई प्रजातियों के पेंगुइन तो हवा में 6 से 9 फीट तक की छलांग लगा सकते हैं। इससे इनके पंखों में जो हवा के बुलबुले होते हैं, वे निकल जाते हैं, पानी में तैरने की गति बढ़ जाती है। इनमें सबसे तेज तैराक गेंटुस पेंगुइन होते हैं, जो प्रति घंटे 20 मील तक तैर सकते हैं, जबकि आमतौर पर अन्य प्रजातियों के पेंगुइन की पानी में तैरने की गति 10 मील प्रति घंटे होती है।

**कुशल गोताखोर:** ज्यादातर पक्षियों में उड़ने की क्षमता होती है, क्योंकि इनकी हड्डियां खोखली होती हैं। वहीं पेंगुइन की हड्डियां ठोस और भारी होती हैं, इसलिए ये गहराई में गोता लगाने में भी सक्षम होते हैं। ऑस्ट्रेलियन अंटार्कटिक विभाग के वैज्ञानिकों ने अपने रिकॉर्ड में एंपरर प्रजाति के पेंगुइन को 1850 फीट की गहराई तक गोता लगाते हुए भी देखा है। पेंगुइन पानी के भीतर 15 से 22 मिनट तक रह सकता है।






**छिपने की कुदरती क्षमता:** पेंगुइन की पीठ पर काला रंग उनके समुद्र के भीतर छुपने में मददगार साबित होता है। जबकि सफेद पेट की वजह से इन्हें नीचे की तरफ देखना आसान होता है। काली पीठ इन्हें लेपर्ड सील जैसे शत्रुओं से बचाती है, जबकि इन्हें अपने शिकार जैसे मछली, स्क्विड, केकड़ों आदि से भी इन्हें छुपाती है। इससे इन्हें अपना शिकार करना आसान हो जाता है।

**खारा पानी पीने में सक्षम:** पेंगुइन आमतौर पर प्यास लगने पर ग्लेशियरों से पिघला हुआ बर्फीला पानी या झरनों का पानी पीना पसंद करते हैं। लेकिन ये समुद्र का खारा पानी भी आसानी से पी सकते हैं।

**रहते हैं झुंड में:** पेंगुइन कई बार दर्जनों या सैकड़ों नहीं बल्कि कभी-कभी तो हजारों की संख्या में एक साथ रहते हैं। वैज्ञानिक कई बार तो इनकी कॉलोनी या सामूहिक निवास का पता अंतरिक्ष से भी लगा लेते हैं, ऐसा इनकी काले रंग की बीट के कारण होता है। 2018 में वैज्ञानिकों ने एक द्वीप पर 1.5 मिलियन सदस्य संख्या वाली पेंगुइन की कॉलोनी का पता इसी तरह लगाया था। *

## बदलते हैं आवरण

बच्चों, जैसे सांप कुछ समय बाद अपनी केंचुली (त्वचा का आवरण) बदलता है, वैसे ही पेंगुइन का भी साल में एक बार रिनोवेशन हो जाता है। यानी उनके सारे पंख झड़कर दोबारा नए चमकदार पंख आ जाते हैं। इसमें दो से तीन हफ्ते का समय लगता है। पेंगुइन के दांत नहीं होते हैं, इसकी बजाय उनके मुंह में हमारे मसूड़े की तरह के मांसल स्पाइन होते हैं, जिनकी मदद से यह मछलियों को निगलते हैं। बच्चों, कुछ पेंगुइन प्रजातियां जो लुप्तप्राय हो चुकी हैं, वे 5 फुट से भी ज्यादा लंबाई की होती थीं। हाल ही में मिले जीवाश्म से पता चलता है कि कभी पेंगुइन सीधे खड़े होने पर 5 फुट 10 इंच लंबे इंसान के बराबर तक होते थे।





# अनोखी है किताबों की दुनिया

विश्व पुस्तक दिवस / सरस्वती रमेश

किताबों का हमारे जीवन में बहुत महत्व है। ये ज्ञान का भंडार होती हैं। किताबें हमें अनेकानेक विषयों की गहन जानकारी देकर हमारे ज्ञान को बढ़ाती हैं। इसलिए लोगों में पढ़ने की रुचि जगाने के लिए यूनेस्को ने 1995 में विश्व पुस्तक दिवस मनाने की घोषणा की। तब से हर साल यह 23 अप्रैल को मनाया जाता है। बच्चों, आओ जानते हैं, किताबों का हमारे जीवन में क्या महत्व है।

**किताबों का महत्व** : किताबों से मिले ज्ञान से बड़ा से बड़ा काम किया जा सकता है। किताबें पढ़ने से हमें संबंधित विषय की वृहत जानकारी मिलती है, जिससे रिसर्च और कोई नई खोज की जा सकती है। सिर्फ विज्ञान के क्षेत्र में नहीं, जीवन के हर क्षेत्र में किताबों से मिला ज्ञान हमारे बहुत काम आता है। डॉक्टर, इंजीनियर, वैज्ञानिक बनने के लिए किताबी ज्ञान की जरूरत पड़ती है। इसलिए हम सब को ज्ञान-विज्ञान से भरी किताबें जरूर पढ़नी चाहिए। साथ ही अपने दोस्तों को भी किताबें पढ़ने के लिए प्रेरित करना चाहिए।



**मिलती हैं नई जानकारियां** : किताबों की दुनिया अद्भुत और अनोखी होती है। विज्ञान, इतिहास, भूगोल के साथ अन्य विषयों की जानकारी मिलती है। किताबें पढ़ने से नई-नई जानकारियां मिलती हैं। नई तकनीक पता चलती है। किताबों में महान लोगों के अच्छे विचार पढ़कर जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। किताबें पढ़कर हमें मुश्किल हालात से निकलने के रास्ते भी मिलते हैं। किताबों मे सिर्फ ज्ञान की बातें ही नहीं, किस्से-कहानियां भी होती हैं, जो हमारा मनोरंजन तो करती ही हैं, हमें अच्छी सीख भी देती हैं।

**कॉमिक्स और पत्रिकाएं:** किताबों और पत्र-पत्रिकाओं ने हमें अनेक प्रेरक नायक दिए हैं। कॉमिक्स में ऐसे कैरेक्टर दिए हैं, जो हमें साहसी बनाते हैं। ऐसे भी कैरेक्टर से हमारा परिचय हुआ, जो हमें हंसाते हैं। हंसी-हंसी में बहुत कुछ सिखा भी जाते हैं। इसी तरह बच्चों को अपने लिए निकलने वाली पत्रिकाएं पढ़कर भी बहुत कुछ सीखने-जानने का अवसर मिलता है।

**शेयर करके पढ़ें किताबें:** हम बहुत सारी किताबें एक साथ खरीदकर नहीं पढ़ सकते, इसलिए किताबें एक-दूसरे से शेयर करके पढ़ें। इससे हमें विविध विषयों पर किताबें पढ़ने को मिल जाएंगी। मिल-बैठकर पढ़ने या किताबें शेयर करके पढ़ने से सभी दोस्तों को अधिक से अधिक विषयों पर किताबें पढ़ने को मिल जाएंगी। साथ ही किताबों के किस्से-कहानियों से मिली सीख को अपने जीवन में उतारकर हम तमाम तरह की मुश्किलों से बच सकते हैं।

**सबसे अच्छी दोस्त:** किताबों को इंसान का सबसे अच्छा दोस्त कहा जाता है, क्योंकि ये हमारा ज्ञानवर्धन करके हमें पग-पग पर सही राह दिखाती हैं, सफलता का मार्ग प्रशस्त करती हैं। जिस तरह भोजन हमारे शरीर के विकास के लिए जरूरी है, उसी तरह हमारे मानसिक विकास के लिए किताबें बहुत जरूरी हैं। किताबें हमारे सोचने-समझने की क्षमता को बढ़ाती हैं। अच्छे-बुरे का भेद बताती हैं। जब हम किसी बात से परेशान हों तो ये किताबें ही होती हैं, जो तरह-तरह के किस्सों से हमारा मन बहलाती हैं। इतना ही नहीं, किताबों में हमारी परेशानियों और समस्याओं का हल भी मिलता है। तो बच्चों, इस तरह किताबें हैं ना हमारी सबसे अच्छी दोस्त! *



## जीके क्विज-100

1. हाल ही में पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाली एक मात्र महिला भारतीय वेटलिफ्टर कौन हैं?
2. राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस कब मनाया जाता है?
3. पिछले दिनों भारतीय वायुसेना ने कौन-सा 10 दिवसीय मेगा युद्धाभ्यास किया?
4. हाल ही में ज्यूडिथ सुमिनवा किस अफ्रीकी देश की पहली महिला प्रधानमंत्री बनीं?
5. मध्य प्रदेश के राज्यपाल का क्या नाम है?
6. तेहरान किस देश की राजधानी है?
7. सौरमंडल का सबसे गर्म ग्रह कौन-सा है?
8. किस गैस को 'लाफिंग गैस' भी कहा जाता है?
9. पक्षियों का अध्ययन विज्ञान की किस शाखा में किया जाता है?
10. 'आईन-ए-अकबरी' पुस्तक किसने लिखी थी?



बच्चों, जीके क्विज-100 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज 99 का सही उत्तर :** 1. आयरलैंड, 2. क्रिस्टीना पिस्जकोवा (चेक रिपब्लिक), 3. सामवेद, 4. कल्हण, 5. आर.के. शंमुखम शेट्टी, 6. 22 अप्रैल, 7. कार्ल लैंडस्टीनर, 8. विशाखापत्तनम, 9. जिनेवा (स्विट्जरलैंड), 10. एस. सोमनाथ

**जीके क्विज 99 का सही उत्तर भेजने वाले :** येणु-धमतरी, सरबजीत-करनाल, तृषा-रायपुर, कबीर-हिसार, हर्ष-भिवानी, नमिता-जांजगीर, तानिया पटेल-धमतरी, गोपाल-दुर्ग, प्रियांशु-जींद, आस्था-भोपाल, प्रिंस-जबलपुर

## हंसगुल्ले

**चिंटू** : तुम हमेशा अपनी जेब में नीबू क्यों रखते हो?
**मिंटू** : दुश्मनों के 'दांत खट्टे' करने के लिए।
-रोशनी, भोपाल

**टीचर** : मोबाइल की खोज किसने की?
**नैंसी** : सर, मेरी मम्मी ने।
**टीचर** : क्या ..!
**नैंसी** : सर, कल मेरे पापा का मोबाइल नहीं मिल रहा था, मम्मी ने ही खोजकर उनको दिया था।
-आयुष, कोंडागांव



**मम्मी** : दूध को खराब होने से बचाने के लिए क्या उपाय करना चाहिए?
**नव्या** : इसे पी लेना चाहिए।
-अदिति, रोहतक

**रोहन** : तुम्हें पता है, बूंद-बूंद से ही सागर बनता है।
**सोहन** : (होंठों पर जीभ फिराते हुए) और बूंदी-बूंदी से लड्डू।
-मनन, दुर्ग

कहानी

अंजना मनोज गर्ग

विशेष: पृथ्वी दिवस, 22 अप्रैल

भोलू अपने पापा-मम्मी के साथ शहर में बने नए पार्क में घूमने गया। वहां मजे से टहला। थक कर जब वह पार्क की हरी घास पर बैठा तो घास ने उसे डांट दिया। घास ने ही नहीं डांटा, पेड़-पौधों और यहां तक कि झील के पानी ने भी डांटा। आखिर इन सब ने भोलू को डांटा क्यों?

# भोलू का अपना घर



भोलू बहुत खुश था। उसके पापा ने उससे प्रॉमिस किया था कि कल संडे को वह उसे शहर में बना नया पार्क दिखाने ले जाएंगे। आज वह मम्मी से पैसे लेकर खूब सारी टॉफियां, चॉकलेट और चिप्स के पैकेट खरीद लाया ताकि वहां पार्क में घूम-घूम कर खा सके, फुल एंज्वॉय करे। कल सुबह पार्क में जाने के लिए उसने पूरी तैयारी कर ली। रात वह जल्दी सो गया, क्योंकि पार्क जाने के लिए सुबह-सुबह घर से जल्दी निकलना था।

अगले दिन संडे को भोलू, पापा-मम्मी के साथ पार्क में था। वहां सब कुछ बहुत ही लुभावना था। पार्क के चारों तरफ फूलों से लदे पौधे, घनी शाखाओं वाले बड़े-बड़े वृक्ष लगे हुए थे। पूरे पार्क में नरम, मुलायम घास उगी हुई थी। वहां लगे झूलों में बड़े मजे से बच्चे झूल रहे थे। पार्क में एक छोटी-सी झील भी थी, जिसमें लोग बोटिंग कर रहे थे। भोलू को वहां बहुत मजा आ रहा था।

पापा के साथ पार्क घूमते हुए भोलू ने चॉकलेट निकाली और उसे खाकर उसका खाली रैपर वहीं पौधों के नीचे डाल दिया। यह देख पापा ने उसे टोका, 'नहीं भोलू बेटा, ऐसे कचरा नहीं फैलाते। तुम इस खाली रैपर को अपनी जेब में रख लो। बाद में जहां तुम्हें डस्टबिन दिखे, उसमें डाल देना।'

'अरे पापा, यह कोई अपना घर है क्या? आप बेकार ही परेशान हो रहे हैं।' भोलू ने लापरवाही से जवाब दिया। कुछ देर बाद वह झील के पास पहुंचा, वहीं एक किनारे बैठकर उसने चटपटे नमकीन का पैकेट निकाला और खाकर उसका रैपर जमीन पर फेंक दिया। पापा ने फिर टोका तो उसने वही शब्द दोहरा दिए, 'क्या पापा, यह कोई अपना घर है क्या?' भोलू पूरे पार्क में जी भर के घूमा। उसने जहां-तहां कचरा फैला दिया। थक कर वह ज्यों ही एक जगह नरम घास पर बैठा, त्यों ही उसे जोर से कुछ चुभा। उसने देखा, घास नुकीली होकर चुभ रही है। घास गुस्से से बोली, 'तुम्हारा घर है क्या, जो यहां बैठ रहे हो?'

भोलू घबराया-सा झील की तरफ भागा। वहां बैठना चाहा तो झील का पानी गुस्साया, 'खबरदार! जो यहां बैठे, तुम्हारा घर है क्या?' भयभीत भोलू ने जब एक पेड़ के नीचे खड़ा होना चाहा तो पेड़ ने भी गुस्से में अपनी लंबी शाखाओं से उसे दूर झटक दिया और बोला, 'यहां क्यों खड़े हो, यह तुम्हारा घर है क्या? भागो यहां से।'

भोलू को महसूस हुआ जैसे पूरा पार्क, झील, पेड़-पौधे, घास सभी चिल्ला कर उससे कह रहे हैं, 'यह तुम्हारा घर है क्या? यह पार्क तुम्हारा घर है क्या?'

तभी मम्मी भोलू के कमरे में आईं। उन्होंने देखा वह नींद में भी बड़बड़ा रहा था, 'यह तुम्हारा घर है क्या.. यह तुम्हारा घर है क्या...?'

मम्मी ने झिंझोड़ कर भोलू को जगाया, 'क्या हुआ बेटा, कोई सपना देख रहे हो क्या?'

भोलू ने उठकर अपनी मम्मी को सपने की पूरी बात बताई। उसने मम्मी से पूछा, 'पार्क में सभी पेड़-पौधे बार-बार क्यों कह रहे थे कि यह पार्क तुम्हारा घर है क्या?'

मम्मी ने डरे हुए भोलू के सिर पर प्यार से हाथ फेरा और बोलीं, 'बेटा, जब तुमने चॉकलेट और दूसरे खाली रैपर वहीं पार्क में फेंक दिए और कहा कि यह कौन-सा मेरा घर है। बस वही बात पलट कर पेड़-पौधों ने तुमसे कही, यह तुम्हारा घर है क्या? बेटा तुम पार्क इसीलिए गए थे कि वहां अच्छा लगेगा। लेकिन तुम वहां गंदगी फैला रहे थे। यह भी बोल रहे थे, क्या अपना घर है क्या? यह कौन-सी बात हुई, अपना घर साफ रखो और बाहर सब जगह गंदगी फैलाओ। बेटा क्या पृथ्वी के पेड़-पौधे और घास की हरियाली अपनी नहीं है? तुम पार्क को सार्वजनिक स्थल मानकर पराया समझ कर वहां गंदगी फैला रहे थे। इसलिए ही तो वहां पेड़-पौधों, झील, घास सबको तुम्हारे ऊपर गुस्सा आया कि जब यह पार्क तुम्हारा घर नहीं है तो तुम यहां सैर या आराम कैसे कर सकते हो?'

भोलू को मम्मी की बात बहुत अच्छी तरह समझ में आ गई थी। वह बोला, 'मम्मी, आप सही कह रही हैं। मैंने कितनी बड़ी गलती की। आज जब आप लोगों के साथ पार्क जाऊंगा, तो कचरे के लिए एक थैली भी साथ ले जाऊंगा। सारा कचरा उस थैली में भर लूंगा, पार्क में बिल्कुल भी गंदगी नहीं फैलाऊंगा। वह भी तो मेरा ही घर है ना। पार्क क्या, पूरी पृथ्वी हमारे घर जैसी है। इसे साफ-सुथरा रखना हमारी जिम्मेदारी है।'

मम्मी को इस बात की खुशी हुई कि भोलू को बात समझ में आ गई है कि पूरी पृथ्वी उसके अपने घर के समान है, उसे स्वच्छ रखना उसकी जिम्मेदारी है। *

कविता

दिनेश विजयवर्गीय



## हम सबकी हैं जान किताबें

जन-मन की पसंद किताबें
ज्ञान का भंडार किताबें।
शब्दों का संसार यह रचती
शब्दों का है मान किताबें।
जीवन में उजियारा लाती
होती ज्ञानी गुणी किताबें।
सदा मित्र-सा साथ निभाती
जीवन मुस्काती खूब किताबें।
छोड़ मोबाइल पढ़ें किताबें
देती ऐसा संदेश किताबें।
जीवन को आनंदित करती
मनोरंजन की शान किताबें।
रंग-बिरंगी चित्रों वाली
बच्चों के मन भाए किताबें।
पुस्तक मेलों में मन मुस्काती
हम सबकी है जान किताबें

## रंग भरो-148

**रंग भरो-148** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।




पलक, धमतरी


यशिका, बिलासपुर


सुयश, बिलासपुर


लक्षित, रोहतक


कल्पित, रोहतक

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

दिव्यांशी-भिलाई, अथर्व-बिलासपुर, राजन-हिसार, नाज-दिल्ली, मनीष-अंबिकापुर, धीरज-महेंद्रगढ़, यश-बालोदा बाजार, पूनम-जींद, अमित-कांकेर, अस्मिता-कटनी, राकेश-दुर्ग, रति-धमतरी, अंकित-भोपाल, दिवाकर-करनाल, रानी-कोरिया


भावन्या, भिलाई

## रंग भरो 149



बच्चों, पृथ्वी दिवस के अवसर पर एक बच्चा पेड़ के पास बैठकर, पृथ्वी और पर्यावरण में उसके योगदान के लिए 'थैंक यू' बोल रहा है। इस प्यारी-सी तस्वीर को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक- फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

## चित्र पूरा करो

बच्चों, यहां एक अधूरा चित्र और उसके बगल में चार कटआउट्स दिए गए हैं। तुमको इन कटआउट्स को सही जगह लगाकर चित्र पूरा करना है।




उत्तर : 1.D, 2.C, 3.A, 4.B

## लोकसभा क्षेत्र

**रतलाम**

1 भाजपा प्रत्याशी
अनीता चौहान

2 कांग्रेस प्रत्याशी
कांतिलाल भूरिया

### पिछली बार कौन जीता

जीएस डामोर

**जीत का अंतर**

90 हजार 636

### क्या रहेंगे मुद्दे?

रतलाम चूंकि आदिवासी बाहुल्य सीट है, इसलिए यहां राम मंदिर और हिंदू-मुस्लिम से जुड़े मुद्दों का ज्यादा असर नहीं है। यहां चुनाव का पहला मुद्दा आदिवासी विकास है। भाजपा और कांग्रेस दोनों बता रहे हैं कि उन्होंने इस वर्ग के लिए क्या-क्या किया है। भाजपा की अनीता केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा कराए गए काम गिना रही हैं तो कांतिलाल अपने कार्यकाल में किए कामों का प्रचार कर रहे हैं। शहरी इलाकों में जरूर राम मंदिर, धारा 370, भोजशाला जैसे मुद्दों का असर देखने को मिल रहा है। यही वजह है कि रतलाम शहर और ग्रामीण क्षेत्र में भाजपा का ज्यादा फायदा होता दिख रहा है। यहां कांग्रेस बेरोजगारी, महंगाई, किसानों की आय दोगुनी न होने जैसे मुद्दे उठा रही है। कांग्रेस घोषणा पत्र में किए वादों का भी प्रचार कर रही है। भाजपा के पास न मुद्दों की कमी है और नेताओं की। इसलिए उसका प्रचार ज्यादा है।

## रतलाम में भाजपा मजबूत, झाबुआ में कांग्रेस को बढ़त

# भाजपा के लिए कब्जा बरकरार रखना कठिन, भूरिया दे रहे कड़ी टक्कर

*पहले की झाबुआ और परिसीमन के बाद बनी रतलाम लोकसभा सीट कांग्रेस के आदिवासी चेहरे कांतिलाल भूरिया का गढ़ है। वे यहां से कई चुनाव जीते हैं। भूरिया पिछली बार भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़े रिटायर्ड अफसर जीएस डामोर से हार गए थे। भाजपा ने इस बार डामोर का टिकट काट कर प्रदेश सरकार में मंत्री नागर सिंह चौहान की पत्नी अनीता सिंह को मैदान में उतारा है। मुकाबला कड़ा है। भाजपा के लिए सीट पर कब्जा बराकरार रख पाना मुश्किल हो रहा है, क्योंकि कांतिलाल की ओर से कड़ी चुनौती मिल रही है। लोकसभा क्षेत्र के तहत आने वाले आठ विधानसभा क्षेत्रों में से कहीं भाजपा मजबूत है तो कहीं कांग्रेस का दबदबा है। माहौल और दलगत आधार पर भाजपा भारी दिख रही है तो सामाजिक आधार पर कांग्रेस को बढ़त लेने की खबर है, इसलिए मुकाबला कड़ा और रोचक देखने को मिल रहा है।*

ग्राउंड रिपोर्ट

दिनेश निगम 'त्यागी' ⏩ भोपाल

रतलाम संभवतः पहला ऐसा लोकसभा क्षेत्र है, जहां से भाजपा ने प्रदेश सरकार के मंत्री नागर सिंह चौहान की पत्नी अनीता चौहान को टिकट दिया है। नरेंद्र मोदी-अमित शाह के युग में इस तरह परिवार में दो लोगों को टिकट देने की परंपरा नहीं है। पार्टी के कई बड़े नेताओं के बेटे और परिजन टिकट का इंतजार ही कर रहे हैं। नियम तोड़ने की वजह है रतलाम सीट, जो कांग्रेस से ज्यादा कांतिलाल भूरिया का गढ़ है। भाजपा नेतृत्व किसी भी हालत में इस सीट पर कब्जा बरकरार रखना चाहता है। पहले सीट का नाम झाबुआ था, लेकिन 2008 में हुए परिसीमन के


अनीता चौहान


कांतिलाल भूरिया

बाद नाम बदलकर रतलाम कर दिया गया। इसके बाद हुए चार चुनावों में से दो बार कांग्रेस के कांतिलाल भूरिया जीते और दो बार भाजपा। इनमें से एक बार कांग्रेस छोड़कर भाजपा में आए स्व दिलीप सिंह भूरिया जीते और दूसरी बार 2019 के चुनाव में जीएस डामोर ने जीत दर्ज की।

भाजपा ने कांतिलाल भूरिया को हराने वाले डामोर का टिकट ठीक उसी तरह काट दिया, जैसे गुना-शिवपुरी में ज्योतिरादित्य सिंधिया को हराने वाले सांसद केपी सिंह यादव का काटा गया। भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ रही अनीता नागर सिंह चौहान भिलाला आदिवासी हैं, जबकि कांतिलाल भूरिया भील आदिवासी। क्षेत्र में भील समाज की तादाद भिलाला से काफी ज्यादा है। इसके अलावा झाबुआ में ईसाई मिशनियों का काम भी काफी है। दो से ढाई लाख आदिवासी धर्म परिवर्तन कर चुके हैं। दूसरी तरफ क्षेत्र में संघ का काम भी अच्छा है। रतलाम में विधायक चेतन काश्यप के कारण भाजपा को ताकत मिलती है। रतलाम जिले की तीन सीटों में से सैलाना और रतलाम ग्रामीण में कांग्रेस-भाजपा के बीच अच्छी टक्कर है जबकि रतलाम शहर में भाजपा बढ़त में बताई जाती है। अलीराजपुर जिले के जोबट में कांग्रेस की स्थिति अच्छी है, जबकि अलीराजपुर में भाजपा मजबूत दिखती है। यहां कड़ा मुकाबला देखने को मिल रहा है।

### विधानसभा में कांग्रेस पर भाजपा को बढ़त

रतलाम लोकसभा क्षेत्र के तहत आने वाली 8 विधानसभा सीटों के लिए 4 माह पहले हुए चुनाव में भाजपा को कांग्रेस पर मामूली बढ़त हासिल है। क्षेत्र की तीन विधानसभा सीटें कांग्रेस जीती, जबकि भाजपा के खाते में 4 सीटें गई हैं। एक सीट सैलाना में भारत आदिवासी पार्टी ने जीत कर सबको चौंका दिया था। इस तरह विधानसभा में ताकत के लिहाज से भाजपा-कांग्रेस में बहुत ज्यादा फर्क नहीं है। भाजपा ने चार विधानसभा सीटें 1 लाख 4 हजार 402 वोटों के अंतर से जीती हैं जबकि कांग्रेस की तीन सीटों में जीत का अंतर 55 हजार 808 वोट रहा है। सैलाना में भारत आदिवासी पार्टी 4 हजार 618 वोटों के अंतर से जीतने में सफल रही है। लोकसभा चुनाव की दृष्टि से यह अंतर इतना ज्यादा नहीं है कि इसे कवर न किया जा सके। हालांकि 2018 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने क्षेत्र की 8 में से 5 सीटें जीती थीं और भाजपा सिर्फ 3 में सिमट गई थी। बावजूद इसके 2019 का लोकसभा चुनाव कांग्रेस नहीं जीत सकी।

### रतलाम में तीन जिलों की विधानसभा सीटें

रतलाम लोकसभा सीट का भौगोलिक एरिया तीन जिलों तक फैला है। ये जिले झाबुआ, रतलाम और अलीराजपुर हैं। लोकसभा क्षेत्र में झाबुआ जिले की तीन विधानसभा सीटें झाबुआ, थांदला, जोबट और रतलाम जिले की भी तीन रतलाम ग्रामीण, रतलाम शहर और सैलाना आती हैं। अलीराजपुर की दो विधानसभा सीटें जोबट और अलीराजपुर भी इसी लोकसभा क्षेत्र का हिस्सा हैं। इनमें से झाबुआ जिले की 2 और अलीराजपुर की एक सीट कांग्रेस के पास हैं, जबकि रतलाम जिले की 2 और झाबुआ-अलीराजपुर की एक-एक सीट पर भाजपा का कब्जा है। जहां तक सीट के राजनीतिक मिजाज का सवाल है तो यहां कांग्रेस ज्यादा जीती है। जब सीट का नाम झाबुआ था, तब कांग्रेस के दिलीप सिंह भूरिया यहां जीतते थे, लेकिन परिसीमन के बाद जब सीट का नाम रतलाम हो गया तब वे भाजपा में चले गए।

### जातीय आधार पर होता रहा मतदान

रतलाम लोकसभा सीट के कई हिस्सों में जातीय और सामाजिक आधार पर मतदान होता रहा है। इस बार भी ऐसा हो सकता है। जैसे अनीता चौहान को आदिवासियों में भिलाला समाज का पूरा वोट मिलेगा और कांतिलाल भूरिया को भील समाज का। इन दोनों समाजों के वोट यहां ज्यादा हैं। झाबुआ जिले में ईसाई मिशनरियों के प्रभाव वाले धर्मांतरित ईसाई कांग्रेस के पक्ष में वोट करते हैं। क्षेत्र के वैश्य, ब्राह्मण और अन्य सामान्य वर्ग जिनकी तादाद रतलाम जिले में ज्यादा हैं, उनका झुकाव भाजपा के पक्ष में रहता है। रतलाम के शहरी क्षेत्र में मुस्लिम मतदाताओं की तादाद भी काफी है, यह कांग्रेस के समर्थन में रहता है। सामाजिक और जातीय आधार पर मतदाता बंटे दिखाई पड़ते हैं।

## फर्स्ट टाइम वोटर

### विकास और रोजगार के मुद्दों पर मतदान करूंगा...

प्रदेश के युवा के सामने सबसे बड़ी समस्या रोजगार की है। चुनाव में रोजगार का मुद्दा प्रभावी रहेगा। इस मुद्दे को ध्यान में रखते हुए युवा अपना वोट करेंगे।



मैं राजनीति को राजनीति की नजर से नहीं देखता हूं। देश में विकास हो रहा है, तो विकास के मुद्दों को ध्यान में रखकर वोट करूंगा। वहीं कौन-सी पार्टी या उम्मीदवार युवाओं को रोजगार दिला सकता है, इस मुद्दे को भी ध्यान में रखकर वोट करूंगा। मतदान करना प्रत्येक मतदाता का कर्तव्य है। मैं मतदान अवश्य करूंगा। साथ ही दूसरों को भी प्रेरित करूंगा।

**शैलेंद्र पवार**, युवा मतदाता

### राम मंदिर व विकास लोकसभा चुनाव में रहेंगे अहम मुद्दे...

देश-प्रदेश सहित शहर के विकास के मुद्दों को देखकर ही मैं वोट करूंगा। वहीं, राम मंदिर भी एक बड़ा मुद्दा युवाओं के बीच में रहेगा। राम मंदिर बना है। रोजगार को लेकर जरूरतमंद युवाओं के बीच चर्चा हो रही है,



लेकिन सरकार हर किसी को रोजगार तो नहीं दे सकती है। हर बार सरकार को दोष नहीं दिया जा सकता है। वोट किसको करना है, इसके लिए किसी से डिस्कस करने की जरूरत नहीं है। सरकार हमको बनानी है। मैं सबकुछ देखकर वोट करूंगा। इसके अलावा मैं मतदान करने अवश्य जाऊंगा और लोगों को भी मतदान करने के लिए जारूक करूंगा।

**सूर्यांश श्रीवास्तव**, युवा मतदाता

## चुनाव प्रचार...

### गर्मी के मौसम में सुबह-शाम ही करें प्रचार, रोजाना सुबह 30 से 40 मिनट तक करें मॉर्निंग वॉक

भोपाल में गर्मी ने अपनी तपिश दिखाना शुरू कर दिया है। गर्मी में हो रहे लोकसभा चुनाव को लेकर नेताजी हों या फिर उनके समर्थक, सुबह और शाम ही प्रचार कर रहे हैं। ज्यादा गर्मी होने के कारण शरीर के तापमान को अनुकूल रखने वाले सिस्टम को अतिरिक्त कार्य करना पड़ता है। कभी-कभी यह सिस्टम हमें बीमार भी कर देता है, जिससे चेहरे, सिर, मुंह, गले और गर्दन व बदन में जकड़न महसूस होती है एवं हाई ग्रेड फीवर (हीट स्ट्रोक) उल्टी, दस्त होने की सम्भावना बढ़ जाती है। पानी की कमी होने के (डिहाइड्रेशन) की भी समस्या हो सकती है। साथ-साथ कई बीमारियों को बढ़ने का मौका मिलता है। हमे गर्मी के मौसम में कुछ बातों का ख्याल रखना बहुत


डॉ. सुनील पाण्डेय
एमपीटी (ऑर्थोपेडिक)

जरूरी है। इस दौरान ज्यादा ठंडा पानी पीने से बचें और पौष्टिक भोजन करें। गर्मी में होने वाली परेशानियों से बचने के लिए शारीरिक व्यायाम बहुत जरूरी है। ऐसे में रोजाना सुबह 30 से 40 मिनट मार्निंग वॉक करें। ऐसा करने से मांसपेशियों में लचीलापन रहता है। पैदल चलने से मसल्स एक्टिव होती है, जोड़ों की परेशानियां कम होती हैं। रोजाना सुबह उठकर लाइट स्ट्रेचिंग करना चाहिए, जिससे रक्त का प्रवाह अच्छे से हो सके। अचानक ठंडी जगह से गर्म व गर्म जगह से ठंडी जगह जाने से बचें। सीधे बाहर न निकलें। (मौसम) के संपर्क से बचें। गर्मी में शरीर में रूखापन (ड्राइनेस) आती है। पर्याप्त मात्रा में पानी पीते रहें। फ्रीज में रखे ज्यादा ठंडे पानी या सामान का सेवन बिल्कुल न करें।

## चुनावी चटकारे...

लो आ गए चुनाव, लो आ गए चुनाव,
घूम रहे हैं नेताजी, क़स्बा, शहर, गांव।
हाथ जोड़कर मुस्कराते और छू रहे हैं पांव,
वादे और घोषणाओं के चल रहे हैं दांव।
भाषण पर भाषण, कौवों सी कांव -कांव,
कुर्सी की ख़ातिर भूले गर्मी और ठंडी छांव


विनोद कुमार शर्मा
अयोध्या नगर

### मतपत्रों में चुनाव चिन्ह के साथ उम्मीदवारों के फोटो भी होंगे

लोकसभा चुनाव में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों की बैलेट यूनिट पर चस्पा किए जाने वाले मतपत्रों में उम्मीदवारों के नाम, पार्टी का नाम और चुनाव चिन्ह के साथ फोटो तथा सर्विस वोटर्स को जारी किए जाने वाले डाक मतपत्रों पर उम्मीदवारों के नाम और पार्टी के नाम के साथ फोटो भी अंकित होंगे। ये निर्देश एक ही या मिलते-जुलते नाम के दो या दो से अधिक उम्मीदवारों के चुनाव लड़ने के पूर्व में सामने आए प्रकरणों को देखते हुए जारी किए गए हैं। उम्मीदवारों को अपने फोटो नाम निर्देशन-पत्र के साथ ही प्रस्तुत करने को कहा गया है।

## चाय पे चर्चा

⏩ डीआईजी बंगले स्थित चाय की दुकान पर चाय की चुस्कियां लेते युवाओं में लोकसभा चुनाव के प्रचार को लेकर चर्चा

### शहर में लोकसभा चुनाव को लेकर चर्चाएं जारी, वोटर का रुख अभी समझ से दूर...

राजधानी में इन दिनों लोकसभा चुनाव को लेकर चर्चाएं जोर पकड़ रही हैं। हर गली मोहल्ले में जारी चर्चाओं का रुख प्रत्याशियों के प्रचार के बाद भले ही बदला हुआ दिख रहा हो, लेकिन असल में वोटर का सही रुख किसी के भी समझ में नहीं आ रहा है।

लोगों के बीच जिस राजनैतिक पार्टी का जो प्रत्याशी पहुंचता है, लोग उसे वोट देने की बात तो कह देते हैं, लेकिन हकीकत में बटन किसका दबाया जाएगा, यह अभी तय नहीं दिखाई दे रहा है। ऐसी ही एक चर्चा में शहर के डीआईजी बंगले स्थित एक चाय की



दुकान पर चाय की चुस्कियां लेने वाले संदीप शर्मा, पवन साहू, ओमेंद्र भटनागर और संजय सिसोदिया का कहना है कि हर पार्टी का उम्मीदवार अपनी जीत के लिए लोगों से मेलजोल कर रहा है। अपने स्तर पर प्रचार कर रहा है। भले ही लोग सभी आने वाले को जिताने की बात कह रहे हों, लेकिन इसका फैसला ईवीएम पर पहुंच कर ही करते हैं। बीते कई दिनों से भाजपा, कांग्रेस के अलावा अन्य दलों के लोग जनता में मिलते उठते बैठते दिखाई दे रहे हैं, लेकिन नतीजा किसके पक्ष में आएगा, यह वोटर ही तय करेगा।

## जो हो न सका...

### चालीस साल बाद भी नहीं बन पाया भोपाल गैस त्रासदी का स्मारक, नहीं हुआ कचरे का निपटान

भोपाल गैस त्रासदी के लगभग 40 साल बाद भी स्मारक नहीं बन पाया, जबकि सरकार ने घोषणा की थी कि वह स्मारक बनाएगी। यह भोपाल में बंद हो चुकी यूनियन कार्बाइड फैक्ट्री के परिसर में बनना था, जहां से 2-3 दिसंबर 1984 की रात को जहरीली गैस निकली थी। इसने संसार की सबसे भयंकर तबाही मचाई थी। जबकि पांच साल पहले तत्कालीन भोपाल गैस त्रासदी राहत और पुनर्वास राज्य मंत्री ने बंद पड़ी फैक्ट्री का निरीक्षण करने के बाद कहा था कि हिरोशिमा मेमोरियल की तरह 1984 की भोपाल गैस त्रासदी का स्मारक बनाया जाएगा। इसको लेकर पहले भी केंद्र व राज्य सरकार के द्वारा इस स्मारक को बनाने के बारे में कई घोषणाएं की गईं, लेकिन उसके आगे कोई काम नहीं हुआ।

**फैक्ट्री में पड़ा हुआ है 10 टन जहरीला कचरा**

कहा गया था कि स्मारक की अवधारणा और योजना पूरी तरह से तैयार है और दो से तीन महीने में काम शुरू हो जाएगा। काम तो शुरू होने की बात अलग है, फैक्ट्री में पड़े 10 टन जहरीले कचरे का निपटान भी नहीं किया गया। इस कचरे को केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से कारखाने में पड़े बचे हुए कचरे को जलाने का अनुरोध करने की बात सामने आई थी, लेकिन न तो कचरा हटा और न ही स्मारक बन पाया। जबकि पिछले तीन दशकों से इस त्रासदी के स्मारक की मांग गैस पीड़ित करते आ रहे हैं।

## मुख्यमंत्री ने किया जबलपुर के संकल्प-पत्र का विमोचन

# समृद्ध और आत्मनिर्भर बनेगा जबलपुर विकास के गढ़ेगा नए सोपानः डॉ. यादव

हरिभूमि न्यूज ⏩ जबलपुर

2014 लोकसभा चुनाव में हमने 27 सीटें जीतीं, फिर 2019 के लोकसभा चुनाव में हमने 28 सीटें जीतीं। इस बार 2024 में हम सभी 29 सीटों पर जनता का आशीर्वाद मिलेगा। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को जबलपुर में पत्रकारवार्ता के दौरान कही। उन्होंने कहा कि जबलपुर में हमने पहले 1 लाख वोट से जीत हासिल की फिर 2 लाख फिर 4 लाख से हम जीते, हर बार हमने जबलपुर में नया इतिहास बनाया। यह जीत सिर्फ जनता के आशीष से होती है। इस बार भी हमें पूर्ण विश्वास है कि जनता प्रधामंत्री मोदी और भाजपा को ऐतिहासिक आशीर्वाद देगी।

यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को जबलपुर में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कही। डॉ. यादव ने यहां भाजपा के जबलपुर संकल्प पत्र का भी विमोचन किया और कहा इस संकल्प-पत्र में हमने जो वादे किये हैं, वो पीएम मोदी की गारंटी है, निश्चित पूरी होगी। जबलपुर के संकल्प-पत्र में समृद्ध विकसित और आत्म निर्भर जबलपुर का वायदा किया गया। इस दौरान कैबिनेट मंत्री राकेश सिंह, भाजपा प्रत्याशी आशीष दुबे सहित भाजपा विधायक, महापौर और पार्टी पदाधिकारी उपस्थित रहे। सीएम ने कहा कि लोकतंत्र के इस अश्वमेघ में भाजपा का दिग्विजयी घोड़ा लगातार आगे बढ़ रहा है। भाजपा लगातार नए-नए सोपान तय कर रही है। कमल का फूल विजय का तिलक लगाकर रामनवमी को सार्थक करेगा।




### विपक्ष ने लोकतंत्र को कमजोर किया

डॉ. यादव ने कहा कि आज कांग्रेस श्री राम की बात कर रही है। जब मंदिर आंदोलन चल रहा था, तब कांग्रेस ने हमारी चुनी हुई सरकारों को गिराने का काम किया। विपक्ष ने हमेशा लोकतंत्र को कमजोर करने के लिउ, लोगों को डराने के लिए सब कुछ किया। विपक्ष कहता था राम मंदिर बनेगा तो देश में दंगा होगा, लेकिन पीएम मोदी के नेतृत्व में राम मंदिर बना और सबने राममंदिर का स्वागत किया। यादव ने कहा हम हिन्दू मुसलमान सबको साथ लेकर विकास और शिलान्यास करते हैं। सबका साथ सबका विकास करते हैं।

## तेलीबांधा स्थित अशोका बिरयानी रेस्टोरेंट की घटना


# रायपुर में दर्दनाक हादसा, सीवर लाइन में सफाई करने उतरे रेस्टोरेंट के दो कर्मचारियों की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏩ रायपुर

राजधानी रायपुर से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। राजधानी रायपुर के तेलीबांधा स्थित अशोका बिरयानी रेस्टोरेंट के पास गहरे सीवर लाइन की सफाई करते हुए दो लोगों की मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक सफाई करते समय सीवर से निकली जहरीली गैस से दम घुटने की वजह से दोनों मजदूरों की मौत हो गई। दोनों मृतक अशोका बिरयानी रेस्टोरेंट के कर्मचारी बताए जा रहे हैं। पुलिस ने पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है।

यह घटना तेलीबांधा थाना की है। वहीं घटना की जानकारी मिलने पर कवरेज के लिए मौके पर पहुंचे मीडियाकर्मियों के साथ रेस्टोरेंट के कर्मचारियों ने मारपीट की।

जानकारी के अनुसार, अशोका बिरयानी के दो कर्मचारी कमलेश और डेविड गुरुवार की सुबह रेस्टोरेंट के पास करीब 15 फीट गहरे सीवर लाइन की सफाई करने अंदर दाखिल हुए थे। सफाई करते समय सीवर से निकली जहरीली गैस से दम घुटने की वजह से दोनों कर्मचारियों की मौत हो गई। इसके बाद अफरा-तफरी मच गई।



### दो कर्मचारियों की मौत से अफरा-तफरी का माहौल

इसकी घटना की सूचना तत्काल तेलीबांधा थाना पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पाकर पेट्रोलिंग की टीम मौके पर पहुंच गई। जिसके बाद दोनों को निकालने का प्रयास किया, लेकिन कामयाब नहीं हो पाए। बाद में किसी तरह दोनों शवों को बाहर निकाला गया। इसके बाद तुरंत निजी अस्पताल में लाया गया, जहां डाक्टरों ने जांच के बाद दो मजदूरों को मृत घोषित कर दिया। एक साथ दो शवों को देखकर पूरे क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल पैदा हो गया। तेलीबांधा थाना की पुलिस ने बताया कि दो लोगों की सीवर की सफाई करने के लिए अंदर दाखिल हुए थे। सफाई करते समय सीवर से निकली जहरीली गैस से दम घुटने की वजह से दोनों की मौत हो गई। फिलहाल इस पूरे मामले की जांच की जा रही है। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंचे मीडियाकर्मियों को अंदर जाने से रोका गया। जब घटना के बारे में पूछताछ की गई तो रेस्टोरेंट के कर्मचारी भड़क गए और मीडियाकर्मियों के साथ हाथापाई शुरू कर दी।

### सात लाख के गांजा के साथ अंतरराष्ट्रीय तस्कर गिरफ्तार

**रायपुर।** राजधानी रायपुर में बड़ी मात्रा में गांजा खपाने वाले अंतर्राज्यीय गांजा तस्कर को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। थाना सरस्वती नगर क्षेत्रांतर्गत कबीर चौक का पास गांजा तस्करी करते आरोपी को रंगे हाथ पकड़ा गया। आरोपी ओडिशा का रहने वाला है। उसके कब्जे से 40 किलोग्राम गांजा जब्त किया है। इसकी कीमत सात लाख रुपए आंकी गई है। बीते 16 अप्रैल को एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट अंतर्गत नारकोटिक्स सेल की टीम को सूचना प्राप्त हुई कि थाना सरस्वती नगर क्षेत्रांतर्गत कबीर चौक स्थित शनि मंदिर के पास एक व्यक्ति अपने चारपहिया वाहन में गांजा रखा है। उसने बेचने के लिए कहीं जाने की फिराक में है। सरस्वती नगर पुलिस की संयुक्त टीम ने मुखबीर के बताए जगह पर जाकर उसे रंगे हाथ पकड़ा। पुलिस के पूछताछ में उसने अपना नाम नरेश निहाल बताया। उसके चारपहिया वाहन की तलाशी लेने पर गांजा रखा होना पाया गया। इस पर आरोपी नरेश निहाल को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 40 किलोग्राम गांजा, चारपहिया वहान और एक नग मोबाइल जब्त किया गया है।

## चिंतन

# वैश्विक तनाव के दौर में सतर्क रहे भारत

पहले चरण के चुनाव और ईरान व इजराइल के बीच शुरू जंगी तनाव के बाद से भारतीय शेयर बाजार और सर्राफा बाजार ने उतार-चढ़ाव वाली प्रतिक्रिया दी है। शेयर बाजार में गिरावट दर्ज की गई है तो सर्राफा बाजार में तेजी देखी जा रही है। पहले चरण में 19 अप्रैल को 102 लोकसभा सीटों पर मतदान होने जा रहा है। इसके लिए अंतिम दिनों में प्रचार अभियान के दौरान सियासी दलों का पारा बेशक गर्म रहा, लेकिन भारतीय शेयर बाजार में उतार जारी रही है। भारतीय शेयर बाजारों में बृहस्पतिवार को लगातार चौथे कारोबारी सत्र में गिरावट रही। सेंसेक्स 455 अंक और निफ्टी 152 अंक गिर गया। लोकसभा चुनाव, ईरान व इजराइल के बीच युद्ध जैसा तनाव, नीतिगत दर में कटौती की उम्मीद कम होने और घरेलू बाजार से विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की लगातार पूंजी निकासी के चलते शेयर बाजार में बिकवाली जारी है। पश्चिम एशिया में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और अमेरिकी ब्याज दर में कटौती की उम्मीद कम होने से भी कारोबारी धारणा निगेटिव रूप से प्रभावित हो रही है। अमेरिकी शेयर बाजार में भी गिरावट का चक्र चल रहा है। सेंसेक्स में चार दिन से जारी तेज गिरावट के कारण निवेशकों की संपत्ति 9.30 लाख करोड़ रुपये कम हो गई। चार दिन में सेंसेक्स 2,549.16 अंक या 3.39 प्रतिशत टूट चुका है। बीएसई मानक सूचकांक के 10 अप्रैल को 75,000 के ऐतिहासिक आंकड़े के पार बंद होने के बाद 12 अप्रैल से बाजार में गिरावट जारी है। इसके उलट सोने का भाव एतिहासिक रूप से बढ़ रहे हैं। ईरान व इजराइल के बीच जंगी तनाव शुरू होने के बाद से सोने भाव 11 हजार रुपये प्रति दस ग्राम तक बढ़ चुके हैं, यहा दिखाता है कि निवेशकों में कितनी घबराहट है। दरअसल, जब वैश्विक स्तर पर किसी संकट के गहराने की आशंका प्रबल होती है तो निवेशकों का रुख बदलने लगता है, वह शेयर बाजार से विमुख होकर सोने में निवेश शुरू कर देता है। यही कारण है कि शेयर बाजार में गिरावट दर्ज होने लगती है और सर्राफा बाजार में तेजी आने लगती है। इस समय वैश्विक स्तर पर भूराजनीतिक तनाव अपने चरम पर है। रूस व यूक्रेन जंग तीसरे वर्ष में जारी है, हमास व इजराइल के बीच जंग चल ही रही है, ईरान ने ड्रोन व मिसाइल से हमले कर इजराइल के खिलाफ नया मार्चा खोल दिया है, अब इजराइल बदले की ताक में है। वैश्विक रक्षा व कूटनीतिक विशेषज्ञ इस स्थिति को विस्फोटक मान रहे हैं, वे आशंका जता रहे हैं कि कहीं यह तीसरे विश्व युद्ध का रूप न ले ले। इसके पीछे सोच यह है कि इन युद्धों के चलते दुनिया दो ध्रुवों में विभाजित होती जा रही है, धीरे-धीरे युद्ध में प्रत्यक्ष वा अप्रत्यक्ष देशों की संख्या बढ़ती जा रही है। संयुक्त राष्ट्र जिस तरह कमजोर संस्था बन रह गई है, और वह वैश्विक संघर्ष को कम करने में विफल साबित हो रही है, उससे तीसरे विश्व युद्ध जैसे हालात उत्पन्न होने की आशंका प्रबल होती जा रही है। जो अमेरिका वैश्विक शांति व सुरक्षा में बढ़चढ़ कर भूमिका निभाता रहा है, इजराइल प्रेम व ईरानी दुश्मनी के चलते खुद ही संघर्ष में लिप्त होता जा रहा है। भारत बेशक तटस्थ है, लेकिन वैश्विक स्थिति का उस पर भी प्रभाव अवश्य पड़ेगा। वैश्वीकृत अर्थव्यवस्था के चलते सबसे अधिक प्रभाव अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा। भारतीय शेयर बाजार ने रिएक्ट करना शुरू कर दिया है। चूंकि भारत विकास पथ पर है, उसके विकसित अर्थव्यवस्था बनने के संकल्प हैं, इसलिए भारत को अत्यधिक सतर्क रहना होगा।



**इजराइल-ईरान तनाव**
प्रभात कुमार रॉय

# मध्य पूर्व में अमन कायम हो

> ईरान द्वारा इजराइल पर सैन्य धावा अंजाम देने के पश्चात क्या इजराइल और ईरान के बीच पैदा हुआ जबरदस्त सैन्य तनाव किसी बड़े विकराल युद्ध में परिवर्तित हो सकता है और समस्त मध्य पूर्व को अपनी चपेट में ले सकता है? फिलिस्तीन की गाजा पट्टी से सात अक्टूबर 2023 को फिलिस्तीन तंजीम हमास द्वारा इजराइल पर किए गए आकस्मिक आक्रमण से प्रारंभ हुए संघर्ष के वर्तमान दौर में ईरान द्वारा फिलिस्तीन के हमास, यमन के हूतियों, लेबनान के हिज्बुल्लाह, इराक के शिया मिलिशिया और सीरिया सरकार को फिलिस्तीनियों की मदद करने के लिए दौलत और हथियार फराहम कराए जाते रहे हैं।

यक्ष प्रश्न है कि ईरान द्वारा इजराइल पर सैन्य धावा अंजाम देने के पश्चात क्या इजराइल और ईरान के बीच पैदा हुआ जबरदस्त सैन्य तनाव किसी बड़े विकराल युद्ध में परिवर्तित हो सकता है और समस्त मध्य पूर्व को अपनी चपेट में ले सकता है? फिलिस्तीन की गाजा पट्टी से सात अक्टूबर 2023 को फिलिस्तीन तंजीम हमास द्वारा इजराइल पर किए गए आकस्मिक आक्रमण से प्रारंभ हुए संघर्ष के वर्तमान दौर में ईरान द्वारा फिलिस्तीन के हमास, यमन के हूतियों, लेबनान के हिज्बुल्लाह, इराक के शिया मिलिशिया और सीरिया सरकार को जबरदस्त तौर पर फिलिस्तीनियों की मदद करने के लिए बेशुमार दौलत और हथियार फराहम कराए जाते रहे हैं। इजराइल और हमास के मध्य जारी संघर्ष के इस दौर में इजराइल द्वारा सीरिया की राजधानी दमिश्क में ईरान के वाणिज्य दूतावास पर घातक आक्रमण किया, जिसमें कि ईरान के रिवॉल्यूशनरी गार्ड्स के दो जनरल तथा अनेक सैन्य अधिकारियों सहित 13 ईरानी हलाक हो गए थे। इन सैन्य अधिकारियों में ईरान की कुद्स फोर्स के ब्रिगेडियर जनरल मोहम्मद रेजा जाहेदी भी शामिल थे। कुद्स फोर्स ईरान के इलीट सैन्य फोर्स रिवॉल्यूशनरी गार्ड्स का ईरान से बाहर सैन्य कार्यवाही अंजाम देने वाला सैन्य दस्ता है।

हालांकि इजराइल ने अभी तक कदाचित यह नहीं कबूल किया है कि उसने ही दमिश्क में ईरान के वाणिज्य दूतावास पर घातक हमला किया था। इस आक्रमण के प्रतिशोध में ईरान ने इजराइल पर 300 से अधिक ड्रोन विमानों तथा ब्लास्टिक और क्रूज मिसाइलों से सीधा धावा बोल दिया। ईरान द्वारा अंजाम दिए गए आक्रमण में इजराइल को बहुत कम नुकसान उठाना पड़ा, क्योंकि इजराइल ने दावा किया है कि ईरान द्वारा दागी गई 90 प्रतिशत ब्लास्टिक और क्रूज मिसाइलों को हवा में ही मार गिराया गया। हालांकि इस जवाबी हमले में ईरान ने अपनी सैन्य क्षमता का बहुत कम प्रयोग किया, क्योंकि ईरान केवल सांकेतिक तौर पर इजराइल को यह पैगाम देना चाहता था कि वह इजराइल के विरुद्ध सीधा सैन्य आक्रमण अंजाम दे सकता है। ईरान के रिवॉल्यूशनरी गार्ड्स वस्तुतः सीरिया के माध्यम से ही हिज़बुल्लाह तंजीम के लिए हथियार और सैन्य साज़ो सामान भेजा करते हैं। इनमें मिसाइलें और रॉकेट आदि शामिल रहे हैं। इजराइल इन हथियारों की आपूर्ति को रोकने की सदैव कोशिश में रहा है। साथ ही वह सीरिया में ईरान की सैन्य ताक़त को मज़बूत होता भी नहीं देखना चाहता। यदि हम अतीत पर एक विहंगम दृष्टि डालें तो फिर यह ज्ञात होता है कि वर्ष 1979 तक ईरान और इजराइल एक दूसरे के जबरदस्त सहयोगी देश बने रहे थे, किंतु 1979 में ईरान में इस्लामी क्रांति संपन्न हो जाने के पश्चात एक दूसरे के दुश्मन देश बन गए हैं। ईरान द्वारा अंजाम दिए गए इस आक्रमण से पहले भी दोनों ही देश एक दूसरे पर अप्रत्यक्ष तौर पर आक्रमण करते रहे हैं, लेकिन इन आक्रमणों में प्रायः एक दूसरे के सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया जाता रहा था, दोनों देशों ने कभी इन हमलों की जिम्मेदारी नहीं ली। अभी तक ईरान ने इजराइल के अस्तित्व को बाकायदा कूटनीतिक तौर पर स्वीकार नहीं किया है।




ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह अली खामेनेई फरमाते हैं इजराइल एक कैंसर का ट्यूमर है और उसे पूरी तरह नेस्तनाबूद कर दिया जाएगा। इजराइल हुकूमत बयान करती कि ईरान उसके अस्तित्व के लिए बहुत गंभीर खतरा बना हुआ है। इजराइल हुकूमत इल्जाम आयद करती है कि ईरान फिलिस्तीनियों को हथियारबंद करता रहता है, लेबनान को फंडिंग करता है और हथियार फराहम कराता है। इजराइल का इल्जाम है कि ईरान गुप्त तौर पर परमाणु हथियार निर्मित कर रहा है, जबकि ईरान न्यूक्लियर बम बनाने से एकदम स्पष्ट इनकार करता है। मध्य-पूर्व में अमेरिका और इजराइल के हितों को चुनौती देने के लिए ईरान ने सहयोगियों का एक शक्तिशाली नेटवर्क निर्मित कर लिया है। ईरान किसी न किसी स्तर पर इन सहयोगियों का मदद करता रहता है। हकीकत बयान करती है कि इजराइल के पास परमाणु हथियार विद्यमान हैं, लेकिन आधिकारिक तौर पर इजराइल इसे स्वीकार नहीं करता है और ईरान परमाणु बम निर्मित कर पाने की क्षमता से कुछ कदम ही दूर है। इजराइल हमेशा ही ईरान के साथ किसी भी तरह के समझौते का विरोधी रहा है। सीरिया वस्तुत ईरान का सबसे बड़ा सहयोगी देश रहा है। रूस की मदद से ईरान ने सीरिया में बशर अल-असद की सरकार की निरंतर इमदाद और हिमायत की है। एक दशक से चल रहे गृह युद्ध के बावजूद बशर अल-असद रूस और ईरान की सक्रिय इमदाद से सीरिया के राष्ट्रपति पद पर आसीन हैं। यूक्रेन युद्ध के दौर में ईरान द्वारा रूस को भारी संख्या में ड्रोन विमान प्रदान किए जा रहे हैं। विश्व राजनीति के पटल पर एक दफा पुनः परस्पर विरोधी दो शक्तिशाली सैन्य गुटों का उदय हो चुका है और दुनिया के दरवाजे पर एक और कोल्ड वॉर बाकायदा दस्तक दे चुकी है। एक तरफ अमेरिका की कयादत में नॉटो सैन्य संधि के राष्ट्र हैं तो दूसरी तरफ चीन, रूस, ईरान, नार्थ कोरिया, सीरिया, लेबनान, यमन, क्यूबा आदि राष्ट्र एकजुट हैं। इजराइल को ईरान के विरुद्ध सीधी सैन्य कार्यवाही अंजाम देने से अमेरिका द्वारा फिलहाल रोक दिया गया है। अमेरिका को प्रबल आशंका है कि इजराइल द्वारा ईरान के विरुद्ध जवाबी सैन्य कार्यवाही से युद्ध का विकट विस्तार हो सकता है। विश्व पटल पर ईरान अब अकेला और अलग थलग देश नहीं रह गया है, वरन रूस और चीन सरीखी प्रबल सैन्य शक्तियों का समर्थन ईरान के साथ सन्नद हो चुका है। चीन द्वारा सऊदी अरब और ईरान के मध्य कूटनीतिक मित्रता स्थापित करने का समुचित प्रयास किया जा रहा है। यूक्रेन युद्ध में दो वर्षों से निरंतर उलझा हुआ अमेरिका कदाचित नहीं चाहता है कि उसके लिए जंग का एक नया मोर्चा अभी और खुल जाए, इजराइल वस्तुतः अमेरिका के समर्थन और सैन्य सहयोग के अभाव में ईरान से कदापि सीधे युद्ध करने की हिम्मत कदाचित नहीं जुटा सकता है। दरअसल जब तक फिलिस्तिनियों को खुदमुख्तार और आजाद राष्ट्र नहीं हासिल हो जाएगा तब तक मध्यपूर्व में शांति स्थापित नहीं हो सकेगी। पश्चिम के नॉटो राष्ट्रों ने फिलीस्तिनियों के साथ घनघोर अन्याय किया है। अमेरिका की कयादत में नॉटो राष्ट्रों द्वारा इजराइल का अन्ध समर्थन किया जाता रहा है और फिलिस्तिनियों के वाजिब हक की उपेक्षा की जाती रही है। वर्ष 1948 में संयुक्त राष्ट द्वारा नवनिर्मित राष्ट्र इजराइल को 55 फीसदी और फिलिस्तिनियों को 45 फीसदी जमीन पर हक प्रदान किया गया। जबकि आजकल फिलिस्तिनियों पास केवल 15 फीसदी जमीन रह गई है। विगत अक्तूबर से गाजा में इजराइल द्वारा जो जुल्म बच्चों और महिलाओं को कत्ल औ गारद अंजाम देकर ढाया जा रहा है। मानवाधिकारों का ढोल पीटने वाले पश्चिमी देश एकदम खामोश बने हुए है। फिलिस्तीन समस्या के समुचित और न्यायपूर्ण निदान के बिना मध्यपूर्व में शांति और अमन की स्थापना नहीं की जा सकेगी और विनाशकारी युद्ध की आशंकाएं निरंतर कायम बनी रहेंगी।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

**आम चुनाव**
विवेक शुक्ला



# पूर्वोत्तर भाजपा के लिए क्यों अहम

पूर्वोत्तर भारत के राज्यों में 19, 26 अप्रैल और फिर 9 मई को लोकसभा की 25 सीटों के लिए मतदान होना है। भाजपा की चाहत है कि वह अपने सहयोगियों के साथ पूर्वोत्तर के राज्यों में इस बार क्लीन स्वीप करे। 2019 के लोकसभा चुनाव में अलग-अलग लड़ने के बावजूद भाजपा और उसकी सहयोगी पार्टियों को 25 में से 19 सीटों पर जीत मिली थी। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने भाजपा की तरफ से पूर्वोत्तर में कैंपेन की कमान संभाली हुई है। उन्होंने बीते सोमवार को एक चुनावी सभा में कहा कि मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की प्राथमिकता शांति स्थापित करना और मणिपुर में सभी समुदायों के बीच एकता सुनिश्चित करना है। इस बार का चुनाव मणिपुर को एकजुट करने और राज्य के विभाजन का विरोध करने के लिए है। गृहमंत्री ने सभा में कहा, 'हम किसी भी कीमत पर मणिपुर को विभाजित नहीं होने देंगे।' पीएम मोदी हमेशा कहते रहे हैं कि देश की किस्मत तब बदलेगी, जब पूर्वोत्तर और मणिपुर की किस्मत बदलेगी। मोदी न केवल क्षेत्र और देश का विकास कर रहे हैं, बल्कि मणिपुर और भारत की भी रक्षा कर रहे हैं। पूर्वोत्तर भारत में लोकसभा की 25 सीटें आठ राज्यों में फैली हुई हैं। इनमें, अकेले असम में 14 सीटें हैं। मणिपुर, अरुणाचल प्रदेश, मेघालय और त्रिपुरा में दो-दो सीटें हैं, जबकि नगालैंड, सिक्किम और मिजोरम में एक-एक सीट है। वहीं, विपक्षी दलों ने भी भाजपा के विजयरथ को रोकने के लिए साथ आने का फैसला किया है। इस बार के चुनाव में सबकी नजर नॉर्थ ईस्ट पर हैं। इस बीच, एक खबरिया चैनल के मुताबिक, 14 लोकसभा सीट वाले असम में सत्तारूढ़ भाजपा 11 से 13 सीट जीत सकती है, जबकि कांग्रेस के 0 से 1 सीट जीतने की उम्मीद है। वहीं, बदरुद्दीन अजमल की ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (एआईयूडीएफ) की भी 0 से 1 सीट जीतने की उम्मीद है. वहीं, नॉर्थ ईस्ट के अन्य राज्यों की 11 सीट में बीजेपी 4 से 6 सीट जीत सकती है। सर्वे के अनुसार कांग्रेस को नॉर्थ ईस्ट में 0 से 2 सीट मिल सकती हैं, जबकि अन्य के खाते में 4 से 6 सीट जा सकती हैं। इस बीच, पूर्वोत्तर मामलों के जानकार भी कहते हैं कि केन्द्र सरकार ने देश के पूर्वोत्तर राज्यों के इंफ्रास्ट्रक्चर विकास के लिए दिल खोलकर मदद की है। इसका भाजपा को लाभ मिलेगा। पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए प्रधानमंत्री विकास पहल (पीएम-डिवाइन) को केन्द्रीय बजट 2022-23 में 100 प्रतिशत केंद्रीय वित्त पोषण के साथ एक नई केंद्रीय क्षेत्र योजना के रूप में घोषित किया गया था और 12 अक्टूबर, 2022 को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 2022-23 से 2025-26 तक 4 साल की अवधि (15वें वित्त आयोग की अवधि के शेष वर्ष) के लिए 6,600 करोड़ के कुल परिव्यय के साथ अनुमोदित किया था। पीएम डिवाइन योजना के लिए विस्तृत दिशा निर्देश 21 अगस्त 2023 को जारी किए गए थे। उधर, राजधानी में रहने वाले पूर्वोत्तर राज्यों के नागरिक अपने राज्य के चुनावी माहौल पर नजरें टिकाए हुए हैं। पेशे से सिविल इंजीनियर जेम्स मणिपुर कहते हैं, अब दिल्ली-एनसीआर अपना लगता है। हम यहां ही 25 मई को अपना वोट देंगे। इधर हमारे साथ नस्लीय हिंसा और भेदभाव की घटनाएं गुजरे दौर की बातें हो चुकी हैं। जेम्स की टिप्पणी से भरोसा जागता है, पर अरुणाचल प्रदेश के नौजवान निडो तानिया के साथ जो हुआ था वह भी तो भुलाया नहीं जाता। उनकी 2014 में लाजपत नगर में नस्लीय टिप्पणी का विरोध करने पर हत्या कर दी गई थी। उस भयावह घटना की गूंज दूर तक गई थी। दिल्ली शर्मसार भी हुई थी। टी. वांगमू नोरबू दार्जिलिंग से हैं। कहती हैं, दिल्ली पुलिस ने नार्थ ईस्ट, दार्जिलिंग और लद्दाख के नागरिकों के मसलों को देखने के लिए एक अलग से यूनिट बनाकर ठोस पहल की थी। बेशक, इसके गठन के बाद हमारी एक पुरानी मांग पूरी हुई थी। पर्वतारोही वांगमू नोरबू को अब रात को किसी पार्टी से अपने वसंत कुंज वाले घर वापस आते हुए डर नहीं लगता। वजह दिल्ली पुलिस का उनको लेकर अधिक सेंसटिव होना है। इसके कामकाज को खुद गृह मंत्री अमित शाह देखते हैं। 2014 में जब नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र में एनडीए की सरकार बनी तब तत्कालीन गृह मंत्री राजनाथ सिंह ने पूर्वोत्तर परिषद के सदस्य एमपी बेजबरुआ की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया था। समिति का एक सुझाव यह भी था कि दिल्ली पुलिस में एक डेडिकेडिट यूनिट पूर्वोत्तर के नागरिकों के मसलों को सुलझाने के लिए बने। सरकार ने इस सिफारिश को माना। जाहिर है, तब से दिल्ली पुलिस का समावेशी चेहरा भी सामने आया। वर्ना पहले तो दिल्ली पुलिस का मतलब दिल्ली देहात और हरियाणा ही होता था। बहरहाल, भाजपा को अगर 370 सीटों को जीतने के अपने लक्ष्य को प्राप्त करना है, तो उसे पूर्वोत्तर राज्यों में पहले से बेहतर प्रदर्शन करना ही होगा।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## जीवन का मार्गदर्शन करती है अंतःकरण की आवाज



संकलित
**प्रेरणा**

हमारे अंतःकरण की आवाज हमारी मुख्य मार्गदर्शक होती है। यही हमें सही और गलत में अंतर का आभास कराती है। मनोविज्ञान के अनुसार, जब किसी मनुष्य का कोई कार्य, विचार और अभिव्यक्ति नैतिक मूल्यों के विपरीत परिणाम देती है तो अंतर्मन की आवाज उस व्यक्ति में ग्लानि और पश्चाताप की भावना को जन्म देती है, लेकिन जब हमारे कार्य नैतिक मूल्यों के अनुरूप परिणाम देते हैं तो इससे मन भीतर से प्रसन्न होता है। आज के इस कोलाहल भरे समय में हम प्रायः अपने अंतःकरण की आवाज को सुन नहीं पाते या उसे सुनकर उस पर अपेक्षित मनन नहीं करते। यही कारण है कि हम अपने जीवन में भटकाव महसूस करते हैं। महात्मा गांधी तो अंतःकरण की आवाज को ही सर्वोच्च मानते थे। उनके कई निर्णयों का आधार ही अंतःकरण की आवाज थी। इसी कारण गांधीजी सत्य के साथ खड़े रहे। इसीलिए उनके द्वारा किए गए अधिकांश प्रयोग सफल रहे। जीवन में सदैव संतुष्ट एवं प्रसन्न रहने का सरल सा तरीका यही है कि हम अपने अंतःकरण की आवाज सुनें, क्योंकि हमारे अंदर से आने वाली आवाज प्रत्येक परिस्थिति में सही होती है। हम जब कभी भी कुछ गलती या बुरा आचरण कर रहे होते हैं, तब हम अपनी भूल को जानते हैं। हमें कुछ अटपटा सा लगता है। भीतर से आवाज आती है कि यह कार्य उचित नहीं है। यही हमारे अंतःकरण की आवाज होती है। यही आवाज हमें कुछ गलत करने से रोकती है। जब हम अपने अंतःकरण की आवाज को अनसुना करते हैं तो अंतरात्मा से हमारा संपर्क कमजोर हो जाता है।

## मृत्यु अटल है, जो समझते हैं, वे प्रसन्न रहेंगे



संकलित
**दर्शन**

एक प्रवचन के बाद एक व्यक्ति तुकाराम के पास आया और बोला कि आप इतने आनंद में और शांत कैसे रहते हैं? तुकाराम जी ने उस व्यक्ति की बातें ध्यान से सुनीं और अचानक बोले कि भाई सात दिनों के बाद तुम्हारी मृत्यु होने वाली है। ये बात सुनते ही तुरंत ही उस व्यक्ति की हालत खराब हो गई। क्योंकि वह मानता था कि तुकाराम जी बहुत सिद्ध संत हैं, इनकी बात गलत नहीं हो सकती है। उसने तय किया कि जीवन के सात दिन बचे हैं तो अब आनंद के साथ ही जीना चाहिए। उस व्यक्ति ने अपनी जीवन शैली ही बदल दी। सभी के साथ प्रेम से रहने लगा। उसने जो गलतियां की थीं, उनमें सुधार किया। जिन लोगों को उसकी वजह से नुकसान हुआ था, उनसे क्षमा मांगी। हर पर प्रसन्न रहने लगा। इसी तरह सातवां दिन आ गया। उनसे सोचा कि अंतिम दिन अपने गुरु से भी मिल लेना चाहिए। वह तुरंत ही तुकाराम जी के पास पहुंच गया। उसने कहा कि जैसा आपने कहा था कि मेरी सात दिन बात मृत्यु होगी। आज सातवां दिन है। अंतिम दिन मैं आपसे मिलने आया हूं। तुकाराम जी ने उसकी बात सुनी और कहा कि जुग-जुग जियो। ये बात सुनकर उस व्यक्ति ने कहा कि गुरु जी मैं अगले दिन तो मैं मर जाऊंगा तो आप ऐसा आशीर्वाद क्यों दे रहे हैं? तुकाराम जी ने कहा कि मैंने तो तुम्हें तुम्हारे ही सवाल का जवाब दिया था, तुमने मेरे प्रसन्न रहने का रहस्य पूछा था।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### कुप्रथा का अंत कैसे होगा

दहेज का मतलब होता है बेटी को शादी के समय अपनी खुशी से कोई उपहार देना। भारत में यह प्रथा प्राचीन काल से चली आ रही है। लेकिन आधुनिक और भौतिकवाद के समय में आज कुछ लालची लोगों ने इसे कुप्रथा बना दिया है। हमारे देश में दहेज कुप्रथा अभी भी पैर पसारे हुए है। हमारे राज्य में भी इस कुप्रथा का चलन कोई कम नहीं है। यहां भी दहेज लेने-देने की रूढ़िवादी परंपरा गरीबों के लिए अभिशाप बनी हुई है। दहेज के बहुत से रूप हैं, सोना, चांदी, गाड़ी, इलेक्ट्रॉनिक सामान, और भी न जाने क्या कुछ। शादी के समय वधू पक्ष की तरफ से वर पक्ष के रिश्तेदारों को कपड़े, कंबल आदि सामान देने की रूढ़िवादी रीत चली हुई है। वर पक्ष जब वधू पक्ष के घर पर बारात लेकर पहुंचते हैं तब मिलनी कराने के नाम पर भी दहेज दी जाती है।

*- ज्योति पाठक, रायगढ़*

## करंट अफेयर

### यूएन का सदस्य बन जाएगा फिलिस्तीन?



मान्यता को लेकर फिलिस्तीन के लिए शुक्रवार बड़ा दिन साबित होने वाला है। खबर है कि संयुक्त राष्ट्र में फिलिस्तीन की पूर्ण सदस्यता के लिए मतदान होने जा रहा है। हालांकि, यह राह पूरी तरह से आसान नहीं है। संभावनाएं जताई जा रही हैं कि अमेरिका की तरफ से इसे वीटो किया जा सकता है। खास बात है कि यह ऐसे समय पर हो रहा है, जब इजरायल और हमास के बीच गाजा में जारी जंग 6 महीने से जारी है। रॉयटर्स के अनुसार, राजनयिकों का कहना है कि फिलिस्तीन की यूएन में पूर्ण सदस्यता के लिए अनुरोध पर शुक्रवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में मतदान होगा। उन्होंने कहा कि 15 सदस्यीय परिषद दोपहर 4 बजे उस मसौदा प्रस्ताव पर मतदान करेगी, जिसमें 193 सदस्यीय संयुक्त राष्ट्र महासभा से सिफारिश की गई है कि फिलिस्तीन को यूएन की सदस्यता दी जाए। अब खास बात है कि प्रस्ताव को पास होने के लिए पक्ष में कम से कम 9 मतों की जरूरत है। साथ ही अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, रूस या चीन इसपर वीटो न करें। काउंसिल के सदस्य अल्जीरिया ने मसौदा प्रस्ताव पेश किया था और गुरुवार को मिडिल ईस्ट पर सुरक्षा परिषद की बैठक साथ मतदान करने का अनुरोध किया था।

## ऑफ बीट


### क्या एआई हमारे दिमाग को पढ़ सकता है? शायद नहीं




इस साल की शुरुआत में, न्यूरालिंक ने 29-वर्ष के एक अमेरिकी युवक नोलैंड आर्बॉघ, जो कंधे से नीचे तक लकवाग्रस्त है, के मस्तिष्क में चिप प्रत्यारोपित किया था। चिप ने आर्बॉघ को माउस पॉइंटर को स्क्रीन पर घूमने की कल्पना मात्र से स्थानांतरित करने में सक्षम बना दिया है। मई 2023 में, अमेरिकी शोधकर्ताओं ने जेनेरिक एआई के संयोजन में मस्तिष्क स्कैन से किसी के मन में आने वाले शब्दों को 'डीकोड' करने के लिए एक गैर-आक्रामक तरीके की भी घोषणा की। इसी तरह की एक परियोजना ने 'दिमाग पढ़ने वाले एआई हैट' का जिक्र करके सुर्खियां बटोरीं। क्या तंत्रिका प्रत्यारोपण और जनरेटिव एआई वास्तव में ''दिमाग पढ़ सकते हैं''? क्या वह दिन आ रहा है जब कंप्यूटर किसी के भी पढ़ने के लिए हमारे विचारों की सटीक वास्तविक प्रतिलिपि तैयार कर सकेंगे? ऐसी तकनीक के कुछ लाभ हो सकते हैं - विशेष रूप से ग्राहक लक्ष्यीकरण डेटा के नए स्रोतों की तलाश करने वाले विज्ञापनदाताओं के लिए - लेकिन यह गोपनीयता के अंतिम गढ़ को ध्वस्त कर देगा: हमारे अपने दिमाग का एकांत। हालाँकि, इससे पहले कि हम घबराएँ, हमें यह पूछना बंद कर देना चाहिए: क्या तंत्रिका प्रत्यारोपण और जनरेटिव एआई वास्तव में ''दिमाग पढ़ने'' का काम कर सकते हैं?

## ट्रेंड

### रिफॉर्म, परफॉर्म पर जोर



भारत का पूरा जोर रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म पर है। विकास के प्रति हमारा दृष्टिकोण भविष्यवादी है और इसका उद्देश्य एक बेहतर और अधिक टिकाऊ ग्रह का निर्माण करना भी है। हम इसके लिए पूरी शिद्दत से प्रयास में जुटे हैं।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### प्रसन्नता विचार सापेक्ष



जब मनुष्य के पास सद्विचारों का प्रकाश आता है, तो उसे शाश्वत आह्लाद की संप्राप्ति होती है।आनंद का अर्थ है, प्रसन्नता, शांति, स्फूर्ति, उमंग और उल्लास का आना। प्रसन्नता वस्तु और पदार्थ सापेक्ष नहीं अपितु विचार सापेक्ष है।

-अवधेशानंद, आध्यात्मिक गुरु

### क्रांतिकारी कदम होगा



कांग्रेस ने कर्नाटक में हर गरीब महिला के खाते में हर महीने 2000 रुपये डाल कर दिखाया। अब पूरे देश की गरीब महिलाओं के खाते में हर माह 8500 रुपये डालकर दिखाएगी। महालक्ष्मी योजना करोड़ों 'क्रांतिकारी कदम' बनने जा रही है।

-राहुल गांधी, कांग्रेस नेता

### बुनियादी जरूरतों का होना खुशी



हम में से बहुत से लोग कहते हैं कि पैसे से खुशी नहीं खरीदी जा सकती, लेकिन पैसे से भोजन खरीदा जा सकता है, आवास खरीदा जा सकता है, स्वास्थ्य बिल चुकाए जा सकते हैं, फीस भरी जा सकती है, इन बुनियादी जरूरतों का होना खुशी है।

-हर्ष गोयनका, उद्योगपति

### अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने राहुल गांधी पर कसा तंज

# कांग्रेस का 'राहुलयान' न लॉन्च हो पाया न लैंड... पिछली बार अमेठी में हार के बाद उनमें वहां से चुनाव लड़ने की हिम्मत नहीं

एजेंसी ▶▶ पत्तनमथिट्टा/केरल

लोकसभा चुनाव का प्रचार चरम पर है और आज पहले चरण की वोटिंग होगी। इस बीच, भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता तथा केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को अपने संसदीय क्षेत्र गांधीनगर के साणंद में रोडशो निकाला। वहीं, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने केरल के कासारगोड, वडकारा, कन्नूर, पत्तनमथिट्टा, मावेलीक्करा, कोल्लम क्षेत्र में ताबड़तोड़ रैलियां की। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने असम के गोलपारा और कोकराझार में जनसभा को संबोधित किया। दूसरी ओर कांग्रेस की ओर से सांसद राहुल गांधी ने केरल के कन्नूर में चुनावी सभा को संबोधित किया।

केंद्रीय रक्षा मंत्री और भाजपा के दिग्गज नेता राजनाथ सिंह ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर बड़ा हमला बोला है। केरल के पत्तनमथिट्टा में भाजपा उम्मीदवार अनिल के एंटनी के पक्ष में चुनाव प्रचार के दौरान राजनाथ सिंह ने राहुल गांधी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि 'कांग्रेस पार्टी का 'राहुलयान' न तो 'लॉन्च' हो पाया और न ही कहीं 'लैंड' कर पाया। उन्होंने कहा कि राहलु 2019 में अमेठी लोकसभा सीट से हार गए थे, इसलिए उनमें इस बार वहां से चुनाव लड़ने की हिम्मत नहीं है। राजनाथ ने कहा कि राहुल गांधी अपनी हार के बाद यूपी से केरल पलायन कर गए हैं। उन्होंने कहा कि मैंने सुना है कि वायनाड के लोगों ने उन्हें (राहुल गांधी) अपना सांसद नहीं बनाने का फैसला किया है। राजनाथ ने कहा कि देश में विभिन्न अंतरिक्ष कार्यक्रम और परियोजनाएं लॉन्च की जा रही हैं लेकिन कांग्रेस के युवा नेता पिछले 20 वर्षों में भी 'लॉन्च' नहीं हो पाए।

लोकसभा चुनाव का प्रचार चरम पर है और आज पहले चरण की वोटिंग होगी। इससे पहले भाजपा के वरिष्ठ नेता राजनाथ सिंह ने केरल की एक चुनाव रैली में कांग्रेस के राहुल गांधी पर बड़ा हमला बोलते हुए कहा कि अमेठी में राहुल अपनी हार के बाद यूपी से केरल पलायन कर गए हैं।

एके एंटनी सिद्धांतवादी व्यक्ति, उनकी अपनी मजबूरियां

कांग्रेस के युवा नेता 20 वर्षों में भी लॉन्च नहीं हो पाए

### दो दिन में राजनाथ सिंह ने केरल के कासारगोड, वडकारा, कन्नूर, पत्तनमथिट्टा, मावेलीक्करा, कोल्लम में की रैलियां



### पिता होने के नाते बेटे को दें आशीर्वाद

राजनाथ सिंह ने कहा कि मैं जानता हूं कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एके एंटनी सिद्धांतवादी व्यक्ति हैं और मैं उनकी मजबूरियां समझता हूं। उनके लिए अनिल एंटनी का समर्थन करना मुश्किल है। हालांकि मैं उनसे कहना चाहूंगा कि अनिल आपका बेटा है। उन्होंने कहा कि भले ही एके एंटनी अपने बेटे को वोट न दें या उनके लिए वोट नहीं मांगे, लेकिन आप उनके पिता हैं और इस नाते मैं आपसे अनुरोध करता हूं कि आपका आशीर्वाद उनके साथ हो। केरल में लोकसभा चुनाव 26 अप्रैल को होंगे और नतीजे 4 जून को घोषित किए जाएंगे।

### वामपंथी कुप्रबंधन के कारण केरल में हालात खराब

सिंह ने यह भी आरोप लगाया कि राज्य में कांग्रेस के नेतृत्व वाले संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) और कांग्रेस नीत एलडीएफ की सरकारों के कारण केरल की हालत खराब है। उन्होंने लोगों से भाजपा को सशक्त बनाने का आग्रह किया। सिंह ने केरल की आर्थिक समस्याओं के मुद्दे पर भी एलडीएफ पर हमला किया और कहा कि ये वामपंथी प्रशासन के कुप्रबंधन के कारण पैदा हुई हैं, उच्चतम न्यायालय ने भी इस बात को माना है।

### शाह का साणंद में मेगा रोड शो



### नरेंद्र मोदी को फिर से बनाएं प्रधानमंत्री

**अहमदाबाद।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने गुजरात के गांधीनगर लोकसभा क्षेत्र के साणंद में रोडशो निकाला। इसी संसदीय क्षेत्र से वह लोकसभा चुनाव में भाजपा के प्रत्याशी हैं। विशेष रूप से तैयार किए गए वाहन में खड़े अमित शाह ने एपीएमसी चौक से नालसरोवर चौक तक इस रोडशो के दौरान बड़ी संख्या में जुटे लोगों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं का अभिवादन किया। शाह ने अहमदाबाद के साणंद के बाद, गांधीनगर जिले के कलोल शहर और अहमदाबाद के वेजालपुर क्षेत्र में रोडशो करने के बाद रैली को संबोधित किया। इस दौरान शाह ने कहा कि मैं अपने गांधीनगर लोकसभा क्षेत्र के भाइयों और बहनों से देश को हर क्षेत्र में नंबर वन और गांधीनगर को देश के सबसे विकसित लोकसभा क्षेत्रों में से एक बनाने हेतु फिर एक बार कमल खिलाने और मोदी जी को पुनः प्रधानमंत्री बनाने का आह्वान करता हूं।

### मोदी सरकार के कार्यकाल में ही पूर्वोत्तर मुख्यधारा में शामिल हो सका: नड्डा



**कोकराझार (असम)।** भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कांग्रेस पर पूर्वोत्तर को 'अलग-थलग' रखने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि देश में नरेंद्र मोदी की अगुवाई वाली सरकार के कारण ही पूर्वोत्तर मुख्यधारा में शामिल हो सका। नड्डा ने कहा कि कांग्रेस की नीति पूर्वोत्तर को अलग-थलग और अंधेरे में रखना थी। यह मोदी और हिमंत विश्व शर्मा की सरकारें हैं जिन्होंने आपको देश के बाकी हिस्सों से जोड़ने की दिशा में काम किया। मोदी शासन के तहत विशेष रूप से बोडो उग्रवादी संगठनों के साथ शांति समझौतों हुए।

### रवि किशन करवाएं डीएनए टेस्ट तभी खत्म होगा विवाद



सोमवार को अपर्णा ठाकुर नाम की एक महिला ने भोजपुरी स्टार और गोरखपुर से भाजपा प्रत्याशी रवि किशन के अपनी बेटी का पिता होने का दावा किया था। अपर्णा ठाकुर का कहना था कि उनकी 25 साल की बेटी शिनोवा, रवि किशन की बेटी है। शिनोवा ने कहा है कि इस विवाद को खत्म करने के लिए रवि किशन का पैटरनिटी टेस्ट करवाया जाए। बता दें, रवि किशन की पत्नी प्रीति शुक्ला ने अपर्णा और उनकी बेटी के खिलाफ पुलिस में एफआईआर दर्ज करवाई थी।

### 6 किलोमीटर पैदल चलकर आएंगे वोटर



**सुकमा।** लोकसभा चुनाव के पहले चरण में 19 अप्रैल को छत्तीसगढ़ की बस्तर लोकसभा सीट वोटिंग होगी। बस्तर लोकसभा क्षेत्र में 6 विधानसभा क्षेत्रों कोंडागांव, नारायणपुर, चित्रकोट, दंतेवाड़ा, बीजापुर और कोंटा में सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक मतदान होगा। कोंटा विधानसभा क्षेत्र के सामसट्टी में मतदान चुनौतीपूर्ण होगा। क्योंकि, मतदान केंद्र तक आने के लिए मतदाताओं को 6 किमी पैदल चलकर आना होगा। यहां सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक ही वोटिंग होगी। यह घोर नक्सली इलाका है। यहां कुल मतदाता 614 है। इनमें 342 महिला और 272 पुरुष वोटर हैं।

### विपक्षी गठबंधन डरा-धमका रहा: भाजपा

भाजपा ने आरोप लगाया कि कांग्रेस और विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन के अन्य घटक दलों के नेता 'डराने-धमकाने' की राजनीति कर रहे हैं और निर्वाचन आयोग को विपक्षी नेताओं के हालिया बयानों का स्वतः संज्ञान लेते हुए उनके खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए।

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) नेता नजरुल इस्लाम ने पिछले दिनों "प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को 400 फुट नीचे दफनाने की खुलेआम धमकी दी थी।'

### महबूबा मुफ्ती ने नामांकन दाखिल किया



अनंतनाग (जम्मू-कश्मीर)। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने बृहस्पतिवार को जम्मू-कश्मीर की अनंतनाग-राजौरी लोकसभा सीट से नामांकन पत्र दाखिल किया। यहां लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में सात मई को मतदान होगा। पार्टी के कई नेताओं और सैकड़ों समर्थकों के साथ महबूबा अनंतनाग के उपायुक्त और निर्वाचन अधिकारी सैयद फखरुद्दीन के कार्यालय में अपना नामंकन पत्र दाखिल करने पहुंचीं।



### सुनेत्रा पवार ने नामांकन पत्र दाखिल किया

**बारामती।** अजित पवार की पत्नी और बारामती सीट से एनसीपी की उम्मीदवार सुनेत्रा पवार ने अपना नामांकन दाखिल कर दिया है। नामांकन के दौरान महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे, डिप्टी सीएम देवेंद्र फड़णवीस, एनसीपी नेता प्रफुल्ल पटेल और केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले मौजूद थे।





## भाजपा देश में अशांति पैदा कर रही है : राहुल

**कन्नूर (केरल)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भाजपा पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि वह देश में अशांति पैदा कर देश के लाखों लोगों को नुकसान पहुंचा रही है। राहुल ने कहा कि भाजपा देश की विविधता को बदलने का प्रयास कर रही है जबकि कांग्रेस वैचारिक भिन्नता को स्वीकार करती है। उन्होंने कहा कि नौकरशाही, न्यायपालिका, निर्वाचन आयोग, पुलिस, केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई), प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और अन्य एजेंसियां संविधान और भारतीय नागरिकों के अधिकारों की संरक्षक मानी जाती हैं। भाजपा इन संस्थानों पर कब्जा कर, ईडी और सीबीआई को राजनीतिक हथियार के तौर पर इस्तेमाल कर रही है। कांग्रेस पार्टी और यूडीएफ भारत की विविधता को स्वीकार करते हैं। हम बहु भाषाओं, परंपराओं, अलग-अलग इतिहास और हमारे सभी लोगों के विचारों को स्वीकार करते हैं। लेकिन भाजपा भारत के लोगों पर एक इतिहास, एक राष्ट्र, एक भाषा थोपना चाहती है। राहलु कन्नूर से चुनाव लड़ रहे केरल प्रदेश कांग्रेस कमेटी (केपीसीसी) के अध्यक्ष के. सुधाकरण और कासरगोड से उम्मीदवार राजमोहन उन्निथन के लिए प्रचार कर रहे थे।

---

## खबर संक्षेप

### अमिताभ को दीनानाथ मंगेशकर अवार्ड



**मुंबई।** महानायक अमिताभ बच्चन को इस साल लता दीनानाथ मंगेशकर अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा। सम्मानित होने वाली हस्तियों में एक्टर रणदीप हुड्डा और म्यूजिक कंपोजर एआर रहमान भी शामिल हैं। अवॉर्ड सेरेमनी 24 अप्रैल को आयोजित की जाने वाली है। हाल ही में मंगेशकर परिवार ने अवॉर्ड पाने वालों के नामों की घोषणा की है।

### 'जय श्री राम' बोलने पर किया हमला



**बेंगलुरु।** कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में रामनवमी के अवसर पर 'जय श्री राम' का नारा लगाने पर तीन लोगों पर कथित तौर पर हमला किये जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया कि यहां चिक्काबेट्टा हल्ली में बुधवार को यह घटना घटी और उसके सिलसिले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया एवं दो नाबालिगों को पकड़ा गया है। सभी आरोपी एमएस पाल्या के रहने वाले हैं।

### परांठे पर टैक्स का मामला हाई कोर्ट पहुंचा



**तिरुवंतपुरम।** केरल हाई कोर्ट में लच्छा पराठा पर ज्यादा जीएसटी को लेकर एक याचिका हाई कोर्ट पहुंची। अदालत में इस मसले पर जोरदार बहस भी हुई। सुनवाई में अदालत ने पाया कि पराठे जिन सामग्रियों से तैयार हो रहे हैं, उन पर सिर्फ 5 प्रतिशत जीएसटी लगता है। इस पर अदालत ने फैसला सुनाया कि ऐसे में पराठे पर 18 प्रतिशत जीएसटी लगाना गलत है।

---

## रामनवमी पर मुर्शिदाबाद में पथराव को लेकर शुभेंदु अधिकारी की गवर्नर को चिट्ठी

# हमारा दफ्तर जलाने की हुई कोशिश एनआईए करे जांच, स्थितियां बेकाबू

एजेंसी ▶▶ मुर्शिदाबाद

मुर्शिदाबाद के शक्तिपुर इलाके में रामनवमी के जुलूस पर छतों से पथराव किए जाने से करीब 20 लोग घायल हो गए हैं। पूरे इलाके में धारा 144 लागू कर दी गई है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता शुभेंदु अधिकारी ने पश्चिम बंगाल के राज्यपाल को रामनवमी पर हुई झड़प को लेकर चिट्ठी लिखी है। उन्होंने मुर्शिदाबाद के रेजीनगर इलाके में रामनवमी जुलूस के दौरान हुई झड़पों की जांच एनआईए से कराने की मांग की है। उन्होंने टीएमसी पर आरोप लगाया कि नंदीग्राम में भाजपा का दफ्तर जला दिया गया। बता दें, रामनवमी के दिन जुलूस पर छतों से पथराव किए जाने से करीब 20 लोग घायल हो गए हैं। पूरे इलाके में धारा 144 लागू कर दी गई है।

भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी ने कहा है कि पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बेनर्जी के भड़काऊ भाषणों से रामनवमी जुलूस के दौरान झड़पें हुई। इसकी मांग एनआईए से करते हुए उन्होंने राज्यपाल को चिट्ठी लिखी है।

चुनाव आयोग सीएम ममता बेनर्जी पर करे कार्रवाई

शोभायात्रा पर बरसाए गए हैं पत्थर



### कानून व्यवस्था को नियंत्रित करें

अधिकारी ने कहा कि राज्यपाल को रामनवमी के अवसर पर निकाले गए जुलूसों पर हुए हमलों के संबंध में जानकारी दी। उनसे कानून व्यवस्था की बिगड़ती स्थिति को नियंत्रित करने के लिए तुरंत हस्तक्षेप करने के साथ-साथ घटनाओं की जांच एनआईए जांच करने का आग्रह किया।

### पूर्वी मेदिनीपुर में हुई हिंसा

रामनवमी के अवसर पर केवल मुर्शिदाबाद ही नहीं बल्कि पश्चिम बंगाल के पूर्वी मेदिनीपुर में भी हिंसक झड़प देखने को मिली थी। यहां पर हुई हिंसा में तकरीबन 4 लोग घायल हो गए। भाजपा ने आरोप लगाया कि शोभायात्रा पर पत्थर बरसाए गए।

### रामनवमी के जुलूसों को बाधित किया

भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी ने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि सीएम ममता बेनर्जी के भड़काऊ भाषण की वजह से पश्चिम बंगाल राज्य में अलग-अलग जगहों पर रामनवमी के जुलूसों को बाधित किया गया और उन पर हमला किया गया। उपद्रवियों को उकसाया गया। उपद्रवियों को आश्वासन दिया गया था कि कानून प्रवर्तन एजेंसी उनके खिलाफ कार्रवाई नहीं करेगी क्योंकि उनके हाथ बंधे हुए हैं।

---

## छात्रों के भगवा कपड़े पहनकर आने पर स्कूल में मना

# गुस्साए लोगों ने की तोड़फोड़, धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का आरोप



एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

तेलंगाना के मंचेरियल जिले के एक मिशनरी मंडली के द्वारा स्कूल में भगवा रंग के कपड़े पहनकर आए छात्रों को रोक दिया गया था। जब इस बात की जानकारी लोगों को लगी तो वे भड़क गए। लोगों की नाराज भीड़ ने स्कूल में तोड़फोड़ की।

यह घटना 16 अप्रैल को उत्तरी तेलंगाना जिले के कन्नेपल्ली गांव में लक्सेटिपेट के सेंट मदर टेरेसा इंग्लिश मीडियम स्कूल में हुई।मंचेरियल के डीसीपी ने बताया कि स्कूल में एग्जाम चल रहे थे।

### पुलिस ने दर्ज की दो एफआईआर

स्टूडेंट के माता-पिता और स्कूल प्रशासन की शिकायतों के आधार पर पुलिस ने दो एफआईआर दर्ज की हैं। पुलिस सभी वीडियों की जांच कर आरोपियों की पहचान करने में जुटी हुई है। पुलिस को दी गई शिकायत में एक छात्र के माता-पिता ने कहा कि उनके बेटे और चौथी कक्षा में पढ़ने वाले एक अन्य साथी को हनुमान दीक्षा के कपड़े पहनने की वजह से स्कूल में एंट्री नहीं करने दी गई। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रिंसिपल ने जानबूझकर उनकी धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाई है। पुलिस ने स्कूल प्रशासन पर आईपीसी की धारा 153ए और 295-ए के तहत मामला दर्ज किया है।

---

## चांदनी चौक से कांग्रेस के प्रत्याशी जय प्रकाश अग्रवाल से जनता टीवी के समाचार संपादक वरुण गोयल से खास बातचीत

# लोग भाजपा को हराना चाहते हैं, ये 200 पार भी नहीं करेंगे, 400 पार तो बहुत दूर

ये कोई जनता की सरकार नहीं, ये एक तानाशाही रवैया और डंडे वाली सरकार है। जिसने चुनाव से पहले ही जो जेल में डाल देने का, खाते सीज कर देने का माहौल पैदा किया है। ऐसा शायद पहले कभी नहीं हुआ

**सवाल:** पार्टी का आप पर भरोसा है। हर परिस्थिति में आपको चुनावी मैदान में उतारा है। एक बार फिर मौका देने का क्या कारण है?

**जवाब:** हमारे परिवार का सौ साल का इतिहास हो गया। मेरे पिताजी एक स्वतंत्रता सेनानी रहे। ये मेरा 10वां लोकसभा का चुनाव है। मैं हृदय से आभार प्रकट करता हूं कि पार्टी इतना भरोसा करती है हमपर।

**सवाल:** चांदनी चौक से आपका ये आठवां चुनाव है। इस क्षेत्र में अपनी समस्याएं भी हैं और उसका अलग कल्चर भी है। ऐसे में किस तरह लोगों से जुड़ाव कर पा रहे हैं आप?

**जवाब:** मैं चांदनी चौक में पैदा हुआ हूं। मेरा बचपन यहां बीता। जैसे दिल में भगवान बसे होते हैं, उसी तरह वो माहौल मेरे दिल-ओ-दिमाग में है। पिताजी के समय में मैं घरों में वोट मांगने जाया करता था। हम लोग एक-दूसरे से बहुत जुड़े हुए हैं।

**सवाल:** पहले जब चुनाव लड़ा करते थे तब चांदनी चौक बहुत छोटी सीट हुआ करती थी। आज इसका विस्तार बहुत बड़ा हो गया है। चांदनी चौक से तो बहुत दूर तक ये क्षेत्र चला गया है। उन लोगों से कैसे जुड़ पाना कितना आसान है?



**जवाब:** हम पांच साल लोगों के बीच रहते हैं। उनके सुख-दुख में आना-जाना और परेशानियों में खड़ा रहते हैं। कोरोना काल में भी घर में सोए नहीं थे हम। बराबर उनके साथ खड़े रहे इसलिए हमें आज दिक्कत नहीं है। दायरा कभी छोटा नहीं होता लेकिन जब आप चुनाव लड़ने के बाद घर बैठ जाते हैं, तो फिर तकलीफ होती है।

**सवाल:** पहले पारंपरिक चुनाव होता था, अब सोशल मीडिया है, व्यवस्थाएं बदल गई हैं, तो इस बार क्या कोई अलग रणनीति है?

**जवाब:** मैं आज भी पारंपरिक ढंग से ही चुनाव लड़ता हूं। लोग हमारे दिल में बसे हुए हैं, हम उनके दर्द को पहचानते हैं। जो लोग मतलब से राजनीति करते हैं, आज आए और चले गए, वो काम हम नहीं करते। हमारा इतना लंबा सफर इसलिए बीता है क्योंकि लोग हमपर विश्वास करते हैं।

**सवाल:** ये चुनाव पिछले आठ चुनावों से कितना अलग है, कौन से ऐसे मुद्दे हैं जो बदल गए हैं?

**जवाब:** लोकसभा चुनाव में देश से जुड़े मुद्दे होते हैं जिसका सीधा प्रभाव लोगों पर पड़ता है। उसमें मौजूदा सरकार 100 फीसदी फेल है। ये कोई जनता की सरकार नहीं, ये एक तानाशाही रवैया और डंडे वाली सरकार है। जिसने चुनाव से पहले ही जो जेल में डाल देने का, खाते सीज कर देने का माहौल पैदा किया है। ऐसा शायद पहले कभी नहीं हुआ और ये इसलिए है ताकि जो बुनियादी और लोगों से जुड़े मुद्दे हैं। उसकी तरफ ध्यान न जाए, जिसमें सबसे बड़ा मुद्दा महंगाई है, बेरोजगारी है। सरकारी नौकरियां बंद कर दी गई हैं। जीएसटी की मार है। मैं ये कह सकता हूं कि इनके दिल में लोगों के प्रति दर्द नहीं है। ये सरकार बहुत दिन नहीं चल सकती।

**सवाल:** भाजपा कहती है हमने 2014 में भी दिल्ली जीती, 2019 में 7-0 से जीती, ऐसे में वो गणित इस बार फेल हो जाएगा, इसका दावा आप कैसे कर रहे हैं?

**जवाब:** मैं ये इसीलिए दावा कर रहा हूं क्योंकि भाजपा ये नहीं कह सकती कि उसने कोई सरकारी संस्था नहीं बेची। भाजपा ने कुछ पैसें वालों पर सरकार बेच दी और लोग भाजपा को वोट दे दें। ये कैसे मुमकिन है। 200 पार भी नहीं करेंगे, 400 पार तो बहुत दूर की बात है।

**सवाल:** 2014 और 2019 का चुनाव त्रिकोणीय मुकाबला था। अब आप आम आदमी पार्टी के साथ चुनाव लड़ रहे हैं। कितना फायदा देखते हैं?

**जवाब:** लोग भाजपा को हराना चाहते हैं। तानाशाह सरकार जो कुछ नहीं दे पाई उसको लोग हराना चाहते हैं। मैं फायदा-नुकसान नहीं देख रहा, कांग्रेस और भाजपा आमने-सामने हैं, लोग भाजपा को हराना चाहते हैं।

**सवाल:** आप सबसे लंबे समय तक अध्यक्ष पद पर रहे। क्या लगता है दिल्ली कांग्रेस बेहतरी की ओर बढ़ रही है?

**जवाब:** लोगों में बहुत जान है। कांग्रेसी कभी किसी से दबता नहीं। उसके सीने में गरीब आदमी के लिए दर्द होता है।

## अपग्रैड का समाप्त वित्तीय वर्ष 2024 में एक साल में 55000 रोजगार दिलाने का शानदार रिकार्ड

**मुंबई।** एशिया की इंटिग्रेटेड लर्निंग स्किलिंग एवं वर्कफोर्स डेवलपमेंट कंपनी अपग्रैड ने गत समाप्त वित्तीय साल 2024 में 55000 वार्षिक प्लेसमेंट करके शानदार रिकार्ड बनाया। अपग्रैड के शिक्षार्थियों ने नई नौकरियों, करियर स्विच और पदोन्नति के माध्यम से लगभग 3000 राष्ट्रीय और वैश्विक कंपनियों में स्थान हासिल किया, जिनकी वार्षिक सीटीसी 4.5 एलपीए से लेकर अधिकतम 1.80 करोड़ रुपये तक रही। मार्केटिंग, डेटा और टेक डोमेन में नियुक्ति सबसे ज्यादा हुई। लगभग 50% शिक्षार्थियों को मुंबई, नई दिल्ली, बेंगलुरु और चेन्नई जैसे प्रमुख शहरों में नौकरी मिली।

# विदेशी गेमिंग कंपनियों से 2.5 अरब डॉलर का जीएसटी नुकसान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

गेमिंग उद्योग निकाय ऑल इंडिया गेमिंग फेडरेशन (एआईजीएफ) ने कहा कि विदेशी अवैध सट्टेबाजी तथा जुए से जुड़ी इकाइयां सरकारी खजाने को प्रति वर्ष 2.5 अरब अमेरिकी डॉलर का नुकसान पहुंचा रही हैं। संगठन ने सरकार से ऐसे मंचों पर अंकुश लगाने के लिए तत्काल कार्रवाई की मांग की है। एआईजीएफ के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) रोलैंड लैंडर्स ने कहा कि विदेशी संस्थाएं अवैध सट्टेबाजी और जुए से विभिन्न खेलों को जोड़ती हैं, जिससे उपयोगकर्ता वैध तथा अवैध गेमिंग के बीच अंतर नहीं कर पाते।

- ऐसे मंचों पर अंकुश लगाने तत्काल कार्रवाई की मांग की

### एसआरओ के लिए आवेदन

उद्योग से जुड़ी कुछ कंपनियों ने एसआरओ की स्थापना के लिए आवेदन किया था। लैंडर्स ने कहा कि एआईजीएफ को कंपनियों द्वारा दिए आवेदन पर कोई अद्यतन जानकारी नहीं मिली है।

## एआईजीएफ ने कहा, सरकारी खजाने को नुकसान पहुंच रहो

### अवैध तथा वैध गेम के बीच भ्रम

लैंडर्स ने कहा, 'विदेशी इकाइयां अक्सर उपयोगकर्ताओं को नुकसान पहुंचाती हैं और उपयोगकर्ता अवैध तथा वैध गेम के बीच भ्रमित हो जाते हैं। अवैध विदेशी सट्टेबाजी और जुआ मंच के खतरे पर कठोरता से अंकुश लगाया जाना चाहिए।' उन्होंने कहा कि अवैध मंचों के खतरे को रोकने में मदद के लिए सरकार को स्व-नियामक संगठन (एसआरओ) जैसे मॉडल में तेजी लानी चाहिए।

### विदेशी संस्थाओं का भारत में कोई अधिकारी नहीं

लैंडर्स ने कहा, 'विदेशी संस्थाओं का भारत में कोई अधिकारी नहीं है। एसआरओ जैसी संस्था द्वारा जांच से वैध और अवैध मंचों के बीच अंतर करने में मदद मिल सकती है।' सरकार ने एसआरओ लाने का प्रस्ताव रखा था लेकिन 90 दिन की निर्धारित समय सीमा के भीतर ऐसा नहीं किया जा सका।

### एक साल में 12 अरब डॉलर एकत्र कर रहे

सीईओ ने कहा कि अवैध विदेशी इकाइयां उपयोगकर्ताओं को नुकसान पहुंचाती हैं। इससे भारत में वैध उद्योग को भी नुकसान पहुंच सकता है। लैंडर्स ने कहा, 'विदेशी अवैध सट्टेबाजी तथा जुआ मंच एक साल में 12 अरब अमेरिकी डॉलर की राशि एकत्र कर रहे हैं, जिसका मतलब है कि सरकार को जीएसटी राजस्व में कम से कम 2.5 अरब अमेरिकी डॉलर का नुकसान हो रहा है।'

### आईपीएल में जीएसटी व टीडीएस नहीं कटने का विज्ञापन

लैंडर्स ने कहा कि विदेशी संस्थाओं ने उपयोगकर्ताओं को लुभाने के लिए मौजूदा आईपीएल सीजन के दौरान विज्ञापनों में वृद्धि की है। उनमें से कुछ इतनी हिम्मत दिखा रहे हैं कि उनके मंच पर कोई जीएसटी या टीडीएस नहीं लगने का बेबाकी से प्रचार कर रहे हैं।

## डॉलर इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने भारत के आम चुनावों से पहले लोकतंत्र की भावना समर्थन हेतु एक प्रेरक अभियान लोकतंत्र का त्यौहार शुरू किया

**कोलकाता।** भारत के कपड़ा उद्योग में एक अग्रणी नाम डॉलर इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने लोकतंत्र की भावना का सम्मान करने के लिए एक आकर्षक पहल शुरू की। इस पहल का उद्देश्य सामूहिक प्रयासों को उजागर करना है इस चुनाव के निर्बाध संचालन को सुनिश्चित करने में लगे व्यक्तियों और संगठनों की, 'एक जिम्मेदार कॉर्पोरेट इकाई' के रूप में, डॉलर इंडस्ट्रीज लिमिटेड लोकतंत्र और नागरिक भागीदारी के सिद्धांतों को बनाए रखने के लिए समर्पित है। हमारी पहल का उद्देश्य नागरिकों को लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भूमिका के लिए प्रेरित करना और एकजुट करना है। इस अवसर पर डॉलर इंडस्ट्रीज लिमिटेड के प्रबंध निदेशक विनोद गुप्ता ने कहा, "सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म" पर इस अभियान प्रभावपूर्ण ढंग से चलाया जा रहा है। इसके सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने के लिए हमें सामूहिक प्रयास की आवश्यकता है।" चुनाव आयोग अधिकारियों और मतदान कर्मियों से लेकर सुरक्षा कर्मियों और सफाई कर्मियों तक, प्रत्येक एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

## पिछले साल की समान तिमाही में मुनाफा 6128 करोड़ रहा था

# इन्फोसिसिस का मुनाफा चौथी तिमाही में 30 प्रतिशत बढ़कर 7,969 करोड़ रुपये

- कंपनी का परिचालन मार्जिन 20 से 22 प्रतिशत रहने की संभावना
- इंफोसिस के पास 52 प्रतिशत सौदे शुद्ध रूप से नए थे

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी इन्फोसिस का मार्च 2024 को समाप्त चौथी तिमाही में एकीकृत लाभ 30 प्रतिशत उछलकर 7,969 करोड़ रुपये हो गया। इन्फोसिस ने बृहस्पतिवार को शेयर बाजार को जनवरी-मार्च, 2024 तिमाही के नतीजों की जानकारी दी।

पिछले साल की समान तिमाही में कंपनी का मुनाफा 6,128 करोड़ रुपये रहा था। आलोच्य तिमाही में कंपनी का एकीकृत राजस्व 1.3 प्रतिशत बढ़कर 37,923 करोड़ रुपये हो गया, जो एक साल पहले की समान तिमाही में 37,441 करोड़ रुपये था। इसके साथ ही इन्फोसिस ने कहा कि स्थिर विनिमय दर के आधार पर उसे चालू वित्त वर्ष 2024-25 में राजस्व में 1-3 प्रतिशत वृद्धि की उम्मीद है।

### परिचालन मार्जिन में बढ़ोतरी

वहीं परिचालन मार्जिन 20 से 22 प्रतिशत रहने की संभावना है। कंपनी ने बीती तिमाही में 20.1 प्रतिशत का परिचालन मार्जिन दर्ज किया जबकि समूचे वित्त वर्ष 2023-24 में यह 20.7 प्रतिशत रहा। कंपनी का शुद्ध लाभ बीते वित्त वर्ष 2023-24 में 8.9 प्रतिशत बढ़कर 26,233 करोड़ रुपये हो गया जबकि एक साल पहले वित्त वर्ष 2022-23 में यह 24,095 करोड़ रुपये था।

## कंपनी शेयरधारकों को प्रतिशेयर 28 रुपए का लाभांश देगी

### जेनरेटिव एआई में बढ़ी दक्षता

कंपनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी और प्रबंध निदेशक सलिल पारेख ने कहा, 'अब तक का सर्वाधिक सौदा मूल्य हासिल करना हमारे प्रति ग्राहकों के मजबूत भरोसे को दर्शाता है। जेनरेटिव एआई में हमारी दक्षता बढ़नी जारी है। हम ग्राहक कार्यक्रम पर काम कर रहे हैं और सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग, प्रक्रिया अनुकूलन और ग्राहक समर्थन पर प्रभाव डालने वाले बड़े भाषायी मॉडलों का लाभ उठा रहे हैं।'



### परिचालन आय 4.7 फीसदी बढ़ी

वहीं कंपनी की समूचे वित्त वर्ष में परिचालन आय 4.7 प्रतिशत बढ़कर 1,53,670 करोड़ रुपये हो गई, जो 2022-23 में 1,46,767 करोड़ रुपये थी। इन्फोसिस ने कहा कि पिछले वित्त वर्ष में बड़े सौदों का कुल अनुबंध मूल्य अब तक के उच्चतम स्तर 17.7 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इनमें से 52 प्रतिशत सौदे शुद्ध रूप से नए थे।

### पांच वर्षों के लिए पूंजी आवंटन को स्वीकृति

इस बीच इन्फोसिस के निदेशक मंडल ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए शेयरधारकों को प्रति शेयर 20 रुपये का अंतिम लाभांश देने और आठ रुपये प्रति शेयर का विशेष लाभांश देने की सिफारिश की है। निदेशक मंडल ने वित्त वर्ष 2024-25 से लेकर 2028-29 तक के पांच वर्षों के लिए पूंजी आवंटन नीति को भी स्वीकृति दी।

### जर्मन कंपनी इन-टेक का किया अधिग्रहण

इस दौरान रणनीतिक एवं परिचालन संबंधी नकदी जरूरतों को ध्यान में रखा गया है। इसके साथ ही इन्फोसिस ने 45 करोड़ यूरो (करीब 4,000 करोड़ रुपये) में जर्मनी की कंपनी इन-टेक की 100 प्रतिशत हिस्सेदारी का अधिग्रहण करने की भी घोषणा की है।

### ये समाधान मुहैया कराती है कंपनी

पूरी तरह से नकद में होने वाला यह सौदा चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में पूरा हो जाने की उम्मीद है। इन-टेक इलेक्ट्रिक परिवहन, स्वचालित ड्राइविंग और इलेक्ट्रिक वाहनों से संबंधित तकनीकी समाधान मुहैया कराती है।

## भारी उतार-चढ़ाव के बीच बाजार में गिरावट जारी

**मुंबई।** स्थानीय शेयर बाजारों में भारी उतार-चढ़ाव के बीच बृहस्पतिवार को लगातार चौथे कारोबारी सत्र में गिरावट रही। कारोबार के दूसरे हिस्से में मुनाफावसूली का जोर रहने से मानक सूचकांक सेंसेक्स 455 अंक और निफ्टी 152 अंक गिर गया। विश्लेषकों ने कहा कि नीतिगत दर में कटौती की उम्मीद कम होने और घरेलू बाजार से विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की लगातार पूंजी निकासी की चिंताओं ने भी निवेशकों की धारणा को कमजोर किया। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स भारी उतार-चढ़ाव के बीच दोपहर बाद अचानक फिसल गया और अपना सारा शुरुआती लाभ गंवाते हुए नुकसान के साथ बंद हुआ। यह 454.69 अंक यानी 0.62 प्रतिशत कमजोर होकर 72,488.99 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी भी 152.05 अंक यानी 0.69 प्रतिशत गिरकर 21,995.85 अंक पर आ गया।

- सेंसेक्स 455 अंक, निफ्टी 152 अंक टूटा
- कारोबार के दूसरे हिस्से में रही मुनाफावसूली

### सेंसेक्स में चार दिन से जारी गिरावट से निवेशकों को 9.30 लाख करोड़ रुपये का नुकसान

**नई दिल्ली।** शेयर बाजार में तेज गिरावट के कारण चार दिनों में निवेशकों की संपत्ति 9.30 लाख करोड़ रुपये कम हो गई। नीतिगत दर में हाल-फिलहाल कटौती की उम्मीद कम होने, विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी और पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष को लेकर चिंताओं के बीच शेयर बाजार में गिरावट आई। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स बृहस्पतिवार को 454.69 अंक गिरकर 72,488.99 अंक पर बंद हुआ। चार दिन में सेंसेक्स 2,549.16 अंक या 3.39 प्रतिशत टूट चुका है। बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण इन चार दिनों में 9,30,304.76 करोड़ रुपये घटकर 3,92,89,048.31 करोड़ रुपये (4.70 लाख करोड़ डॉलर) रह गया है। बीएसई मानक सूचकांक के 10 अप्रैल को 75,000 के ऐतिहासिक आंकड़े के पार बंद होने के बाद 12 अप्रैल से बाजार में गिरावट जारी है।

## वीआईटी इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा (वीआईटीईईई) भारत के 125 शहरों और विदेश के 6 शहरों में शुरू हो रही है वीआईटी इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा

**वेल्लोर।** वीआईटी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस-वीआईटी-वेल्लोर, वीआईटी-चेन्नई, वीआईटी-एपी (अमरावती) और वीआईटी-भोपाल में बी.टेक में प्रवेश के लिए वेल्लोर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (वीआईटी) वीआईटीईईई द्वारा आयोजित प्रवेश परीक्षा (वीआईटीईईई-2024) के कार्यक्रम 19 से 30 अप्रैल, 2024 तक भारत के 125 शहरों और विदेश के छह शहरों दुबई, मस्कट, कतर, कुवैत, सिंगापुर और कुआलालंपुर में प्रॉक्टर्ड कंप्यूटर आधारित टेस्ट के रूप में निर्धारित हैं। इसमें भारत के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के आवेदक भाग लेंगे। परिणाम अस्थायी रूप से 3 मई, 2024 को **www.vit.ac.in** पर उपलब्ध होंगे और उसी दिन ऑनलाइन काउंसलिंग प्रक्रिया शुरू होगी। बी.टेक में प्रवेश के लिए 1 लाख रैंक के भीतर के आवेदक काउंसलिंग में भाग लेने के पात्र हैं। वीआईटी के सभी परिसरों-वेल्लोर, चेन्नई, वीआईटी-एपी और वीआईटी-भोपाल के कार्यक्रम के विकल्प भरने के लिए काउंसलिंग का रैंकवार शेड्यूल इस प्रकार है: 7 और 8 मई, 2024 को रैंक 1-20,000 के लिए चरण 1; चरण 2 18 और 19 मई 2024 को 20,001 -45,000 रैंक के लिए ; चरण 3 और 9 से 10 जून 2024 तक 29 और 30 मई 2024 को रैंक 45,001-70,000 के लिए; चरण 4 में 9 और 10 जून, 2024 को रैंक 70,001-1,00,000 के लिए।

## सोना 250 रुपये टूटा, चांदी अपरिवर्तित

**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजारों में सोने की कीमतों में आई गिरावट के बीच राष्ट्रीय राजधानी में बृहस्पतिवार को सोने की कीमत 250 रुपये टूटकर 73,700 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 73,950 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, 'दिल्ली के बाजारों में सोने की हाजिर कीमत (24 कैरेट) 73,700 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रहा, जो पिछले बंद भाव से 250 रुपये की गिरावट को दर्शाता है।' हालांकि, चांदी की कीमत 86,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर अपरिवर्तित रही। 'रामनवमी' के मौके पर बुधवार को सराफा बाजार बंद था। अंतरराष्ट्रीय बाजार कॉमेक्स (जिंस बाजार) में हाजिर सोना 2,375 डॉलर प्रति औंस पर रहा, जो पिछले बंद भाव से 13 डॉलर कम है।

## निफ्टी नेक्स्ट 50 सूचकांक पर वायदा अनुबंध 24 अप्रैल से

**नई दिल्ली।** नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह 24 अप्रैल से 'निफ्टी नेक्स्ट 50' सूचकांक पर वायदा एवं विकल्प अनुबंधों की शुरुआत करेगा। निफ्टी नेक्स्ट 50 सूचकांक एनएसई पर सूचीबद्ध शीर्ष 50 कंपनियों के सूचकांक 'निफ्टी 50' से आगे की 50 कंपनियों का प्रतिनिधित्व करता है।


हरिभूमि क्लासीफाइड विज्ञापन

ज्योतिष

समस्या बताएं तुरंत समाधान पाये

नौकरी, व्यापार, मनचाहा प्यार, शादी, ग्रहकलेश, पति पत्नी में अनबन, सौतन–दुश्मनो से छुटकारा, मुकदमा रूठो को मनाना, तलाक में बाधा, बनते–बनते काम बिगड़ जाना, लव मैरिज आदि

दीपक शास्त्री

E-13, आर्य समाज रोड, उत्तम नगर, नई दिल्ली–59

8586896357

ज्योतिष

इंडिया के नं 1 तांत्रिक गुरु भवानी जी

खुला चैलेंज 2 घंटो में घर बैठे फोन पर गारंटिड लाभ



7 इल्मों के माहिर

आपके विश्वास का एक ही नाम 21सालों से एक ही स्थान पर

स्पे. महावशीकरण, मुठकरनी

लवमैरिज, मनचाहा प्यार, वशीकरण ग्रहक्लेश, जादू-टोना, शादी कारोबार रुकावट, रुठे मनाना, किया-कराया पति-पत्नी अनबन, सौतन-दुश्मन छुटकारा, कोर्ट कचहरी आदि

9988289203

सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।


## ब्रिजस्टोन इंडिया ने प्रीमियम यात्री वाहनों के लिए तुरांजा 6 आई नया प्रीमियम टायर पेश किया

**गुरूग्राम।** ब्रिजस्टोन इंडिया ने आज यात्री वाहन के लिए ब्रिजस्टोन तुरांजा 6आई टायर लॉन्च किया। तुरांजा 6आई पैसेंजर रेडियल व्यवसाय में पहले घोषित विस्तार का परिणाम है। यह टायर विशेष रूप से भारतीय सड़कों के लिए विकसित किया गया है, जो बेहतर ईंधन दक्षता और टिकाऊपन के साथ प्रीमियम आरामदायक सवारी अनुभव प्रदान करता है, जो इसे ब्रिजस्टोन की ओर से एक संपूर्ण प्रीमियम पेशकश बनाता है। ब्रिजस्टोन तुरांजा 6आई 14 इंच से 20 इंच तक के 36 SKU (स्टॉक कीपिंग यूनिट) में उपलब्ध है। यह एसयूवी, सेडान, हैचबैक और सीयूवी को कवर करने वाले प्रीमियम वाहनों के लिए है। प्रीमियम वाहनों के लिए इस नए प्रीमियम टायर का लॉन्च सरकार की ₹मेक इन इंडिया₹ पहल के प्रति ब्रिजस्टोन की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस लॉन्च के साथ, ब्रिजस्टोन भारत में अपनी वैश्विक स्वामित्ववाली ENLITEN तकनीक लेकर आया है, जो बाजार की बढ़ती नई जरूरतों के अनुसार एक अद्वितीय मूल्य प्रस्ताव प्रदान करके भारतीय उपभोक्ताओं के लिए आवश्यक आधार प्रदर्शन मापदंडों को भी बढ़ाती है। तुरांजा 6आई, ENLITEN तकनीक के साथ, ईंधन दक्षता और पहनने के जीवन को बढ़ाते हुए, एक सहज और काफी आरामदायक सवारी के माध्यम से प्रीमियम आरामदायक सवारी अनुभव प्रदान करता है। यह तुरांजा 6आईको समझदार उपयोगकर्ताओं के लिए ₹सड़क पर सबसे आरामदायक सीट₹ बनाता है।

- एसयूवी, सीयूवी, सेडान और हैचबैक को सहज और शांत सवारी के माध्यम से प्रीमियम आरामदायक सवारी अनुभव प्रदान करता है।

## श्रीमती जया वर्मा सिन्हा, अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, रेलवे बोर्ड ने ग्रीष्मकालीन व्यवस्था का जायजा लेने हेतु नई दिल्ली रेलवे स्टेशन का किया दौरा



**नई दिल्ली।** श्रीमती जया वर्मा सिन्हा, अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, रेलवे बोर्ड के साथ उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक श्री शोभन चौधुरी ने गर्मियों के दौरान रेलयात्रियों के लिए किए गए विभिन्न इंतजामों का जायजा लेने के लिए दिनाँक 17.04.2024 को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन का दौरा किया। इस अवसर पर दिल्ली मंडल के डीआरएम श्री सुखविंदर सिंह और रेलवे के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। श्रीमती जया वर्मा सिन्हा ने अपने दौरे के दौरान नई दिल्ली स्टेशन पर यात्रियों से बातचीत की, सीसीटीवी कार्य प्रणाली, पेयजल सुविधाओं और वैशाली एक्सप्रेस के क्लोन सेट का निरीक्षण किया। उन्होंने रेलयात्रियों के लिए की गयी व्यवस्थाओं की सराहना की और निर्देश दिए कि यात्रा करने वाले लोगों को अधिकतम सुविधा सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास किये जाने चाहिए। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि यही प्रयास विपरीत दिशा में यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए भी होने जाने चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को यात्रियों को उनकी सुरक्षित और आरामदायक यात्रा के लिए सभी आवश्यक उपाय करने के लिए सक्रिय रहने के निर्देश दिये। उत्तर रेलवे सभी यात्रियों को आरामदायक और सुविधाजनक यात्रा अनुभव प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## सिविल सेवा परीक्षा 2023 में चयनित भानूप्रताप ने किया नगर जिले और परिवार का नाम रौशन



**नई दिल्ली।** मंगलवार दि.16.4.2024 को घोषित सिविल सेवा परीक्षा 2023 के परिणाम में 727वा स्थान प्राप्त कर, वानीपुरम, लखनऊ निवासी भानूप्रताप सिंह ने परिवार, नगर, एवं अपने शैक्षणिक संस्थान को गौरवांवित किया है। भारतीय पुलिस सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारी श्री भारतसिंह यादव के तीन संतानों में सबसे छोटे भानू का बचपन से ही प्रशासनिक सेवा के माध्यम से जनसेवा के किए रुझान था। **HBTM Kanpur** से**MechanicalEngg**. की पढ़ाई कर भानू ने तकनीकी क्षेत्र में कार्य करते हुए सिविल सेवा की लक्ष्य प्राप्ति के लिए गहन अध्ययन किया। **I.P.S.** पिता श्री भारत सिंह एवं कंप्यूटर इंजीनियर बड़े भाई श्री प्रज्जवल सिंह यादव के अनुभवों एवं सटीक मार्गदर्शन के चलते भानू को इस वर्ष सिविल सेवा परीक्षा में सफलता प्राप्त हुई। इस सफलता का श्रेय भानू अपने परिवार और शिक्षकों को देते हैं। वर्तमान में भानू **Sports Authority of India (SAI)** में **Assistant Director** के पद पर **Jammu** में तैनात हैं तथा ₹खेलो इंडिया मिशन₹ के **J & K** राज्य के लिए प्रभारी अधिकारी हैं। शाहजहाँपुर के मूलवासी श्री भारत सिंह यादव पुलिस मुख्यालय, उ.प्र. से **D.I.G.** के पद से सेवानिवृत्त है तथा वर्तमान में लखनऊ में हैं। परिवार में धर्मपत्नी श्रीमती राजकुमारी यादव हैं तथा 3 संतानें हैं। श्रीमती राजकुमारी कुशल एवं समर्पित ग्रहिणी हैं।


भारतीय रेल

आज़ादी का अमृत महोत्सव

भारत सरकार GOVERNMENT OF INDIA
रेल मंत्रालय MINISTRY OF RAILWAYS
(रेलवे बोर्ड) RAILWAY BOARD

सं. 2018/ट्रैक–1 (पी)/आरएसपी–ईयूआर/वॉल.–1 दिनांक: 18.04.2024

**विषय: लॉन्ग रेल एक्सचेंज (अनलोडिंग एवं लोडिंग) सिस्टम और 05 (पांच) वर्ष के लिए इसकी वार्षिक अनुरक्षण संविदा (भारतीय रेल द्वारा मौजूदा ईयूआर उपलब्ध कराए जाने हैं) की आपूर्ति हेतु ई–निविदा सं. टीकेपी–1–2024.**

1. भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से **"लॉन्ग रेल एक्सचेंज (अनलोडिंग एवं लोडिंग) सिस्टम और 05 (पांच) वर्ष के लिए इसकी वार्षिक अनुरक्षण संविदा (भारतीय रेल द्वारा मौजूदा ईयूआर उपलब्ध कराए जाने हैं)"** की आपूर्ति के लिए ई–निविदा सूचना सं. टीकेपी–1–2024 हेतु इलेक्ट्रॉनिक बोलियां आमंत्रित की जाती हैं।
2. इच्छुक बोलीदाताओं को सूचित किया जाता है कि वे आगे के ब्यौरों के लिए, निविदा दस्तावेजों को डाउनलोड करने एवं अपनी ई–बोलियां जमा कराने के लिए **http://ireps.gov.in** वेबसाइट देखें।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1161/24


## राशिफल

**मेष** — वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में लाभ के अवसर बढ़ेंगे।

**वृष** — आशा-निराशा के भाव रहेंगे। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिश्रम भी अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मिथुन** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन परेशान हो सकता है। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। खर्चों की अधिकता रहेगी। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**कर्क** — मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। सचेत रहें। कारोबार में परिश्रम भी अधिक रहेगा।

**सिंह** — आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कन्या** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।

**तुला** — आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता में कमी हो सकती है। कारोबार में वृद्धि होगी। शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

**वृश्चिक** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता के योग हैं।


**धनु** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। नौकरी में अफसरों से सदभाव बनाकर रखें। जीवनसाथी से मतभेद हो सकते हैं।

**मकर** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु स्थान परिवर्तन भी हो सकता है।

**कुंभ** — स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। कुछ कठिनाइयां भी आ सकती है।

**मीन** — शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा। खर्चों की अधिकता रहेगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

## शब्द पहेली - 5486




**बाएँ से दाए**
1. मूर्ख, बेवकूफ (उर्दू-4)
5. संपत्ति-4
9. कटि, पीठ -3
10. प्रणाम, नमस्कार-3
12. अधीन-2
14. पितामह-2
15. कार्य-2
16. पराजय-2
17. अच्छे कुल का-3
19. तरंग, हिलोर-3
21. एक प्रकार की दाल-3
22. ओस, रजनी जल (उर्दू-4)
24. गगन, आकाश-4
25. स्वच्छ करना-5
26. आश्चर्यजनक-4
29. जो लायक न हो-4
33. उल्टी, कै-3
34. रनिवास, जनवासा-3
36. पंक्ति, लाइन-3
37. सुर, लय, आलाप-2
38. दंड, शिक्षा-2
39. पराजय-2
41. झुका हुआ -2
42. कर्म, भाग्य-3
43. भार-3
45. भूल, गलती (उर्दू-4)
46. भाग्य, नसीब-4

**ऊपर से नीचे**
2. अधिकार-2
3. मां का दुलार-3
4. ताली की आवाज-4
5. अनुभवी-4
6. जुड़वा-3
7. दक्षिणा-2
8. राम के पुत्र-2,2
11. अभिलाषा, -4
13. क्रूस, सूली-3
16. पाचनशक्ति-3
18. ईसाई साध्वी-2
20. जीवनसाथी -5
21. गरबा, नृत्य-2
23. मालिश-3
24. दर्पण, शीशा-3
26. ईश्वर-4
27. बाग, गुलिस्तां-3
28. क्रिकेट में बनते हैं-2
30. दुलारा, पुत्र-2
31. भरोसा, विश्वास-3
32. करामात-4
34. शेविंग करना-4
35. हाथी साधने वाला-4
38. आसान, सीधा-3
40. कपड़े धोने वाला-3
42. बलगम-2
44. सरिता-2

### शब्द पहेली - 5485 का हल



## सूडोकु नवताल - 5497

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | | | | | 5 | | |
| | 1 | | | 8 | | | | 9 |
| 7 | | | | | 4 | | | |
| | | | 9 | | | 1 | | |
| | 3 | | | | | | 6 | |
| | | 8 | | | 5 | | | |
| | | | 3 | | | | | 8 |
| 5 | | | | 6 | | | 2 | |
| | | 4 | | | | | | 7 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5496 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 3 | 6 | 8 | 5 | 1 | 4 | 9 | 7 |
| 9 | 4 | 5 | 7 | 6 | 3 | 8 | 2 | 1 |
| 1 | 7 | 8 | 2 | 9 | 4 | 6 | 5 | 3 |
| 3 | 1 | 9 | 6 | 7 | 2 | 5 | 4 | 8 |
| 5 | 6 | 2 | 1 | 4 | 8 | 3 | 7 | 9 |
| 7 | 8 | 4 | 5 | 3 | 9 | 1 | 6 | 2 |
| 4 | 9 | 1 | 3 | 2 | 5 | 7 | 8 | 6 |
| 8 | 2 | 7 | 4 | 1 | 6 | 9 | 3 | 5 |
| 6 | 5 | 3 | 9 | 8 | 7 | 2 | 1 | 4 |

## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 7 | 6 | 1 | 12 |
| कोलकाता | 6 | 4 | 2 | 8 |
| चेन्नई | 6 | 4 | 2 | 8 |
| हैदराबाद | 6 | 4 | 2 | 8 |
| लखनऊ | 6 | 3 | 3 | 6 |
| दिल्ली | 7 | 3 | 4 | 6 |
| मुंबई | 7 | 3 | 4 | 6 |
| गुजरात | 7 | 3 | 4 | 6 |
| पंजाब | 7 | 2 | 5 | 4 |
| बेंगलोर | 7 | 1 | 6 | 2 |

ऑरेंज कैप



विराट कोहली
**361 रन**
बेंगलोर

पर्पल कैप



यजुवेन्द्र चहल
**12 विकेट**
राजस्थान

## खबर संक्षेप



### पंत की गतिशीलता टीम के लिए अच्छा संकेत

**अहमदाबाद।** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान केविन पीटरसन का मानना है कि गुजरात टाइटंस के खिलाफ आईपीएल के मैच में ऋषभ पंत की गतिशीलता उनके और भारतीय टीम प्रबंधन के लिए टी20 विश्व कप से पहले अच्छा संकेत है। पंत ने इस मैच में दो कैच लपके, एक स्टम्पिंग की और 16 रन भी बनाए। दिल्ली कैपिटल्स ने गुजरात टाइटंस को छह विकेट से हराया और पंत को उनकी विकेटकीपिंग के लिए 'प्लेयर आफ द मैच' चुना गया। जून में होने वाले टी20 विश्व कप में पंत भारतीय टीम में विकेटकीपर की जगह के लिए प्रबल दावेदार हैं।

### हैदराबाद के लिए तैयारी शुरू कर दी है : होप्स

**अहमदाबाद।** दिल्ली कैपिटल्स के गेंदबाजी कोच जेम्स होप्स ने कहा कि शुरुआती झटकों से उबरने के बाद अब उनकी टीम सनराइजर्स हैदराबाद जैसी 'मालगाड़ी' के खिलाफ अगले मैच की तैयारी में जुटी है।



दिल्ली ने गुजरात टाइटंस को बुधवार को खेले गए मैच में 89 रन पर समेटने के बाद छह विकेट से जीत दर्ज की। अब दिल्ली को लगातार तीन मैच अपने मैदान अरुण जेटली स्टेडियम पर खेलने हैं। सनराइजर्स ने आईपीएल में दो बार टूर्नामेंट के इतिहास के सर्वोच्च स्कोर का रिकॉर्ड बनाया।

### पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण जीत सकता है भारत



**नई दिल्ली।** भारतीय महिला हॉकी टीम की पूर्व कप्तान प्रीतम रानी सिवाच को यकीन है कि पुरुष टीम पेरिस ओलंपिक में अपने पदक का रंग बदलकर स्वर्ण जीत सकती है। आठ बार की चैंपियन भारतीय टीम ने 41 साल के इंतजार को खत्म करके टोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीता था। सिवाच ने कहा, 'भारत के पास कुछ बेहद प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं जो मैच जिताने में सक्षम हैं। भारत का पूल कठिन है लेकिन मुझे यकीन है कि टीम पदक का रंग बदलकर पीला तमगा जीत सकती है।'

### कोंवे की जगह ग्लीसन चेन्नई टीम में शामिल

**चेन्नई।** गत चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स ने न्यूजीलैंड के चोटिल सलामी बल्लेबाज डेवोन कोंवे की जगह तेज गेंदबाज रिचर्ड ग्लीसन को टीम में शामिल किया है।



कोंवे को फरवरी में आस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 श्रृंखला के दौरान बाएं अंगूठे में फ्रेक्चर हो गया था। उन्होंने इसकी सर्जरी कराई। टूर्नामेंट शुरू होने से पहले ही तय हो गया था कि वह पूरा सत्र नहीं खेल सकेंगे। ग्लीसन पहली बार आईपीएल खेलेंगे जिन्हें चेन्नई ने बेसप्राइज 50 लाख रुपए में खरीदा। वह इंग्लैंड के लिए छह टी20 मैच खेल 8.90 की इकॉनॉमी से नौ विकेट ले चुके हैं।

## चैंपियंस लीग के सेमीफाइनल्स में पहुंचा रियल मैड्रिड

एजेंसी ▶▶ मैनचेस्टर

रियल मैड्रिड ने मैनचेस्टर सिटी को पेनल्टी शूटआउट में 4-3 से हराकर चैंपियंस लीग फुटबॉल के सेमीफाइनल्स में प्रवेश कर लिया। इसके साथ ही रियल मैड्रिड ने रिकॉर्ड 15वां खिताब जीतने की दिशा में अगला कदम रख दिया। इस हार के साथ ही सिटी का लगातार दो चैंपियंस लीग खिताब जीतने वाली पहली इंग्लिश टीम बनने का सपना भी टूट गया। निर्धारित समय तक स्कोर 1-1 से बराबर था। मैड्रिड के लिए रौड्रिगो ने 12वें मिनट में गोल किया जिसे 76वें मिनट में केविन डि ब्रूने ने उतार दिया था। अब सेमीफाइनल्स में मैड्रिड का सामना बायर्न म्युनिख से होगा जिसने आर्सनल को 1-0 से और औसत के आधार पर 3-2 से हराया।



# मुंबई ने पंजाब को नौ रन से हराया बुमराह और कूट्जी को 3-3 विकेट

भाषा ▶▶ मुल्लांपुर

## आशुतोष की तूफानी पारी पर भारी पड़ी बुमराह की गेंदबाजी

आशुतोष शर्मा की 28 गेंद में 61 रन की पारी पर अनुभवी जसप्रीत बुमराह (चार ओवर में 21 रन तीन विकेट) की शानदार गेंदबाजी भारी पड़ी जिससे मुंबई इंडियन्स ने इंडियन प्रीमियर लीग टी20 मैच में गुरुवार को यहां पंजाब किंग्स को बेहद रोमांचक मुकाबले में नौ रन से हराया। मुंबई ने सूर्यकुमार यादव की 53 गेंद में 78 रन की आक्रामक पारी से सात विकेट पर 192 रन बनाने के बाद पंजाब को 19.1 ओवर में 183 रन पर आउट कर दिया। इस जीत से मुंबई सात मैच में तीन जीत से सातवें पायदान पर पहुंच गया जबकि सात मैचों में पांचवीं हार के बाद पंजाब नौवें स्थान पर खिसक गया। पंजाब की टीम ने 14 रन तक चार विकेट गंवा दिया था लेकिन आशुतोष और शशांक सिंह (25 गेंद में 41 रन) ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी से टीम को जीत कर दहलीज तक पहुंचा दिया था। आशुतोष ने अपनी पारी में सात शानदार छक्के और दो चौके लगाये। उन्होंने आठवें विकेट के लिए हरप्रीत बराड़ (21) के साथ 32 गेंद में 57 रन की साझेदारी की। शशांक ने भी तीन अहम साझेदारियां कर पंजाब के लिए मंच तैयार किया। उन्होंने पांचवें विकेट के लिए हरप्रीत सिंह (13) के साथ 28 गेंद में 35, जितेश शर्मा (नौ) के साथ छठे विकेट के लिए 15 गेंद में 28 और आशुतोष के साथ 17 गेंद में 34 रन जोड़े। मैन ऑफ द मैच बुमराह के अलावा गेराल्ड कोएत्जी ने भी तीन विकेट लिये।



आकाश मधवाल, कप्तान हार्दिक पंड्या और श्रेयस गोपाल को एक-एक सफलता मिली। मुंबई के लिए सूर्यकुमार ने अपनी पारी में सात चौके और तीन छक्के लगाने के साथ अपना 250वां आईपीएल मैच खेल रहे रोहित शर्मा के साथ दूसरे विकेट के लिए 57 गेंद में 81 और तिलक वर्मा के साथ 28 गेंद में 49 रन की साझेदारी की। रोहित ने 25 गेंद की पारी में दो चौके और तीन छक्के लगा कर 36 रन बनाये जबकि तिलक ने 18 गेंद पर नाबाद 34 रन की पारी में दो चौके और इतने ही छक्के मारे।

### लखनऊ के सामने चेन्नई के गेंदबाजों की कठिन चुनौती

**लखनऊ।** लखनऊ सुपर जाइंट्स अपने घरेलू मैदान पर शुक्रवार को इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में उतरेगी तो उसके सामने चेन्नई सुपर किंग्स के धारदार गेंदबाजी आक्रमण का सामना करने की कठिन चुनौती होगी। रुतुराज गायकवाड़ की कप्तानी और महेंद्र सिंह धोनी की प्रेरणा वाली चेन्नई टीम ने पिछले दो मैच जीते हें जबकि केएल राहुल की लखनऊ टीम को लगातार दो पराजय झेलनी पड़ी है। लखनऊ के बल्लेबाज अपेक्षा के अनुरुप प्रदर्शन नहीं कर सके हैं और देखना होगा कि बेहतरीन फॉर्म में चल रहे चेन्नई के गेंदबाजों का सामना वे कैसे करते हैं। यॉर्कर डालने में उस्ताद मथीषा पथिराना को डैथ ओवरों में खेल पाना बहुत मुश्किल है। वहीं मुस्ताफिजुर रहमान के पास कम से कम तीन वैरिएशन हैं। इकाना जैसे स्टेडियम पर जहां गेंद पर पकड़ अच्छी रहती है, रविंद्र जडेजा काफी असरदार साबित हो सकते हैं।

### मुंबई-192/7 (20)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| इशान का बराड़ बो रबाडा | 08 |
| रोहित शर्मा का बराड़ बो कुरेन | 36 |
| सूर्यकुमार का प्रभसिमरन बो कुरेन | 78 |
| तिलक वर्मा नाबाद | 34 |
| पंड्या का बराड़ बो हर्षल | 10 |
| टिम डेविड का कुरेन बो हर्षल | 14 |
| शेफर्ड का शशांक बो हर्षल | 01 |
| मोहम्मद नबी रन आउट (हर्षल) | 00 |

अतिरिक्त: 11
कुल योग : (20 ओवर में सात विकेट पर) 192 रन
विकेट पतन: 1-18, 2-99, 3-148, 4-167, 5-190, 6-192, 7-192
गेंदबाजी: लिविंगस्टोन 2-0-16-0, अर्शदीप 3-0-35-0, रबाडा 4-0-42-1, हर्षल 4-0-31-3, कुरेन 4-0-41-2, बराड़ 3-0-21-0

### पंजाब-183/10 (19.1)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| सैम कुरेन का किशन बो बुमराह | 06 |
| प्रभसिमरन का किशन बो कोएत्जी | 00 |
| राइली रुसो बो बुमराह | 01 |
| लियाम का एवं बो कोएत्जी | 01 |
| हरप्रीत सिंह का एवं बो गोपाल | 13 |
| शशांक का तिलक बो बुमराह | 41 |
| जितेश शर्मा पगबाधा मधवाल | 09 |
| आशुतोष का नबी बो कोएत्जी | 61 |
| बराड़ का नबी बो हार्दिक | 21 |
| हर्षल पटेल नाबाद | 01 |
| रबाडा रन आउट (नबी/ किशन) | 08 |

अतिरिक्त: 21
कुल योग: (19.1 ओवर में सभी आउट) 183
विकेट पतन: 1-10, 2-13, 3-14, 4-14, 5-49, 6-77, 7-111, 8-168, 9-174
गेंदबाजी: कोएत्जी 4-0-32-3, बुमराह 4-0-21-3, मधवाल 3.1-0-46-1, हार्दिक 4-0-33-1, गोपाल 2-0-26-1, शेफर्ड 2-0-20-0

खास खबर

## कैंडिडेट्स शतरंज : गुकेश ने खेला ड्रॉ, प्रज्ञानानंदा और गुजराती हारे



**टोरंटो।** ग्रैंडमास्टर डी गुकेश कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट के 11वें दौर में शीर्ष वरीयता प्राप्त फेबियानो कारुआना से ड्रॉ के बाद संयुक्त दूसरे स्थान पर खिसक गए जबकि भारत के ही आर प्रज्ञानानंदा और विदित गुजराती को पराजय का सामना करना पड़ा। प्रज्ञानानंदा को अमेरिका के हिकारू नकामूरा और गुजराती को रूस के इयान नेपोम्नियाश्चि ने हराया। अन्य मुकाबलों में फ्रांस के फिरोजा अलीरजा ने अजरबैजान के निजात अबासोव को हराया। टूर्नामेंट में अब तीन दौर ही बचे हैं और नेपोम्नियाश्चि लगातार तीसरी बार खिताब के प्रबल दावेदार लग रहे हैं। रूस पर प्रतिबंध लगा होने से वह फिडे के ध्वज तले खेल रहे हैं। उन्होंने 11 में से सात अंक लेकर एकल बढ़त बना ली। कारुआना, नकामूरा और गुकेश उनसे आधा अंक पीछे हैं। प्रज्ञानानंदा के 5.5 और गुजराती के पांच अंक हैं। महिला वर्ग में चीन की झोंग्यी तान को एकल बढ़त मिल गई है जबकि उनकी हमवतन टी लेइ दूसरे स्थान पर हैं। भारत की आर वैशाली ने शीर्ष वरीयता प्राप्त रूस की अलेक्जेंड्रा गोरियाश्किना को हराया जबकि कोनेरू हम्पी ने बुल्गारिया की नूरगुल सलीमोवा को मात दी।

## बीसीसीआई ने 12,000 कैंसर और थैलेसीमिया रोगियों की मेजबानी की


**अहमदाबाद।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने बुधवार को यहां गुजरात टाइटंस और दिल्ली कैपिटल्स के बीच खेले गए इंडियन प्रीमियर लीग मैच के दौरान 12,000 कैंसर और थैलेसीमिया रोगियों की 'विशेष आमंत्रित' के रूप में मेजबानी की। कैंसर और थैलेसीमिया के बारे में जागरुकता बढ़ाने के अभियान में बीसीसीआई सचिव जय शाह ने रक्त दाताओं और रक्तदान शिविर आयोजकों के साथ "विशेष आमंत्रितों" का स्वागत किया। बताया गया, 'यह असाधारण पहल कैंसर और थैलेसीमिया से पीड़ित लोगों के सामने आने वाली चुनौतियों के बारे में जागरुकता बढ़ाने में काफी मददगार होगी। इससे लोगों ने मौज-मस्ती और मनोरंजन के एक बेहद जरूरी दिन का अनुभव किया। लोगों के चेहरों पर खुशी साफ देखी जा सकती थी और वे अपनी पसंदीदा टीमों का उत्साह बढ़ा रहे थे।

## छह साल की उम्र में तक्षवी वघानी ने रचा इतिहास, स्केटिंग में बनाया विश्व रिकॉर्ड

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

- गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में नाम दर्ज
- लोएस्ट लिम्बो स्केटिंग में 25 मीटर की दूरी तय की

अहमदाबाद की तक्षवी वघानी ने छह वर्ष की उम्र में ऐसा कारनामा कर डाला है जिससे उनकी चर्चा भारत ही नहीं पूरे विश्व में हो रही है। उन्होंने छोटी सी आयु में कुछ ऐसा किया जिससे उनका नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज हो गया। तक्षवी ने लोएस्ट लिम्बो स्केटिंग में 25 मीटर से अधिक का विश्व रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। इसी के साथ उन्होंने न सिर्फ अपना नाम रोशन किया बल्कि पूरे देश को गौरवान्वित किया। तक्षवी ने लोएस्ट लिम्बो स्केटिंग में कमाल करते हुए अपना नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज कराया है। इसकी पुष्टि करते हुए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड ने एक वीडियो साझा किया है जिसमें छह साल की तक्षवी को स्केटिंग करते देखा जा रहा है। वीडियो पोस्ट करते हुए लिखा गया, '25 मीटर से अधिक की लोएस्ट लिम्बो स्केटिंग।' पिछले साल 10 मार्च को यह रिकॉर्ड ब्रेकिंग उपलब्धि हासिल की गई थी।



### घुटने की चोट के कारण मुरली ओलंपिक से बाहर

**नई दिल्ली।** लंबी कूद के दिग्गज खिलाड़ी मुरली श्रीशंकर ट्रेनिंग के दौरान घुटने की चोट के कारण पेरिस ओलंपिक से बाहर हो गए हैं और उन्हें सर्जरी करानी पड़ेगी जिसके कारण वह पूरे 2024 सत्र में नहीं खेल पाएंगे। एशियाई खेलों और राष्ट्रमंडल खेलों के रजत पदक विजेता श्रीशंकर ने 2023 एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 8.37 मीटर के प्रयास से रजत पदक जीतते हुए पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया था। इस 25 वर्षीय खिलाड़ी को शंघाई/सुझोउ और दोहा में क्रमशः 27 अप्रैल और 10 मई को लगातार दो डाइमंड लीग प्रतियोगिता के साथ अपने सत्र की शुरुआत करनी थी लेकिन मंगलवार को ट्रेनिंग के दौरान उन्हें चोट लगी और उनका ओलंपिक में हिस्सा लेने का सपना टूट गया। श्रीशंकर ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, 'दुर्भाग्य से, यह बुरे सपने की तरह लगता है लेकिन यह हकीकत है, मेरा पेरिस ओलंपिक का सपना टूट गया है।'

## चमारी 195 रन पर नाबाद, महिला क्रिकेट में सर्वोच्च स्कोर बनाने वाली तीसरी खिलाड़ी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

श्रीलंका महिला क्रिकेट टीम के खिलाफ कप्तान चमारी अट्टापट्टू ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ नाबाद 195 रन की पारी खेलकर वनडे क्रिकेट में नया इतिहास रच दिया। वह श्रीलंका की पहली महिला क्रिकेटर बनीं, जिन्होंने टीम के सर्वाधिक व्यक्तिगत स्कोर बनाया। इसके अलावा महिला वनडे क्रिकेट में तीसरी सर्वाधिक व्यक्तिगत रन बना बनाने वाली खिलाड़ी बनीं। चमारी अट्टापट्टू ने भारत की ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा का रिकॉर्ड ध्वस्त कर दिया।

श्रीलंका की महिला टीम और दक्षिण अफ्रीका की महिला टीम के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज का आखिरी मुकाबला 17 अप्रैल को खेला गया। बुधवार को खेले गए मुकाबले में 6 विकेट के साथ जीत दर्ज श्रीलंका ने वनडे सीरीज 1-1 से बराबर कर ली। साउथ अफ्रीका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए लौरा वोलवार्ड के नाबाद 184 रन की मदद से 302 रन बनाए थे। श्रीलंका टीम की कप्तान ने ऐतिहासिक पारी खेलते हुए यह टारगेट हासिल कर लिया।



### वनडे में सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर

| खिलाड़ी | रन | खिलाफ | वर्ष |
|---|---|---|---|
| अमेलिया केर | 232* | आयरलैंड | 2018 |
| बेलिंडा क्लार्क | 229* | डेनमार्क | 1997 |
| चमारी अट्टापट्टू | 195* | द.अफ्रीका | 2024 |
| दीप्ति शर्मा | 188 | आयरलैंड | 2017 |
| लौरा वोलवार्ड | 184* | श्रीलंका | 2024 |

## भारत के 17 पहलवान आज से एशिया क्वालीफायर में लेंगे भाग

# पेरिस ओलंपिक कोटा हासिल करने की चुनौती

एजेंसी ▶▶ बिश्केक

भारत के 17 पहलवान शुक्रवार से यहां शुरू हो रहे एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर के जरिए पेरिस खेलों का कोटा हासिल करने के लिए चुनौती पेश करेंगे। इस प्रतियोगिता में फ्रीस्टाइल, महिला और ग्रीको-रोमन में कुल 36 कोटा स्थान दांव पर होंगे।

भारतीय पहलवान सिर्फ एक स्पर्धा को छोड़कर सभी भार वर्ग में कोटा हासिल करने की कोशिश करेंगे। महाद्वीपीय क्वालीफायर में स्वर्ण पदक, रेपेचेज या कांस्य पदक के लिए मुकाबला नहीं होगा। प्रत्येक ओलंपिक भार वर्ग में दोनों सेमीफाइनल के विजेता पेरिस खेलों में अपने देशों के लिए कोटा अर्जित करेंगे।



### विनेश के प्रदर्शन पर नजरें

उन्नीस साल की अंतिम पंघाल ने सर्बिया के बेलग्रेड में 2023 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीत कर भारत के लिए महिलाओं के 53 किग्रा में पहले ही कोटा स्थान पक्का कर लिया है। महिला वर्ग में अब विनेश (50 किग्रा), रीतिका हुड्डा (76 किग्रा), मौजूदा अंडर-23 विश्व चैंपियन अंशु (57 किग्रा), मानसी (62 किग्रा) और निशा (68 किग्रा) के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का समय आ गया है।भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष बृज भूषण शरण सिंह के खिलाफ भारतीय पहलवानों के विरोध का प्रमुख चेहरा रही विनेश के प्रदर्शन पर सबसे ज्यादा नजरें रहेंगी।

### पुरुष वर्ग से मजबूत दावेदार

पुरुषों के फ्रीस्टाइल वर्ग में, अमन सहरावत (57 किग्रा) कोटा हासिल कर सकते हैं। उनके अलावा सुजीत पर भी नजर रहेगी। वह बाद 65 किग्रा वर्ग में चुनौती का नेतृत्व कर रहे हैं। तोक्यो में पदक जीतने से चूके दीपक पूनिया (86 किग्रा) से यहां कोटा तय करने के मजबूत दावेदार है तो वहीं जयदीप (74 किग्रा), दीपक (97 किग्रा) और सुमित (125 किग्रा) भी अपना सर्वश्रेष्ठ खेल दिखा कर भारत के लिए कोटा हासिल करने में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहेंगे। ग्रीको-रोमन में सुमित (60 किग्रा), आशु (67 किग्रा), विकास (77 किग्रा), सुनील (87 किग्रा), नितेश (97 किग्रा) और नवीन (130 किग्रा) पर देश के लिए कोटा हासिल करने का दारोमदार होगा।

## कोको ने क्वार्टर फाइनल में बनाई जगह, जीती राडुकानू

एजेंसी ▶▶ स्टटगार्ट



अमेरिका की कोको गॉ ने हमवतन साचिया विकेरी को 6-3, 4-6, 7-5 से हराकर पोर्शे ग्रां प्री टेनिस के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। विश्व रैंकिंग में 134वें स्थान पर काबिज विकेरी ने 19 ब्रेक प्वाइंट बनाए लेकिन सात को ही भुना सकी। दुनिया की तीसरे नंबर की खिलाड़ी गॉ ने मैच में 15 दोहरी गलतियां कीं लेकिन तीसरे सेट में पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए जीत दर्ज की।

पहले दौर में गॉ को बाय मिला था। अब उनका सामना झेंग किनवेन और मार्टा कोस्टियुक के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा। दूसरी वरीयता प्राप्त एरिना सबालेंका भी अगले दौर में पहुंच गई जब उनकी करीबी मित्र और प्रतिद्वंद्वी पाउला बाडोसा तीसरे सेट में स्कोर 3-3 पर रहने के बाद पैर की चोट के कारण रिटायर हो गईं। उस समय दोनों ने एक एक सेट जीत रखा था। एम्मा राडुकानू ने एंजेलिक कर्बर को पहले दौर में 6-2, 6-1 से हराया। वहीं ओंस जबाउर ने रूस की एकातेरिना अलेक्जेंड्रोवा को 2-6, 6-3, 7-6 से मात दी। अब उनका सामना इटली की जैस्मीन पाओलिनी से होगा।




# चांदीपुर की धरती से आसमान की ओर 'स्वदेशी क्रूज मिसाइल', दुश्मनों में खौफ



एजेंसी ▸▸ भुवनेश्वर

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन यानी डीआरडीओ ने गुरुवार को एक और सफलता हासिल कर ली है। डीआरडीओ ने ओडिशा के तटीय क्षेत्र एकीकृत परीक्षण रेंज चांदीपुर से स्वदेशी प्रौद्योगिकी क्रूज मिसाइल का सफल परीक्षण किया। डीआरडीओ ने एक बयान में बताया कि परीक्षण के दौरान सभी उपप्रणालियों ने अपेक्षा के मुताबिक प्रदर्शन किया।

मिसाइल के परीक्षण के दौरान एकीकृत परीक्षण रेंज द्वारा अलग-अलग जगहों पर सेंसर तैनात थे, जिसमें रडार, इलेक्ट्रो-ऑप्टिकल ट्रैकिंग सिस्टम और टेलीमेट्री ने मिसाइल को मॉनीटर किया। क्रूज मिसाइल परीक्षण की निगरानी भारतीय वायु सेना के सुखाई-30-एमके-वन विमान ने की।

- *स्वदेशी प्रौद्योगिकी क्रूज मिसाइल का सफल परीक्षण*
- *सुखाई-30-एमके-वन विमान ने की परीक्षण की निगरानी*
- *मिसाइल की लॉन्चिंग ओडिशा के तटीय क्षेत्र चांदीपुर से की गई*
- *डीआरडीओ प्रयोगशाला में किया गया था*

### डीआरडीओ ने विकसित की मिसाइल

मिसाइल को उन्नत एवियोनिक्स और सॉफ्टवेयर से लैस किया गया है। मिसाइल को बेंगलुरु स्थित डीआरडीओ प्रयोगशाला एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एस्टेब्लिशमेंट (एडीई) सहित अन्य प्रयोगशालाओं और भारतीय उद्योगों के साथ संयुक्त रूप से विकसित किया गया है।

### रक्षा मंत्री और ओडिशा के सीएम ने दी शुभकामनाएं

*रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आईटीसीएम के सफल उड़ान परीक्षण के लिए डीआरडीओ को बधाई दी। उन्होंने कहा कि स्वदेशी प्रणोदन प्रणाली द्वारा संचालित स्वदेशी लंबी दूरी की सबसोनिक क्रूज मिसाइल का सफल परीक्षा डीआरडीओ के लिए एक मील का पत्थर है। वहीं, ओडिशा के सीएम नवीन पटनाक ने भी डीआरडीओ को बधाई दी है। रक्षा विभाग के आरएंडडी सचिव और डीआरडीओ के अध्यक्ष समीर वी कामत ने लॉन्चिंग की सफलता के लिए डीआरडीओ की पूरी टीम को बधाई दी है।*

## दुबई के मौसम का मिजाज रोज बदल रहा, 23 सेकंड का वीडियो वायरल

# बारिश के बाद दुबई में दिखा अदभुत नजारा देखते ही देखते हरा हो गया आसमान का रंग

*दुबई के मौसम का मिजाज रोज बदलता हुआ दिख रहा है। जहां पिछले दिनों भारी बारिश के बाद बाढ़ की स्थिति पैदा हो गई। वहीं अब तूफान से जुड़ा हुआ ऐसा वीडियो सामने आया है। दुबई का पूरा आसमान नीले से हरे रंग में रंग गया।*

एजेंसी ▸▸ दुबई

पिछले कुछ दिनों से दुबई के मौसम में कई बदलाव देखने को मिल रहे हैं। जहां 75 वर्षों में सबसे भारी बारिश ने शहर को जलमग्न कर दिया जिसके बाद देश जैसे थम सा गया। भारी बारिश के बाद कई उड़ानें रद्द कर दी गईं और स्कूल बंद कर दिए गए। कई ऐसे फोटो और वीडियो सामने आए जिसमें पानी से लबालब भरी सड़कें देखने को मिली। एक सोशल मीडिया एक्स यूजर ने 23 सेकंड का एक वीडियो शेयर किया।

इस वीडियो का कैप्शन के साथ साझा किया जिसमें लिखा है, 'दुबई में आसमान हरा हो गया! दुबई में आए तूफान की यह वास्तविक फुटेज है।' दुबई में आसमान का इस तरह हरा हो जाना कोई मामूली बात नहीं है। इसके पीछे वैज्ञानिक कारण होते हैं। इसको लेकर पिछले साल फॉक्स न्यूज द्वारा प्रकाशित एक आर्टिकल के में बताया गया था कि यह तब होता है जब वायुमंडल द्वारा बिखरी हुई रोशनी बादलों में बर्फ की बूंदों को रोशन करती है।

### दुबई में आई बाढ़ की वजह को क्लाउड सीडिंग से जोड़ा जा रहा है

**नीले के बदले हरे रंग में रंगा पूरा आसमान** | **दुबई के मौसम में हुआ अनोखा बदलाव**



### दुबई के बाद ईरान में बिगड़ा मौसम

दुबई के बाद ईरान और अफगानिस्तान के कई हिस्सों में चक्रवाती हवाएं चलने लगी हैं, जिसका असर उत्तर भारत के एक हिस्से पर पड़ने वाला है। जबकि पहाड़ी हिस्सों पर बर्फबारी का भी अनुमान है। इस दौरान 60 से 70 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलेंगी। उत्तर भारत के अलावा नॉर्थ-ईस्ट की हिमालयन रेंज पर भी पड़ने वाला है। तेज हवाओं के साथ बारिश और ऊंची जगह पर बर्फबारी का अनुमान है।

### भारत से दुबई के लिए उड़ानें रद्द

दुनिया के सबसे व्यस्त एयरपोर्ट में शामिल संयुक्त अरब अमीरात के दुबई में भारी बारिश के कारण वहां का अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा भी प्रभावित हुआ है। मौसम की इस बेरूखी को देखते हुए भारत की एयर इंडिया और इंडिगो ने अपनी उड़ानें फिलहाल रद्द कर दी हैं। इनके अलावा के अलावा एयर इंडिया एक्सप्रेस, विस्तारा एयरलाइंस और स्पाइसजेट भी दुबई के लिए अपनी उड़ानों का संचालन करती हैं। वैकल्पिक विकल्प या पूर्ण रिफंड का विकल्प चुनने के लिए 24*7 संपर्क केंद्र 91 116 932 9333 या 91 116 932 9999 पर संपर्क करें।

### हेल्पलाइन नंबर जारी

दुबई में 75 वर्षों की सबसे बड़ी बाढ़ आने के बाद भारत ने अपने लोगों के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किया है। वहां फंसे भारतीयों की मदद के लिए हेल्पलाइन नंबर +971501205172, +971569950590, +971507347676, +971585754213... जारी किया है। दुबई में स्थित भारतीय कंसुलेट जनरल ऑफ इंडिया ने आधिकारिक बयान में कहा है कि हम फंसे हुए यात्रियों की सुविधा के लिए यूएई अधिकारियों और एयरलाइंस के संपर्क में हैं।

### क्या है क्लाउड सीडिंग?

दुबई में एक दिन में एक साल जितनी बारिश दर्ज की गई है। इतनी ज्यादा बारिश के पीछे का कारण क्लाउड सीडिंग को माना जा रहा है। क्लाउड सीडिंग एक आर्टिफिशियल बारिश कराने का एक तरीका है। क्लाउड सीडिंग की शुरुआत ऑस्ट्रेलिया के बाथुर्स्ट स्थित जनरल इलेक्ट्रिक लैब में फरवरी 1947 में हुआ था। अमेरिका के न्यूयॉर्क में 1940 के दशक में इसका इस्तेमाल किया गया था। वहीं, चीन और कई और देशों ने इसका इस्तेमाल किया। 1952 में भारत में इसका पहली बार परीक्षण किया गया।

## नेवी चीफ हरिकुमार ने स्पेस सेक्टर को सराहा

# चुनौतियों के बावजूद भारतीय वैज्ञानिकों ने अंतरिक्ष अभियानों में 'बढ़त' हासिल की

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



नेवी चीफ एडमिरल आर हरि कुमार ने जोर दे कहा कि स्पेस सेक्टर में असख्य चुनौतियों और तकनीक की कमी के बावजूद भारतीय वैज्ञानिकों ने साबित किया है कि देश अंतरिक्ष की रेस में बढ़त हासिल कर सकता है। नेवी चीफ नई दिल्ली में इंडियन डिफेंस सिंपोजियम 2024 के दौरान बोलते हुए ये बातें कही। उन्होंने कहा कि एलन मस्क की भारत यात्रा के बाद अब यह सोचना कोई रॉकेट साइंस नहीं लगता कि भारत अमृत काल की ओर बढ़ रहा है। हमारा स्पेस सेक्टर इस यात्रा का नेतृत्व कर रहा है।

### मिलकर काम करने की जरूरत

डीआरडीओ के अध्यक्ष समीर बी कामत ने कहा कि हमें अंतरिक्ष क्षेत्र में रक्षा बलों के लिए प्रौद्योगिकियों को विकसित करने के मामले में मिलकर काम करने की जरूरत है। वायुसेना के डीजी एयर ऑपरेशंस एयर मार्शल सूरत सिंह ने कहा कि स्पेस सेक्टर का दायरा जमीन, आकाश और पानी तीनों क्षेत्रों में फैला हुआ है।

### सुरक्षा में भी भूमिका

एडमिरल कुमार ने कहा कि भारत का अंतरिक्ष अभियान देश के विकास के साथ-साथ सुरक्षा में भी अहम भूमिका निभाता है। रक्षा अंतरिक्ष एजेंसी की स्थापना राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए अंतरिक्ष का लाभ उठाने के लिए सशस्त्र बलों की प्रतिबद्धता को जाहिर करती है।

# चीन बोला- राजनयिक और सैन्य चैनलों से बातचीत जारी

एजेंसी ▸▸ बीजिंग



चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने कहा है कि चीन और भारत ने सीमा गतिरोध को हल करने की दिशा में सकारात्मक प्रगति की है। राजनयिक और सैन्य चैनलों के माध्यम से दोनों पक्षों के बीच गहन संवाद जारी है। चीनी विदेश मंत्रालय की टिप्पणी पीएम मोदी के बयान पर आई है। पीएम मोदी ने कहा था कि भारत के लिए चीन के साथ संबंध महत्वपूर्ण हैं। सीमा की स्थिति का तत्काल समाधान किया जाना चाहिए। पिछले कुछ दिनों में यह दूसरा मौका है जब चीन ने मोदी के साक्षात्कार पर प्रतिक्रिया दी है।

# चीन ने बनाया अमेरिकी अपाचे की टक्कर का हेलीकॉप्टर!

**हांगकांग।** चीन की हेलीकॉप्टर निर्माता कंपनियों ने हाल ही में पीपुल्स लिबरेशन आर्मी के लिए हैवी अटैक हेलीकॉप्टर बनाया है। यह हेलीकॉप्टर अमेरिका के एएच-64 अपाचे हेलीकॉप्टर के मुकाबले में तैयार किया गया है। इस हेलीकॉप्टर को जनवरी से टेस्ट किया जा रहा है। फिलहाल इस हेलीकॉप्टर को आधिकारिक रूप से कोई नाम नहीं दिया गया है। जर्मन विशेषज्ञ एंड्रियास रूपरेट ने इस नए अटैक हेलीकॉप्टर पर हैरानी जताई है। इस हेलीकाप्टर की डिजाइनिंग में अमेरिकी अपाचे की तरह उड़ने और मोड़ने में सुविधाजनक बनाने की कोशिश की गई है। इसे सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलों के खतरे से बचाने के लिए डिजाइन किया गया है।

# जेल से बोले इमरानः सेना प्रमुख को छोड़ूंगा नहीं

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के संस्थापक और जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने अपनी पत्नी बुशरा बीबी की गिरफ्तारी के लिए आर्मी चीफ जनरल मुनीर को जिम्मेदार ठहराया है। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए इमरान ने आर्मी चीफ को धमकी दी है। उन्होंने कहा कि बुशरा की गिरफ्तारी के पीछे सीधे तौर पर जनरल मुनीर का हाथ है। अगर मेरी पत्नी को कुछ भी हुआ तो मैं आर्मी चीफ जनरल मुसीर को नहीं छोड़ूंगा। जब तक मैं जिंदा रहूंगा। उसके सारे गैरकानूनी और असंवैधानिक कामों का पर्दाफाश करता रहूंगा।

## पुणे स्थित बंगले समेत 98 करोड़ की संपत्ति जब्त

# शिल्पा शेट्टी और राज कुंद्रा पर ईडी ने कसा शिकंजा, छापे मारे

एजेंसी ▸▸ पुणे

अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी और उनके पति अभिनेता-बिजनेसमैन राज कुंद्रा के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बड़ा एक्शन लिया है। ईडी ने गुरुवार को शिल्पा शेट्टी और राज कुंद्रा की 98 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की है। ईडी की ओर से यह एक्शन 6600 करोड़ रुपए के बिटकॉइन पोंजी घोटाले के मामले में लिया गया है। प्रवर्तन निदेशालय ने कहा कि उसने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जांच के तहत अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी और उनके पति राज कुंद्रा के पुणे स्थित बंगले और इक्विटी शेयरों सहित करीब 98 करोड़ रुपए की संपत्ति जब्त की है। यह मामला बिटकॉइन के इस्तेमाल के जरिए निवेशकों के पैसे से धोखाधड़ी से संबंधित है।



### प्रमोटरों ने निवेशकों को दिया धोखा

*ईडी ने महाराष्ट्र पुलिस और दिल्ली पुलिस की तरफ से वन वेरिएबल टेक पीटीई लिमिटेड और आरोपी दिवंगत अमित भारद्वाज समेत अन्य के मामले में जांच शुरू की थी। ईडी ने आरोप लगाया कि प्रमोटरों ने निवेशकों को धोखा दिया और गलत तरीके से प्राप्त बिटकॉइन को अस्पष्ट ऑनलाइन वॉलेट में छिपा रहे हैं। शिल्पा शेट्टी बॉलीवुड की चर्चित अभिनेत्री हैं।*

## मस्क को अमेरिका का भी समर्थन

## वॉशिंगटन भी चाहता है कि यूएन में सुधार

# यूएनएससी में भारत को भी मिलनी चाहिए जगह

एजेंसी ▸▸ वॉशिंगटन

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत के स्थाई सीट के मुद्दे को लेकर टेस्ला के सीईओ एलन मस्क के विचारों पर अमेरिकी सरकार ने सकारात्मक प्रतिक्रिया दी है। मस्क ने जनवरी में कहा था कि भारत का सुरक्षा परिषद के स्थाई सदस्यों न होना अजीब बात है। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रधान उप प्रवक्ता वेदांत पटेल ने कहा कि हम निश्चित रूप से सुरक्षा परिषद सहित संयुक्त राष्ट्र संस्था में सुधारों का समर्थन करते हैं। जिसमें हम रह रहे हैं उसमें 21वीं सदी के लिए क्या कदम उठाने हैं।

### एलन मस्क ने भारत के न होने को बेतुका बताया था



एलन मस्क ने कहा था कि यह 'बेतुका' है कि पृथ्वी पर सबसे अधिक आबादी वाला देश होने के बावजूद भारत के पास संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थायी सीट नहीं है। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र के अंगों में आमूलचूल बदलाव का आह्वान किया है। मस्क की यह टिप्पणी संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस द्वारा यूएनएससी के स्थायी सदस्यों की सूची से किसी भी अफ्रीकी देश की अनुपस्थिति पर चिंता जताने के बाद आई थी।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109